जबलपुर
शुक्रवार 27 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-10
वर्ष : 20, अंक : 299
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 27
न्यून. 12

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

सीबीएसई ने लागू किया कक्षा 6 से नया थ्री-लैंग्वेज सिस्टम

## पढ़नी होंगी दो भारतीय भाषाएं अब इंग्लिश होगी विदेशी भाषा




**नई दिल्ली।** देशभर के सीबीएसई स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए बड़ी खबर है। 2026-27 सेशन से सीबीएसई, नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 और नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन की सिफारिशों को लागू करने जा रहा है।

---

आठवीं की किताब पर विवाद मामले में एनसीईआरटी ने मांगी माफी

# शीर्ष कोर्ट बोला: माफी मांगने से काम नहीं चलेगा ये गहरी साजिश, जिम्मेदारी तय हो, छोड़ेंगे नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली


जस्टिस सूर्यकांत

एनसीईआरटी क्लास 8 की टेक्स्ट बुक के चैप्टर 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बीते दिनों स्वतः संज्ञान लिया है। गुरुवार को शीर्ष न्यायालय की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जे बागची और जस्टिस पंचोली की बेंच ने एनसीआरटी डायेक्टर और शिक्षा सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अगली सुनवाई 11 मार्च को की जाएगी। सीजेआई की नाराजगी जताने के बाद एनसीईआरटी ने किताब वापस ले ली है। इसके साथ ही काउंसिल ने बिना शर्त माफी भी मांगी है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि ये न्यायपालिका की गरिमा को कम करने के लिए एक सोचा समझा कदम है। मैं न्यायपालिका का मुखिया होने के नाते जब तक संतुष्ट नहीं हो जाता है तब तक इस की सुनवाई जारी रहेगी। कोर्ट में सुनवाई के दौरान एनसीईआरटी की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सबसे पहले, हम बिना शर्त माफी मांगते हैं।

सीजेआई सूर्यकांत की नाराजगी के बाद एनसीईआरटी ने किताब वापस ली


फाइल फोटो

### 32 किताबों को बाजार से वापस लिया जा रहा

सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि जिम्मेदार लोगों को आगे ऐसे काम में नहीं लाया जाएगा। 32 किताबें मार्केट में आईं, उन्हें वापस लिया जा रहा है। एक टीम पूरे चैप्टर को फिर से देखेगी। पेंडेंसी के बारे में एक और हिस्सा है, टाइटल है 'जस्टिस डिले इज जस्टिस डिनाइड'...हम यह नहीं सिखा सकते कि जस्टिस डिनाइड (न्याय नहीं मिला) है। सीजेआई ने इस पर कहा कि आपने तो बहुत हल्के में छोड़ दिया। उनके (जिम्मेदार) धनुष से बाण निकला और आज ज्यूडिशियरी खून से लथपथ है। किताब मार्केट में अवेलेबल है, मुझे भी सोर्स से एक कॉपी मिली है।

### शिक्षा मंत्री की सख्त टिप्पणी कहा- जवाबदेही तय होगी



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान साफ कहा कि जो कुछ हुआ उससे उन्हें गहरा दुख है और सरकार या शिक्षा मंत्रालय की ओर से न्यायपालिका का अपमान करने की कोई मंशा नहीं थी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अदालत के निर्देशों का पूरी तरह पालन किया जाएगा और जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई भी होगी। मंत्री ने स्पष्ट किया कि अध्याय तैयार करने में शामिल लोगों की जवाबदेही तय की जाएगी ।

---




### टी20 वर्ल्डकप: भारत सेमीफाइनल से एक जीत दूर जिम्बाब्वे को 72 रन से हराया

**चेन्नई।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 पहली जीत हासिल की है। टीम इंडिया ने गुरुवार के दूसरे मैच में जिम्बाब्वे को 72 रन से हराया। इसी के साथ सुपर-8 ग्रुप-1 से साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंच गई है। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। इंडिया ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 256 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 184 रन ही बना सकी। हार्दिक पंड्या प्लेयर ऑफ द मैच रहे। (विस्तृत खेल पेज 13 पर)

### 1 से सिम कार्ड के बिना नहीं चलेगा वाट्सएप



**नई दिल्ली।** वॉट्सएप का इस्तेमाल करने वालों के लिए बड़ी खबर है। गुरुवार को केंद्र सरकार ने साफ कहा है कि सिम बाइंडिंग के नियमों को लागू करने की 28 फरवरी की डेडलाइन को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। इसके बाद अब नए नियमों के तहत मोबाइल में सिम कार्ड न होने पर वाट्सएप, टेलीग्राम, सिग्नल, स्नैपचैट, शेयरचैट, जियोचैट, अराटाई और जोश जैसे मैसेजिंग एप नहीं चलेंगे। इतना ही नहीं अगर आपने कंप्यूटर पर वॉट्सएप लॉगिन किया हुआ है तो ये भी 6 घंटे में लॉगआउट हो जाएगा।

### सैमसंग के सस्ते स्मार्टफोन होंगे एआई तकनीक से लैस

**सैन फ्रांसिस्को।** दिग्गज उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने कहा है कि वह कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी को अब अपने सस्ते स्मार्टफोन में मुहैया कराने जा रही है, ताकि आम उपभोक्ताओं को भी एआई सुविधाओं के लाभ मिल सकें। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने तीसरी पीढ़ी की गैलेक्सी एआई सीरीज़ का प्रीमियम स्मार्टफोन 'एस26' पेश करने के मौके पर बुधवार को यह जानकारी दी। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू पुल्लन ने कहा कि कंपनी एआई फीचर को अब अपने सबसे सस्ते मॉडल तक ले जा रही है।

---

भीलवाड़ा में 'इन्टरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटिज़ इन एमपी' में बोले सीएम

# उद्योग विभाग की कमान मेरे हाथ अब नहीं आएगी कोई भी दिक्कत

*सीएम ने कहा कि हमारी सरकार बड़े निवेश प्रस्तावों पर रियायतें दे रही है। हम छोटे-बड़े सभी निवेशकों को अपनी नीतियों से लाभान्वित भी कर रहे हैं*



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में निवेश को लेकर सरकार ने व्यापक रणनीति बनाई है। इसी को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को राजस्थान के भीलवाड़ा पहुंचे थे। देश-विदेश में उद्योगपतियों को निवेश के लिए आमंत्रित करने के बाद मुख्यमंत्री का भीलवाड़ा दौरा काफी अहम रहा है। उन्होंने निवेशकों से कहा कि राज्य के उद्योग विभाग की कमान उन्होंने स्वयं ले ली हैं, जिससे प्रदेश में औद्योगीकरण को बढ़ाने में कोई कठिनाई न आए और सभी मुद्दे सरलता के साथ समय रहते हल हो जाएं। मप्र सरकार ने औद्योगिक नीतियों को सरल बनाया है। इससे निवेश और उद्योगों की स्थापना में तेजी आई है।

मुख्यमंत्री ने निवेश करने के लिए निवेशकों को किया आमंत्रित



**मुख्यमंत्री को मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर, अंगवस्त्रम एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया**

***सीएम बोले- हम सब अपनी वणिक युक्ति, बुद्धि और क्षमता से औद्योगिक विकास का नया अध्याय लिखेंगे***

### निवेशकों के लिए सशक्त आधार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लंबे समय से मप्र और राजस्थान का सहोदर जैसा रिश्ता रहा है। पद्म विभूषण से सम्मानित राजस्थान के स्व. घनश्याम दास बिड़ला ने उज्जैन जिले के नागदा में ग्रेसिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि राजस्थान के मारवाड़ और मेवाड़ के कारोबारियों में व्यापार-व्यवसाय की कुशलता अद्भुत है। भीलवाड़ा की समृद्ध वस्त्र विरासत से जुड़कर मप्र भी अनेकानेक संभावनाओं को तलाश कर बढ़ते हुए राजस्थान के साथ अपनी दीर्घकालिक भागीदारी करना चाहता है। हम सब मिलकर अपनी वणिक युक्ति, बुद्धि और क्षमता से इस क्षेत्र के औद्योगिक विकास का नया अध्याय लिखेंगे।

---

### मनेरी सामूहिक हत्याकांड के दोषी को फांसी की सजा

**मंडला।** जिले के मनेरी ग्राम में जघन्यतम सामूहिक हत्याकांड मामले में अपर सत्र न्यायालय मंडला ने आरोपी को फांसी की सजा सुनाई है। उक्त सामूहिक हत्याकांड में वर्ष 2020 में मनेरी के चर्चित भाजपा नेता और परिवार के दो मासूमों सहित छः लोगों की हत्या हुई थी जबकि पांच अन्य लोग घायल हुए थे। न्यायालय ने गत 15 जुलाई 2020 दिन बुधवार को मंडला के मनेरी ग्राम हत्याकांड के दो आरोपियों में से एक जीवित हरी उर्फ़ हरीश सोनी को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। उक्त घटना के दौरान मौके पर पहुंची पुलिस पर भी आरोपियों ने हमला किया था, और जवाबी पुलिस की कार्रवाई में एक आरोपी की मौत हुई थी, जबकि दूसरे आरोपी को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया था, और तभी से आरोपी मंडला कारावास में था। मीडिया प्रभारी अभियोजन जिला मंडला द्वारा 26/02/2026 को दी गई जानकारी अनुसार उक्त हत्याकांड के आरोपी हरी उर्फ हरीश सोनी को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। थाना बीजाडांडी के अपराध क्रमांक 106/2020 पर संस्थित सत्र प्रकरण क्रमांक 81/2020 के आरोपी हरीश सोनी पिता सुंदर लाल सोनी निवासी ग्राम मनेरी थाना बीजाडांडी मामले की सुनवाई करते हुये विद्वान न्यायाधीश प्रवीण कुमार सिन्हा ने यह निर्णय दिया।

---

मंत्रालय में अधिकारियों की हाजिरी पर पैनी नजर, सीएम ने दिए सख्त निर्देश

# वल्लभ भवन से सतपुड़ा तक किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश की प्रशासनिक कार्यप्रणाली में अनुशासन लाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के भोपाल से बाहर दौरे पर होने के बावजूद, सीएम के निर्देशों पर गुरुवार सुबह राजधानी के प्रमुख सरकारी कार्यालयों में छापामार कार्रवाई की गई। इस औचक निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी कर्मचारी और अधिकारी अपनी ड्यूटी के प्रति गंभीर हैं या नहीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनहित ही सर्वोपरि के संकल्प के साथ प्रशासन में कसावट लाने में जुट गए हैं। मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया है कि सरकारी दफ्तरों में आने वाली जनता को अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण परेशान नहीं होना पड़ेगा। इसी कड़ी में गुरुवार को सामान्य प्रशासन विभाग और मुख्यमंत्री सचिवालय की संयुक्त टीमों ने सुबह ठीक 10 बजे वल्लभ भवन, सतपुड़ा और विंध्याचल भवन के गेटों और विभागों में जांच टीमें तैनात कर दी गईं। जो कर्मचारी समय पर अपनी कुर्सी पर नहीं मिले, उनके खिलाफ रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

***दैर से आने और जल्दी जाने वाले अधिकारियों पर नजर***



### सुबह 10 से शाम 6 तक ड्यूटी का नया पैमाना

सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सुबह 10:00 बजे अनिवार्य रूप से कार्यालय पहुंचना होगा। शाम 6:00 बजे तक कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी। बीच के समय में अनधिकृत रूप से गायब रहने वाले या बार-बार बाहर जाने वाले कर्मचारियों की ट्रैकिंग की जाएगी।

---

स्वास्थ्य विभाग पर लगाए गंभीर आरोप

# टीका लगने के बाद 2 बच्चों की तबीयत बिगड़ी, एक की मौत

### सीएमएचओ ने आरोपों को नकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



जिले में एक आंगनबाड़ी केंद्र पर टीकाकरण के बाद दो बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। टीका लगने के करीब एक घंटे बाद दोनों बच्चों को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। इलाज के दौरान 10 माह के एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि डेढ़ साल का दूसरा बच्चा अस्पताल में भर्ती है। मामला बिलपांक थाना क्षेत्र के नयाखेड़ा गांव की आंगनबाड़ी केंद्र का है। यहां मंगलवार दोपहर बच्चों को टीके लगाए गए थे। गांव के धर्मेंद्र मालवीय के 10 माह के बेटे प्रियांशु और देवीलाल मालवीय के डेढ़ साल के बेटे नित्यांशु सहित कुल चार बच्चों को टीकाकरण किया गया था। बुधवार रात 10 माह के बच्चे की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि सरकारी अस्पताल में टीका लगवाने के बाद 2 बच्चों की तबीयत बिगड़ी थी, जिसमें 10 महीने के मासूम प्रियांशु मालवीय की मौत हो गई। सीएमएचओ डॉक्टर संध्या बेलसेरे ने बताया कि किसी भी बच्चे को टीका लगाए जाने के बाद 20 मिनट तक ऑब्जर्वेशन में रखा जाता है।

---

पुडुचेरी में पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत

# अब डिजिटल-रुपए से मिलेगा राशन डिजिटल वॉलेट में मिलेगी सब्सिडी

यह राशि सिर्फ राशन खरीद को होगी



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में एक महत्वपूर्ण बदलाव की शुरुआत करते हुए पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत खाद्य सब्सिडी को डिजिटल यानी ई-रुपए के माध्यम से देने जा रही है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसकी शुरुआत गुरुवार को उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में की है। यह पहल रिजर्व बैंक द्वारा जारी केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) को सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम है। अब तक खाद्य सब्सिडी का लाभ या तो वस्तु के रूप में या पारंपरिक डीबीटी के जरिए मिलता था। नई व्यवस्था में पात्र लाभार्थियों के लिए एक विशेष डिजिटल वॉलेट बनाया जाएगा। सरकार तय सब्सिडी राशि इसी वॉलेट में ई-रुपए के रूप में भेजेगी, जिसे केवल राशन खरीदने के उद्देश्य से ही इस्तेमाल किया जा सकेगा। प्रक्रिया पूरी होते ही राशि दुकानदार के खाते में पहुंच जाएगी और उसका डिजिटल रिकार्ड तुरंत दर्ज हो जाएगा।

---




---

डीजीसीए ने बदला नियम... नाम की गलती भी मुफ्त में होगी चेंज

# 48 घंटे में टिकट कैंसिल करने पर नहीं कटेगा एक भी रुपया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। अब अगर आपने कोई फ्लाइट टिकट बुक किया है, तो बुकिंग के पहले 48 घंटे में उसे कैंसिल करने या नाम बदलने के लिए आपको कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। यह सुविधा नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा नए नियमों के तहत दी जा रही है, जो यात्रियों के हित में और अधिक पारदर्शी बनाई गई है। डीजीसीए ने यह कदम यात्रियों की शिकायतों और टिकट रिफंड में देरी की समस्याओं को देखते हुए उठाया है। साथ ही, अगर टिकट में नाम में कोई गलती है और यात्री उसे 24 घंटे के भीतर सुधारता है, तो इसके लिए भी कोई चार्ज नहीं लिया जाएगा।


फाइल फोटो

*डीजीसीए ने यह बदलाव एयरलाइन टिकट रिफंड से जुड़ी शिकायतों और दिसंबर 2025 में इंडिगो की उड़ानों में हुई समस्याओं के बाद किया*

### एजेंट या पोर्टल से बुकिंग पर रिफंड की प्रक्रिया

अगर टिकट किसी ट्रैवल एजेंट या ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से खरीदा गया है, तो रिफंड की जिम्मेदारी एयरलाइन की होगी। डीजीसीए ने एयरलाइंस को निर्देश दिया है कि वे सभी रिफंड को 14 वर्किंग डे के भीतर पूरा करें। इसका मतलब यह है कि अब यात्रियों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा और रिफंड प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी होगी। नए नियमों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई यात्री मेडिकल इमरजेंसी के कारण अपनी फ्लाइट कैंसिल करता है, तो उसे रिफंड पाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। डीजीसीए ने यह बदलाव एयरलाइन टिकट रिफंड से जुड़ी शिकायतों और दिसंबर 2025 में इंडिगो की उड़ानों में हुई समस्याओं के बाद किया है। इन नए नियमों से न केवल टिकट कैंसिलेशन आसान हुआ है, बल्कि नाम में गलती सुधारना भी अब फ्री में संभव है। यात्रियों को अब अपने रिफंड और नाम सुधार के लिए अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। डीजीसीए का यह कदम यात्रियों के लिए सुविधाजनक, तेज और भरोसेमंद साबित होगा।

## खबर संक्षेप

### 5 महिलाओं को पिकअप ने रौंदा, 3 की मौत

**महोबा।** जिले में कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एक पैलेस में बुधवार देर रात आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में खाना बनाकर लौट रहीं 5महिलाओं को पीछे से आ रही पिकअप ने कुचल दिया।



3महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 2 गंभीर रूप से घायल हो गईं। सभी घायलों को जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया।

### जेएनयू में छात्रों का प्रदर्शन, वीसी इस्तीफा दें

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू विश्व विद्यालय के छात्रों ने वीसी शांतिश्री डी पंडित के खिलाफ प्रदर्शन किया और उनके इस्तीफे की मांग की है। कैंपस के आसपास कड़ी सुरक्षा कर दी गई है।दिल्ली पुलिस ने कुलपति शांतिश्री पंडित के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान जवाहरलाल नेहरू विश्व विद्यालय के छात्रों को हिरासत में लिया गया है।



### असम में 35 औद्योगिक इकाइयों को मंजूरी

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने गुरुवार को कहा कि औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने से राज्य विकास की ओर बढ़ रहा है। मैन्युफैक्चरिंग और बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश किया जा रहा है। एक्स पर सीएम सरमा ने बताया कि 5,067 करोड़ रुपए की 35 औद्योगिक इकाइयों को मंजूरी दी गई है। 26 क्षेत्रों को स्वीकृत किया है।



## सीमांचल से गृहमंत्री शाह ने किया घुसपैठ मुक्त भारत का शंखनाद

# वोट बैंक नहीं, नेशनल सिक्योरिटी के लिए एक-एक घुसपैठियों को बाहर किया जाएगा

**सीमांचल की राजनीति को एक नए अंदाज में साधने के लिए गृह मंत्री शाह ने बिगुल फूंक दिया। सीमांचल पूरी भाजपा के लिए केवल चुनावी मुद्दा नहीं बल्कि पूरे देश की सुरक्षा मिशन का केंद्र बिंदु बन गया है।**

### यहां की राजनीति को नए अंदाज में साधने के लिए अभियान शुरू किया

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में सीमांचल की राजनीति को एक नए अंदाज में साधने के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को बिगुल फूंक दिया। सीमांचल पूरी भाजपा के लिए केवल चुनावी मुद्दा नहीं बल्कि पूरे देश की सुरक्षा मिशन का केंद्र बिंदु बन गया है। भाजपा की राजनीति की इस सोच में सीमांचल की बदलती डेमोग्राफी और अवैध तरीके से घुसपैठ के विरुद्ध मुक्ति का अभियान है। इसे आज के परिप्रेक्ष्य में गृह मंत्री शाह के उदबोधन से भी समझा जा सकता है। शाह ने सीमा सुरक्षा बल को संबोधित करते कहा है कि हम पूरे सीमांचल को घुसपैठियों से मुक्त करेंगे। यह घुसपैठिए की ओर से हमारे देश के गरीबों के अनाज की हकमारी ही नहीं बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी भी है। जब तक इनको देश से बाहर नहीं किया जाएगा तब तक ये देश की सुरक्षा को भेदते रहेंगे। इतना भर ही नहीं बल्कि एक्शन प्लान के प्रथम स्टेज में सीमा से 10 किमी अंदर जितने भी अवैध अतिक्रमण हैं उसे हटाने के निर्देश भी दिया है।

**यह देशभर की सुरक्षा मिशन का केंद्र बिंदु बना**

**सीमा से 10 किमी अंदर तक अतिक्रमण हटेंगे**

**सरकार डेमोग्राफी परिवर्तन को लेकर संकल्पित**



गृहमंत्री अमित शाह

शाह ने दूसरा संकल्प लेते कहा कि यह सरकार डेमोग्राफी परिवर्तन को लेकर भी संकल्पित है। इस संदर्भ में एक उच्च स्तरीय समिति सिर्फ सीमांचल ही नहीं बल्कि पूरे देश की बदली डेमोग्राफी का गहराई से अध्ययन कर रिपोर्ट करेगी। इसके बाद घुसपैठिये को देश से बाहर निकालने की कवायद को अंजाम दिया जाएगा।

### अतिक्रमण विरोधी अभियान चलेगा

गृह मंत्री ने कहा कि सीमा से 10 किलोमीटर के दायरे में मौजूद अवैध अतिक्रमणों को हटाने का अभियान चलाया जाएगा और घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि जनसांख्यिकीय परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार हैं।

### प्लान राजद की जड़ में मट्ठा डालने के समान

सीमांचल पर शाह का फोकस सिर्फ इसलिए नहीं है कि वे चुनावी जीत का इसे आधार बनाना चाहते हैं। बल्कि वे सीमांचल में राजद की राजनीति का सफाया करना चाहते हैं। शाह का यह प्लान राजद की जड़ में मट्ठा डालने के समान है। शाह इसके जरिए सीमांचल में 24 विधानसभा सीटों पर स्थाई जीत की नींव रखना चाहते हैं। दरअसल शाह पीएम मोदी के उस की गारंटी को पूरा करना चाहते हैं जिसे उन्होंने बिहार की भूमि पर ली थी। वह संकल्प था घुसपैठिया को बाहर जाना ही होगा ।

### घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई को दृढ़ संकल्पित

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि देश को घुसपैठियों से मुक्त कराना कोई चुनावी वादा नहीं, बल्कि केंद्र की मोदी सरकार का दृढ़ संकल्प है। उन्होंने कहा कि एक-एक घुसपैठिए की पहचान कर उन्हें भारत की भूमि से बाहर किया जाएगा। घुसपैठिए चुनाव को प्रभावित नहीं करते, गरीबों के राशन, युवाओं के रोजगार औरसुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं।

### अररिया में कार्यक्रम और सीमा सुदृढ़ीकरण

शाह ने अररिया में बॉर्डर आउट पोस्ट 'लेटी' और 'इंदरवा' के उद्घाटन तथा सशस्त्र सीमा बल के विभिन्न कार्यों के ई-लोकार्पण और ई-शिलान्यास को संबोधित किया। भारत-नेपाल सीमा सड़क योजना के तहत 556 किलोमीटर लंबी बॉर्डर रोड को स्वीकृति दी गई है, जिसमें 18 में से 14 खंडों का कार्य पूरा हो चुका है।

### सीमा सुरक्षा और निगरानी पर जोर

शाह ने कहा कि सड़क परियोजना पूरी होने से सीमा पर निगरानी क्षमता बढ़ेगी और सुविधाएं भी बेहतर होंगी। विकास योजनाओं को अंतिम सीमा तक पहुंचाने में भी इससे मदद मिलेगी। शाह ने बल की सराहना करते हुए कहा कि मित्र देश के साथ लगी सीमा की सुरक्षा के साथ-साथ संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखना आवश्यक है। बल के जवानों और अधिकारियों से सीमांत गांवों के साथ बेहतर संवाद और संपर्क बनाए रखने पर जोर दिया।

### मोगा में 14 को करेंगे रैली, 'अकाली' के साथ गठबंधन भी संभव

नई दिल्ली। शाह की प्रस्तावित रैली 14 मार्च को मोगा में होगी। गृह मंत्रालय ने पंजाब भाजपा को इसकी जानकारी दे दी है। पहले यह रैली 22 फरवरी को प्रस्तावित थी।सभी राजनीतिक दलों की नजर शाह की रैली पर टिकी हुई हैं। मुख्य कारण शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन की संभावना है।

## राहुल का ट्रेड डील पर सरकार पर हमला

# किसानों की सुरक्षा और सम्मान से ही भारत सफल-सुदृढ़ होगा

**कन्नूर में किसान सम्मेलन को राहुल ने किया संबोधित**



एजेंसी ▶▶ कन्नूर

केरल दौरे पर पहुंचे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर केंद्र सरकार को जमकर घेरा। कन्नूर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि भारत तभी सफल हो सकता है जब हमारे किसानों का सम्मान और सुरक्षा हो। राहुल ने आरोप लगाया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने एपस्टीन फाइलों का इस्तेमाल प्रधानमंत्री को धमकाने के लिए किया ताकि वे एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करें जिससे भारतीय किसानों की 'बलि' चढ़ जाएगी।राहुल कन्नूर जिले के पेरावूर में किसानों के एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

### भारत में मशीनीकरण का स्तर कम

उन्होंने कहा कि भारतीय किसान छोटे किसान हैं और उनमें मशीनीकरण का स्तर कम है। अमेरिकी किसानों के पास विशाल खेत हैं और उनमें मशीनीकरण का स्तर उच्च है। अमेरिकी कंपनियों को भारतीय बाजारों तक पहुंच प्रदान करना एक आपराधिक कृत्य है। पहले के किसी भी प्रधानमंत्री ने अमेरिकी किसानों को भारत में सोयाबीन, सब्जियां और फल जैसे उत्पाद बेचने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि ससे भारतीय कृषि की नींव नष्ट हो जाएगी। हरित क्रांति और श्वेत क्रांति किसानों के लिए ही हुई थी। राहुल ने कहा कि कृषि संबंधी मतभेदों के कारण भारत-अमेरिका समझौता चार महीने से रुका हुआ था। सरकार अमेरिकी कंपनियों के लिए कृषि क्षेत्र खोलना नहीं चाहती थी। कुछ भी प्रगति नहीं हो रही थी और अमेरिकी राष्ट्रपति प्रधानमंत्री को धमकी दे रहे थे। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रपति के संबोधन के बाद उन्हें संसद में बोलने की अनुमति नहीं दी गई।

### वायनाड लैंडस्लाइड पीड़ितों से मिले

### कहा- आप मेरा परिवार, घरों का शिलान्यास किया

राहुल गांधी ने मुंडक्कई-चूरलमाला लैंडस्लाइड पीड़ितों के लिए कांग्रेस द्वारा बनाए गए घरों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह कोई एक दिन की घटना नहीं है। क्योंकि आप हमारा परिवार हैं और हम आपके साथ एक बार नहीं, दो बार नहीं, बल्कि जब भी आपको हमारी ज़रूरत होगी, हम आपके साथ खड़े रहेंगे। परमिशन को लेकर मुश्किलें थीं, ज़मीन को लेकर मुश्किलें थीं, और भी मुश्किलें थीं। लेकिन अब मुझे उम्मीद है कि यह प्रोजेक्ट जल्द से जल्द पूरा हो जाएगा। मेरे लिए, वायनाड वापस आना हमेशा खुशी की बात होती है।

## सेठ ने सीमा सुरक्षा संगठन के कमाल को 'राहतभरी' महान उपलब्धि बताया

एजेंसी ▶▶ गंगटोक

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उत्तरी सिक्किम में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा पुनर्निर्मित चुंगथांग-लाचेन मार्ग और 400 फीट लंबे बेली सस्पेंशन ताराम चू पुल का उद्घाटन किया। यह मई-जून 2025 में विनाशकारी बादल विस्फोट, जून 2024 में चक्रवात रेमल और अक्टूबर 2023 में हिमनदी झील विस्फोट बाढ़ के बाद संगठन द्वारा किए जा रहे आपदा राहत प्रयासों में अहम उपलब्धि है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सीमा सुरक्षा संगठन ने संचार व्यवस्था को बहाल करने के लिए स्वास्तिक परियोजना के तहत 96 भूस्खलनों को साफ किया, 4प्रमुख पुलों का निर्माण किया और 2अन्य पुलों की मरम्मत की। सीमा सुरक्षा संगठन की इंजीनियरिंग टीम ने 8 किलोमीटर की नई भू-सफाई पूरी की और विभिन्न वैकल्पिक मार्ग बनाए।

### क्षेत्र में संपर्क और मजबूत होगा



ये प्रयास अक्टूबर 2025 में 7.5 किलोमीटर लंबे नागा-टूंग मार्ग के खुलने के बाद किए गए हैं, इससे संपर्क और मजबूत हुआ है। 28 किमी लंबी चुंगथांग-लाचेन सड़क और ताराम चू पुल के पूरा होने से स्थानीय निवासियों, सुरक्षा एजेंसियों की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। सेठ ने कहा कि ये परिसंपत्तियां उत्तरी सिक्किम के बुनियादी ढांचे के विकास और स्थानीय लोगों के कल्याण के लिए अहम हैं। उन्होंने क्षेत्र में लगातार किए जा रहे कार्यों के लिए सीमा सड़क संगठन की सराहना की।




विधानसभा में हंगामा, प्रश्नकाल बाधित

## सिंगरौली में धिरौली कोल माइंस परियोजना पर सरकार का जवाब

# 5 ग्रामों की निजी भूमि का अधिग्रहण 368 करोड़ रुपए का मुआवजा मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


करण सिंह वर्मा

विधानसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल में सिंगरौली जिले के धिरौली कोल ब्लॉक में विस्थापितों को मुआवजा नहीं देने का मुद्दा उठा। इसे लेकर सदन में जमकर हंगामा हुआ। इस वजह से प्रश्नकाल में 25 में से महज दो ही प्रश्न हो पाए। सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित हुई। बाद में विपक्षी कांग्रेस ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

**सरकार ने विस्थापित 262 परिवारों को पुर्नवास के लिए 159.22 हेक्टेयर भूमि आवंटित की**


कांग्रेस विधायकों ने कोल माइंस मामले को लेकर सदन से बाहर नारेबाजी की

**विस्थापित 126 परिवारों को प्लॉट आवंटित, 40 विस्थापितों को मिला रोजगार**

### प्रभावित परिवारों के पुनर्व्यवस्थापन पर विशेष ध्यान

मंत्री वर्मा ने कहा कि शेष राशि वितरण की प्रक्रिया में है। शासकीय भूमि के प्रकरणों में भू-भाटक एवं प्रीमियम राशि जमा कराते हुए परिसंपत्तियों का नियमानुसार मुआवजा दिया जा रहा है। परियोजना से प्रभावित परिवारों के पुनर्व्यवस्थापन पर विशेष ध्यान दिया गया है। अब तक 262 विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के लिए 159.22 हेक्टेयर भूमि आवंटित की जा चुकी है। क्षेत्र में भूमि समतलीकरण, सड़क निर्माण एवं प्लॉटिंग का कार्य पूर्ण गया है। विस्थापित 126 परिवारों को प्लॉट आवंटित किए जा चुके हैं। 40 विस्थापितों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। 10 विस्थापितों को ड्राइविंग प्रशिक्षण के लिए रायपुर भेजा गया है। शेष पात्रों को रोजगार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है।

### दो से ढाई लाख की ही राशि बतौर मुआवजा : सिंघार

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार ने वादा किया है कि भूमि अधिग्रहण के प्रभावितों को 50-50 लाख का मुआवजा देंगे। वहां सिर्फ दो से लाख ढाई की ही राशि बतौर मुआवजा दी गई है। कुल आठ गांव प्रभावित हुए थे, जिसमें में सरकार ने मात्र 5 गांवों के ग्रामीणों को ही मुआवजा दिया है। हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने व्यवस्था देते हुए कहा कि किसी भी तरह की अनियमितता पर सरकार जांच कराकर कार्रवाई करेगी। सिंगरौली जिले की प्रभारी मंत्री संपतिया उईके ने कहा कि वे खुद आदिवासी हैं, ऐसे में सिंगरौली जिले के किसी भी आदिवासी के साथ अन्याय नहीं होगा।

## खबर संक्षेप

### खेल रही 9 साल की छात्रा को आया हार्ट अटैक, मौत

**जयपुर।** नागौर के गोटन कस्बे के एक निजी स्कूल में 23 फरवरी की सुबह हृदय विदारक घटना हुई।



गोटन इंटरनेशनल स्कूल में पांचवीं की छात्रा दिव्या बापेडिया (9) प्रार्थना से पहले मैदान में खेल रही थी, तभी वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। स्कूल स्टाफ उसे तुरंत अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट बताया गया है।

### रिलीज नहीं होगी 'द केरल स्टोरी-2', हाईकोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री अदा शर्मा की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'द केरल स्टोरी' के सीक्वल पर विवाद गहरा गया है। केरल हाई कोर्ट ने फिल्म की रिलीज पर अंतरिम रोक लगा दी है। यह फिल्म 27 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी, लेकिन अदालत ने सुनवाई करते हुए फिलहाल प्रदर्शन को रोक दिया है। इसमें राज्य की छवि नकारात्मक रूप से पेश करने और सांप्रदायिक तनाव पैदा करने के आरोप लगे हैं।

**नौ साल बाद बड़ा कदम :** पीएम मोदी-नेतन्याहू के बीच वार्ता में कई मुद्दों पर सहमति बनी

# रक्षा, एफटीए, यूपीआई से एआई भारत-इजराइल के बीच समझौते

**नमस्कार और शलोम कहकर संबोधन की शुरुआत की**



**एजेंसी:यरूशलम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्यापक बातचीत की। इस बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, तकनीक और कृषि जैसे अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे यानी भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) और आई2यू2 समूह (भारत-इजराइल-यूएई-अमेरिका समूह) के तहत सहयोग को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा होने की संभावना जताई गई। इस दौरान भारत और इजराइल ने आपसी संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

**नेतन्याहू के साथ प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने बताया ऐतिहासिक दौरा**


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू

**बोले पीएम मोदी**

### दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं

इसके बाद इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-इजराइल के रिश्तों को नई ऊंचाई देने का ऐलान किया। पीएम मोदी ने नमस्कार और शलोम कहकर अपने संबोधन की शुरुआत की। पीएम मोदी ने बताया कि दोनों देश जल्द ही एक पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देंगे।

#### शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाएंगे

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और इजराइल ने क्रिटिकल और उभरती प्रौद्योगिकी साझेदारी स्थापित करने का निर्णय लिया है। इजराइल में (यूपीआई) के उपयोग को लेकर भी समझौता हुआ है, जिससे डिजिटल भुगतान को बढ़ावा मिलेगा।

#### मोदी-नेतन्याहू वार्ता में क्या-क्या तय हुआ?

- **साइबर सुरक्षा:** साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर।
- **कृषि और नवाचार:** 'इंडिया-इजराइल इनोवेशन सेंटर फॉर एग्रीकल्चर' स्थापित करने का फैसला।
- **मत्स्य पालन और एक्वाकल्चर:** इस क्षेत्र में तकनीकी सहयोग बढ़ाने पर सहमति।
- **भू-भौतिकीय अन्वेषण:** ऊर्जा और संसाधन खोज के क्षेत्र में साझेदारी।
- **राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर, लोथल:** विकास में सहयोग का समझौता।

मैथ-केमिस्ट्री का पेपर बिगड़ गया था

## 12वीं का छात्र फेल होने के डर से छत से कूदा... मौत

**ग्वालियर।** 12वीं कक्षा के छात्र ने गुरुवार सुबह करीब 8 बजे अपने घर की दूसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि छात्र मैथ और केमिस्ट्री का पेपर बिगड़ने से डिप्रेशन में था। मामला झांसी रोड थाना क्षेत्र के हरिशंकरपुरम स्थित साइन नगर फेज-2 का है। जानकारी के मुताबिक मृतक छात्र की पहचान उत्कर्ष उर्फ कृष्णा गुप्ता (20) पुत्र राजीव गुप्ता के रूप में हुई है। परिजन अंतिम संस्कार के लिए शव को बरुआ सागर ले गए हैं। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन ने बताया कि उत्कर्ष बुधवार रात माता-पिता के साथ खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। गुरुवार सुबह जब वह कमरे से बाहर नहीं आया तो पिता राजीव गुप्ता उसे देखने पहुंचे। कमरे में न मिलने पर उन्होंने छत पर जाकर देखा। इस दौरान छत से नीचे झांकने पर उत्कर्ष घर के नीचे मृत हालत में पड़ा था। पिता ने पड़ोसियों और पुलिस को सूचना दी।


उत्कर्ष (मृतक)

**पिता छत पर खोजने पहुंचे तो नीचे लाश मिली**

**डीवाई पाटिल** टी20 में तूफान

## वैभव सूर्यवंशी ने 14 गेंदों में जड़ी फिफ्टी, अर्जुन का भी चला बल्ला



**उन्होंने 7 चौके और 5 गगनचुंबी छक्के जड़े**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आगामी आईपीएल 2026 (सीजन 19) की तैयारियों के बीच मुंबई में आयोजित डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट में युवा खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिल रहा है। इस टूर्नामेंट में 14 वर्षीय उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत में सनसनी मचा दी है।




10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. बचत 28 फरवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, जीरो प्रोसेसिंग फीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफर्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ पर सेविंग्स, फायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फायनान्स उपलब्ध है फायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफेशनल सुपरविजन के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफिक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफर नेयॉन और कार्बन फाइबर मॉडल्स पर.

Authorised Dealers for BAJAJ Auto Ltd.: Jabalpur: Nagrath Chowk FRONTIER BAJAJ 7771011270, 7771003332 • Damoh Naka SELECT BAJAJ 7880097791 • Balaghat SAI BAJAJ 9425822517• Damoh MAA LAXMI BAJAJ 8109061441 • Narsinghpur SATKAR BAJAJ 7747008720 • Seoni FRONTIER A S BAJAJ 9302893612 • Shahdol JAYSHREE BAJAJ 7879858023 • Katni TARA BAJAJ 9111407700.

यूएन में बोले जयशंकर

# मानवाधिकार पर राजनीति नहीं, समग्र दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता

*जयशंकर ने कहा कि भारत ने लगातार टकराव की जगह संवाद, विभाजन की जगह सहमति और संकीर्ण हितों की जगह मानव-केंद्रित विकास पर जोर दिया है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मानवाधिकारों को लेकर 'राजनीतिक बयानबाजी' से ऊपर उठकर विकास, क्षमता निर्माण और आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों का उद्देश्य सबसे कमजोर वर्ग के लोगों के दैनिक जीवन में ठोस सुधार लाना होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में अपने वर्चुअल संदेश में उन्होंने बुधवार को कहा कि संघर्ष, ध्रुवीकरण और अनिश्चितता से ग्रस्त दुनिया में भारत साझा आधार खोजने और उसका विस्तार करने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमने लगातार टकराव की जगह संवाद, विभाजन की जगह सहमति और संकीर्ण हितों की जगह मानव-केंद्रित विकास पर जोर दिया है। भारत हाल ही में सातवीं बार मानवाधिकार परिषद का सदस्य चुना गया है और उसे संयुक्त महासभा में 188 में से 177 मत मिले।

- कमजोर वर्ग के लोगों के जीवन में ठोस सुधार लाना जरूरी
- आतंकवाद मानवाधिकारों के जघन्य उल्लंघनों में से एक


विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

## आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता होनी चाहिए

एस. जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार परिषद को मानवाधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरी तरह से साकार करने के लिए उन्हें आतंकवादी कृत्यों के लिए शून्य सहिष्णुता की वकालत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवाधिकारों के सबसे जघन्य उल्लंघनों में से एक है, और इसका कोई औचित्य नहीं हो सकता, खासकर जब निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जाता है।

### मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते भारत सभी लोगों के लिए समानता और सम्मान के आधार पर मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का उदाहरण देते हुए कहा कि इससे करोड़ों लोगों को पारदर्शी तरीके से कल्याण योजनाओं, वित्तीय सेवाओं और सरकारी सुविधाओं तक पहुंच मिली है और भारत अपने अनुभव को वैश्विक हित में साझा कर रहा है।

### दोहरे मानदंड अपनाने से बचें

जयशंकर ने कहा कि यह वैश्विक समुदाय, खासकर वैश्विक दक्षिण के देशों के भरोसे को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारत मानवाधिकारों को बढ़ावा देने के लिए राजनीति, दोहरे मानदंड और चयनात्मक रवैये के बजाय संवाद, साझेदारी और क्षमता निर्माण पर विश्वास करता है।

### आर्थिक दबावों से असमानता बढ़ी

जयशंकर ने कहा कि महामारी, जलवायु परिवर्तन, भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक दबावों ने असमानताओं को और बढ़ाया है, जिससे विकास को मानवाधिकारों के मूल आधार के रूप में देखना जरूरी हो गया है।

## खबर संक्षेप

### दुबई से भारत लाया गया भगोड़ा अनिल रेड्डी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को इंटरपोल की मदद से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में



छिपे वांछित भगोड़े अनिल कुमार रेड्डी को भारत लाने में सफलता मिली है। यह अपराधी आंध्र प्रदेश में कई गंभीर मामलों में आरोपी है। अनिल कुमार रेड्डी पर धोखाधड़ी, आपराधिक धमकी जैसे कई गंभीर आरोप हैं। आंध्र प्रदेश पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। वह कानून से बचने के लिए यूएई में जाकर छिप गया था। सीबीआई ने 5 सितंबर 2022 को अनिल रेड्डी के खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस जारी करवाया था।

### गूगल के डेटा सेंटर में सबसे बड़ी बैटरी

**नई दिल्ली।** गूगल के नए डेटा सेंटर को सपोर्ट करने के लिए एक विशाल बैटरी सिस्टम लगाया



जाएगा, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी बैटरी बताया जा रहा है। यह 300 मेगावाट और 30 गीगावाट-घंटे क्षमता वाला स्टोरेज सिस्टम होगा, जिसे फॉर्म एनर्जी नाम की कंपनी विकसित कर रही है। इसे अमेरिका के मिनेसोटा राज्य के पाइन आइलैंड इलाके में तैनात किया जाएगा। इस परियोजना को स्थानीय यूटिलिटी कंपनी एक्सेल एनर्जी लागू करेगी। 1.4 गीगावाट विंड पावर और 200 मेगावाट सोलर ऊर्जा भी ग्रिड में जोड़ी जाएगी।

### गूगल मैप पर दिखेंगे अधिकृत आधार केंद्र

**नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) और प्रौद्योगिकी



कंपनी गूगल ने देशभर में अधिकृत 'आधार' केंद्रों को गूगल मैप पर प्रदर्शित करने के लिए साझेदारी की है। इस पहल से लोग गूगल मैप पर खोज कर यह जान सकेंगे कि संबंधित आधार केंद्र पर वयस्क नामांकन, बच्चों का नामांकन या केवल पता और मोबाइल नंबर अपडेट की सुविधा जैसी कौन-सी सेवाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा गूगल मैप पर आधार केंद्र की सुगम्यता से जुड़ी जानकारी भी दिखाई जाएगी।

## पीएम मोदी ने इजराइल की अग्रणी तकनीकों वाली प्रदर्शनी का दौरा किया

तकनीकी साझेदारी बढ़ाने के अवसर तलाशने का निमंत्रण दिया

# इजराइली कंपनियों को भारत में निवेश और विनिर्माण के लिए किया 'आमंत्रित'

*पीएम ने वैज्ञानिकों, टेक उद्यमियों, कई कंपनियों के सीईओ से की बात*

*'इंडिया-इजराइल इनोवेशन ब्रिज' के तहत दोनों देश मिलकर कर रहे काम*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने इजराइली कंपनियों को भारत में निवेश करने, निर्माण स्थापित करने और तकनीकी साझेदारी बढ़ाने के अवसर तलाशने का निमंत्रण दिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ यहां विभिन्न क्षेत्रों में इजराइल की अग्रणी तकनीकों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी का दौरा किया।

इस प्रदर्शनी में एग्री-टेक, वॉटर-टेक, क्लाइमेट-टेक, हेल्थ-बायोटेक, स्मार्ट मोबिलिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर सुरक्षा और क्वांटम तकनीक जैसे क्षेत्रों की नवीन खोजें शामिल थीं। नवोन्मेषकों से बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि प्रदर्शित अत्याधुनिक तकनीकों में भारत-इजराइल नवाचार, स्टार्टअप और व्यापार साझेदारी को नई ऊंचाई देने की अपार क्षमता है। खासकर कृषि, जल प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवा और डिजिटल सेवाओं जैसे क्षेत्रों में सहयोग की बड़ी संभावनाएं हैं। दोनों देश 'इंडिया-इजराइल इनोवेशन ब्रिज' पहल के तहत आधुनिक चुनौतियों का समाधान विकसित करने के लिए साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इस दौरे के दौरान पीएम ने वैज्ञानिकों, टेक उद्यमियों और कई कंपनियों के सीईओ से बातचीत की। उन्हें क्वांटम मशीन ने इजराइली क्वांटम कंप्यूटिंग सेंटर (आईक्यूसीसी) के बारे में जानकारी दी, जबकि क्लासीक कंपनी ने बताया कि वह क्वांटम सॉफ्टवेयर विकास को कैसे आसान बना रही है।


पीएम मोदी और इजराइल के पीएम नेतन्याहू साइबर सुरक्षा समाधान देखते हुए

### कंपनियों ने उत्पादों का प्रदर्शन किया

चेक प्वाइंट सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज ने उन्नत साइबर सुरक्षा समाधानों और भारत में अपने सहयोग पर प्रकाश डाला। एआईएसएपी नामक स्टार्टअप ने अपनी एआई आधारित पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड तकनीक का प्रदर्शन किया, जो तुरंत जांच और मार्गदर्शन प्रदान करती है। इजराइल के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के होराइजन स्कैनिंग डिवीजन ने 'टेक स्काउट' नामक एआई टूल पेश किया, जो रणनीतिक जोखिमों की पहचान और रुझानों के विश्लेषण में मदद करता है। टेक कंपनी मोबाइलआई ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए अपने सेंसर और चिप तकनीक का प्रदर्शन किया।

### होलोकॉस्ट पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि



पीएम नरेंद्र मोदी ने विश्व होलोकॉस्ट स्मरण केंद्र याद वाशेम का दौरा किया। उन्होंने पीड़ितों की याद में वहां एक पत्थर भी रखा। होलोकॉस्ट द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मनी द्वारा किया गया नरसंहार था, जिसमें लगभग 60 लाख यहूदियों को मार डाला गया था। पीएम ने स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया और होलोकॉस्ट के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। इस स्मारक की स्थापना 1953 में इजराइली संसद (नेसेट) के एक अधिनियम के तहत की गई थी और इसे होलोकॉस्ट के स्मरण, दस्तावेजीकरण, शोध और शिक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### 'हॉल ऑफ नेम्स' का दौरा



नेतन्याहू के साथ 'हॉल ऑफ नेम्स' का भी दौरा किया, जहां होलोकॉस्ट में मारे गए लाखों लोगों की स्मृति को संरक्षित रखने का प्रयास किया गया है। नेतन्याहू ने मोदी को अपनी पत्नी सारा के उन परिजनों के नाम दिखाए जो होलोकॉस्ट में मारे गए थे।

### पीएम मोदी ने राष्ट्रपति हर्जोग से मुलाकात की


पीएम मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत राष्ट्रपति उद्यान में एक पौधा भी लगाया

पीएम मोदी ने इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने शिक्षा, स्टार्टअप, नवाचार, प्रौद्योगिकी और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में सहयोग को और बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। पीएम मोदी ने भारत-इजराइल विशेष साझेदारी को मजबूत करने में राष्ट्रपति हर्जोग के अटूट समर्थन के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने इजराइल के राष्ट्रपति को निकट भविष्य में भारत आने का निमंत्रण भी दिया। पीएम ने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध वैश्विक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। मैं आपको भारत आने का निमंत्रण देता हूं, और जब आप आएं, तो अपनी यात्रा को केवल दिल्ली तक सीमित न रखें, बल्कि भारत के अन्य हिस्सों की यात्रा के लिए भी समय निकालें।'' हर्जोग ने कहा कि भारत पश्चिम एशिया के उज्ज्वल भविष्य का एक अभिन्न अंग है।

### 'जय हिंद' से हर्जोग ने दिया दिल जीतने वाला जवाब

पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद इजराइली राष्ट्रपति ने एक्स पर लिखा कि पीएम मोदी हिब्रू बोलते हैं और वे जवाब में 'जय हिंद' कहते सुने और देखे जा सकते हैं। दोनों का मतलब एक ही है! दस सेकंड के वीडियो क्लिप में पीएम मोदी कहते हैं, 'एम इजराइल खाई (अमर रहे इजराइल की जनता)।' भारत के पीएम का ये अभिवादन सुन हर्जोग फूले नहीं समाते और कहते हैं, 'आप अद्भुत हैं, और आपके आम इजराइल खाई के जवाब में मैं कहूंगा जय हिंद।'

## कनाडा के बदले सुर

# खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या मामले में भारत के दखल को नकारा


कनाडा के पीएम मार्क कार्नी और पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ ओटावा

पीएम नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर मार्क कार्नी 27 फरवरी से 2 मार्च 2026 तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। यह कार्नी की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। कनाडा, भारत के साथ रिश्ते सुधारने की कवायद में जुटा है। जो जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल के अंतिम दिनों में बेहद खराब दौर में पहुंच गए थे। यही वजह है कि कनाडा ने ये मान लिया है कि कनाडा की धरती पर होने वाले अपराधों में भारत की कोई संलिप्तता नहीं है। कनाडा सरकार के अधिकारियों ने बताया कि अगर भारत, कनाडा की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में दखल दे रहा होता तो शायद पीएम कार्नी, भारत दौरे पर जाते ही नहीं। हमारी भारत सरकार के साथ इन मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई है। साथ ही विदेशी हस्तक्षेप से बचने के लिए हमारे पास मजबूत सुरक्षा उपाय हैं। अधिकारियों ने बताया कि इसे लेकर पीएम मोदी, भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और मंत्रियों के साथ व्यवस्थित रूप से बातचीत की गई। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने कहा कि इन मुद्दों को नियमित रूप से उठाया गया और उन्हें विश्वास है कि आगे भी इस पर सार्थक चर्चा जारी रहेगी।

### आतंकी निज्जर की हत्या को लेकर बिगड़े थे रिश्ते

*कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हुई थी। कनाडा की तत्कालीन ट्रूडो सरकार ने भारत पर निज्जर की हत्या कराने का आरोप लगाया और इसे संप्रभुता का उल्लंघन करार दिया था। हालांकि भारत सरकार ने कनाडा के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था।*

### आज से भारत दौरे पर कनाडा पीएम

*कनाडा के मार्क कार्नी 27 फरवरी से 2 मार्च तक चार दिवसीय भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। वे 27 फरवरी को कार्नी मुंबई पहुंचेंगे। अगले दो दिनों में वे विभिन्न व्यावसायिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे और भारत व कनाडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, उद्योग व वित्तीय विशेषज्ञों, नवप्रवर्तकों, शिक्षाविदों तथा भारत में स्थित कनाडाई पेंशन फंड प्रमुखों से बातचीत करेंगे। कार्नी 1 मार्च को नई दिल्ली पहुंचेंगे। 2 मार्च को दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। दोनों नेता भारत-कनाडा रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न क्षेत्रों में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे। वार्ता के दौरान व्यापार और निवेश, ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, कृषि, शिक्षा, अनुसंधान व नवाचार सहित प्रमुख क्षेत्रों में जारी सहयोग की समीक्षा की जाएगी। साथ ही जन-संबंधों को और मजबूत बनाने पर भी चर्चा होगी तथा क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा।*

## ईरान ने अमेरिका को दिखाया दम

# लॉन्च कर दी 'बैलिस्टिक मिसाइल' 2000 किमी दूर तक साधेगी निशाना

एजेंसी ▶▶ तेहरान

अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने एक नई बैलिस्टिक मिसाइल लांच की है। यह सतह से सतह पर मार करने वाली चौथी पीढ़ी की मिसाइल है। इस नई मिसाइल का नाम खैबर है और इसकी रेंज 2000 किमी है। ईरान ने इसे एक बेहद सीक्रेट जगह पर लांच किया है। अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने एक नई बैलिस्टिक मिसाइल लांच की है। यह सतह से सतह पर मार करने वाली चौथी पीढ़ी की मिसाइल है। इस नई मिसाइल का नाम खैबर है और इसकी रेंज 2000


बैलिस्टिक मिसाइल खैबर

किमी है। ईरान ने इसे एक बेहद सीक्रेट जगह पर लांच किया है। इस बीच स्विट्जरलैंड के जेनेवा में ओमान की मध्यस्थता के तहत ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता का तीसरा दौर गुरुवार को शुरू हो गया। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि उनका देश परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा।

## कस्टम्स के डिजिटल सुधारों पर फोकस

# जुलाई में डब्ल्यूटीओ करेगा भारत की व्यापार नीतियों की समीक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत की 8वीं व्यापार नीति की समीक्षा जुलाई में होगी। इसमें देश की व्यापार नीतियों की व्यापक सहकर्मी समीक्षा की जाएगी। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस समीक्षा से पहले भारत ने अपने डिजिटल सीमा शुल्क सुधारों और व्यापार सुविधा समझौते (टीएफए) के क्रियान्वयन को वैश्विक मंच पर प्रमुखता से प्रस्तुत किया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर व सीमा शुल्क बोर्ड के सदस्य (कस्टम्स) सुरजीत भुजबल के


डब्ल्यूटीओ में सीबीआईसी की बैठक

नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने डब्ल्यूटीओ में आयोजित विशेष ट्रेड फैसिलिटेशन सत्र में भारत के 'फेसलेस, कॉन्टैक्टलेस और पेपरलेस' कस्टम्स इकोसिस्टम और व्यापक डिजिटलीकरण पर प्रकाश डाला। यह सत्र 24 फरवरी को आयोजित किया गया था। इसमें लगभग 40 देशों के प्रतिनिधियों और डब्ल्यूटीओ सचिवालय की सक्रिय भागीदारी रही।

## 'वायुशक्ति 26' के दौरान आधुनिक हथियारों का प्रदर्शन



*नई दिल्ली। 27 फरवरी से पोखरण के रेगिस्तानी क्षेत्र में 'वायुशक्ति 26' अभ्यास शुरू हो गया है। इस दौरान भारतीय वायुसेना ने सभी संचालन मानकों को सफलतापूर्वक परखा। अभ्यास के दौरान सभी निर्धारित लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से नष्ट किया गया। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि वायु सेना पूरी तरह से हर मिशन के लिए तैयार है। 'वायुशक्ति 26' को लेकर भारतीय वायुसेना ने पहली बार एक आधिकारिक वीडियो में एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की फायरिंग का दृश्य साझा किया है। इसमें वीडियो में एस-400 वायु रक्षा प्रणाली से लक्ष्य भेदते हुए देखा जा सकता है। यह प्रणाली दुश्मन के लड़ाकू विमान और मिसाइल जैसे बड़े हवाई खतरों को लंबी दूरी से ही नष्ट करने में सक्षम है। एस-400 प्रणाली अत्याधुनिक रडार और मिसाइल तकनीक से लैस है।*

## आर्थिक साझेदारी पर यूएस के साथ 'सार्थक चर्चा'

# पीयूष गोयल ने अमेरिकी वाणिज्य सचिव और राजदूत सर्जियो गोर से की खास भेंट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने अमेरिका के वाणिज्य सचिव हावर्ड लटनिक और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए 'बहुत ही सार्थक चर्चा' की। गोयल ने 'एक्स' पर पोस्ट में बताया कि उन्होंने अमेरिकी वाणिज्य सचिव और भारत में अमेरिकी राजदूत की मेजबानी की और द्विपक्षीय व्यापार व आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बातचीत की। उन्होंने कहा कि चर्चा का मुख्य फोकस भारत और अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने और संबंधों को और गहरा करने पर रहा।


हावर्ड लटनिक (बाएं), पीयूष गोयल, सर्जियो गोर

### बैठक 'प्रोडक्टिव' रही: गोर

गोयल ने एक्स पर लिखा कि अमेरिकी वाणिज्य सचिव हावर्ड लटनिक और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर की मेजबानी की। व्यापार और आर्थिक साझेदारी को बढ़ाने के लिए बहुत ही सार्थक चर्चाएं हुईं। सर्जियो गोर ने भी इस बैठक को 'प्रोडक्टिव' बताया और कहा कि हावर्ड लटनिक और पीयूष गोयल के साथ बहुत ही उपयोगी लंच मीटिंग रही। हमारे दोनों देशों के लिए सहयोग के कई क्षेत्र मौजूद हैं।

### 38 देशों के साथ एफटीए कर चुका भारत

गोयल ने कहा था कि भारत 38 देशों के साथ नौ एफटीए कर चुका है, जिससे भारतीय व्यवसायों को वैश्विक व्यापार के लगभग दो-तिहाई हिस्से तक विशेष पहुंच मिली है। इनसे भारतीय वस्तुओं, सेवाओं, कृषि और मत्स्य उत्पादों तथा श्रम-प्रधान क्षेत्रों को नए बाजार मिल रहे हैं।

## दुश्मन की पनडुब्बियों को ढूंढ-ढूंढकर करेगा तबाह!

# आज समुद्र में उतरेगा भारत का नया योद्धा 'आईएनएस अंजदीप'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना तटीय सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में 27 फरवरी यानी शुक्रवार को चेन्नई बंदरगाह पर डॉल्फिन हंटर पोत आईएनएस अंजदीप को तैनात करने जा रही है। यह पोत 'एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट' परियोजना के तहत बनाए जा रहे 8 पोतों में से तीसरा है। समुद्र में भारत की ताकत और बढ़ जाएगी। कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स की ओर से निर्मित अंजदीप एक अत्याधुनिक युद्धपोत है, जिसे विशेष रूप से तटीय और उथले जल क्षेत्रों में परिचालन की चुनौतियों से निपटने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका नाम कर्नाटक के कारवार तट (अरब सागर) के निकट स्थित अंजदीप द्वीप के नाम पर रखा गया है।

- चेन्नई बंदरगाह पर डॉल्फिन हंटर पोत अंजदीप को तैनात करेगी
- 'एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट' के तहत तीसरा पोत


डॉल्फिन हंटर पोत आईएनएस अंजदीप

### 'डॉल्फिन हंटर' के रूप में कार्य करेगा

यह पोत 'डॉल्फिन हंटर' के रूप में कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य 30 से 40 मीटर की गहराई वाले तटीय क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाना, उनका पीछा करना और उन्हें निष्क्रिय करना है। यह युद्धपोत तट से 100 से 150 नॉटिकल मील तक दुश्मन की सबमरीन का पता लगाने में सक्षम है। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी शुक्रवार को यहां आईएनएस अंजदीप के कमीशनिंग समारोह में भाग लेंगे।

### आधुनिक हथियारों से लैस

*'अंजदीप' एंटी-सबमरीन रॉकेट लॉन्चर, लाइटवेट टॉरपीडो, 30 मिमी नेवल गन, एएसडब्ल्यू कॉम्बैट सूट, हल-माउंटेड सोनार और लो-फ्रीक्वेंसी वैरिएबल डेप्थ सोनार से सुसज्जित है। यह लगभग 25 नॉटिकल मील प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकता है और एक बार में करीब 3,300 किलोमीटर की दूरी तय करने में सक्षम है।*

### रक्षा क्षमता मजबूत होगी

*इस युद्धपोत के शामिल होने से नौसेना की भारत के व्यापक समुद्री हितों की सुरक्षा के साथ-साथ तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटीय क्षेत्रों की निगरानी तथा रक्षा क्षमता और मजबूत होगी। पनडुब्बी रोधी युद्ध (एंटी-सबमरीन वॉरफेयर) भूमिका के अलावा यह पोत तटीय निगरानी, कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों तथा खोज एवं बचाव अभियानों को अंजाम देने में भी सक्षम है।*

## पुत्र ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन कर रहे पिता संपत्ति पर कब्जा करने की मंशा पाले भू-माफियाओं के प्रभाव में

# बंधक बनाए गए वृद्ध का मेडिकल परीक्षण कराएं



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने कथित रूप से बंधक बनाए गए वृद्ध का मेडिकल परीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने सरकार को यह बताने कहा है कि कथित रूप से बंधक बनाए गए वृद्ध का मेडिकल परीक्षण कराने के निर्देश दिए। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने कहा कि परीक्षण कराकर यह पता लगाएं कि क्या वृद्ध कोई मादक पदार्थ का सेवन करता है और क्या उसे नशा मुक्ति केन्द्र में रखने की जरूरत है। कोर्ट ने शुक्रवार को रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए।

जबलपुर निवासी अक्षय चौधरी ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर बताया कि वह बंधक बनाए गए दुर्गेश पटेल के यहां काम करता है। याचिका में आरोप लगाया गया कि पुत्र रूपेश पटेल ने पिता दुर्गेश पटेल को जबरन नशा मुक्ति केन्द्र में बंधक बनाकर रखा है। कोर्ट के निर्देश पर तिलवारा पुलिस स्टेशन के एसआई अभिषेक कैथवास ने वृद्ध को पेश किया। दुर्गेश का कहना है कि वह किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ का सेवन नहीं करता है और संपत्ति विवाद के कारण रूपेश ने उसे नशा मुक्ति केंद्र में रखा है। वहीं, रूपेश ने इस बात का खंडन किया और कहा कि उसके पिता मादक पदार्थों का सेवन कर रहे हैं और वह कुछ भू-माफियाओं के प्रभाव में है, जो उसकी संपत्ति पर कब्जा करना चाहते हैं। कोर्ट ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर के चिकित्सकों का एक दल गठित कर वृद्ध की जांच कराने के निर्देश दिए।

## बटनदार चाकूओं के सप्लायर की अग्रिम जमानत याचिका ख़ारिज

मप्र हाईकोर्ट के न्यायाधीश संदीप एन भट्ट की अदालत ने बटनदार (रामपुरी) चाईना चाकू के सप्लायर गलगला चौक मुकादमगंज स्थित विजय जनरल स्टोर के संचालक बेबू कटारिया उर्फ भगवानदास की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रुपराह एवं पैनल अधिवक्ता हिमांशु तिवारी ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए न्यायालय को बताया कि जबलपुर शहर में लगातार चाकू बाजी की घटनाएं बढ़ रही है जिले में अपराधियों द्वारा आये दिन चाकू बाजी,हत्या,व हत्या के प्रयास एवं गुंडा टैक्स वसूली करने इन चाकुओं का उपयोग किया जा रहा है। धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत बटन दार चाकू रखना एवं उसको बेचना प्रतिबंधित है राज्य शासन द्वारा बटनदार चाकू बैन किया गया है एवं पुलिस द्वारा विवेचना में यह पाया है की जिले में बटनदार चाकुओं की सप्लाई आरोपी के द्वारा ही की जा रही है। गढा पुलिस ने पिछले दिनों भारी मात्रा में बटरदार चाईना चाकू का जखीरा पकड़ा था। पकड़े गए आरोपियों ने अपने बयान में कहा कि चाकू उन्होंने दुकान दार बेबू कटारिया से खरीदी थी। बचाव व विरोध पक्ष की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।

## धर्मस्थल में तोड़फोड़ के आरोपियों को जमानत नहीं

प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अजय उईके की अदालत ने धर्मस्थल में तोड़फोड़ के आरोपियों सिहोरा निवासी बनवारी, राहुल, करण ऊर्फ राजू, सक्षम ऊर्फ रामजी व जीतेन्द्र ऊर्फ जित्तू को जमानत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने सभी की जमानत अर्जी निरस्त कर दी।अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी राजकुमार शर्मा ने अर्जी का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि फरियादी रहूप शाह द्वारा हमराह मुबारक शाह, जाहिद अली शाह, शाहनशा शाह ने थाना सिहोरा में उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन-पत्र पेश किया था। जिसमें आरोप लगाया था कि 19 फरवरी, 2026 को रात करीब 10.30 बजे फरियादी रहूप शाह व मुबारक शाह तथा आस पास के और भी लोग बाबा साहब के मजार के पास खड़े हुए थे। इसी दौरान आजाद चौक की घटना को लेकर पृथ्वी चौहान, जितेन्द्र उर्फ जित्तू बर्मन, भगत चौहान, कल्लू गुप्ता, राहुल श्रीवास्तव, सक्षम गुप्ता, करिया झारिया व करिया झारिया का भाई तथा उनके साथ अन्य 25 से 30 लोग हाथों में लाठी, झंडा, राड, तलवार लिए मजार में घुस गए। मना करने पर गाली-गलौच करते हुए तोड़फोड़ कर दी।

# नगर निगम का अनुकंपा नियुक्ति अभियान शुरू
## दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को दी गई नियुक्तियां

**महापौर अन्नू और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार का संवेदनशील प्रयास**

**जबलपुर।** नगर निगम ने अपने कर्मचारियों और अधिकारियों के हितों की रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण प्रस्तुत किया है। महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के नेतृत्व में नगर निगम ने वर्षों से लंबित अनुकंपा नियुक्ति के मामलों को मिशन मोड में सुलझाया है।महापौर श्री "अन्नू" ने कहा कि नगर निगम के सभी अधिकारी और कर्मचारी उनके परिवार के सदस्य हैं और उनके हितों की रक्षा करना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि निगम परिवार के कर्मचारियों के प्रति संवेदनशीलता के साथ दायित्व निभाना महत्वपूर्ण है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि पिछले एक महीने में सभी लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों का सूक्ष्म परीक्षण किया गया है और दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को नियमों के तहत विभिन्न पदों पर नियुक्तियां दी गई हैं। इस संबंध में 47 दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए गए हैं, और उनकी नियुक्तियों के साथ आर्थिक लाभ भी प्रदान किया गया है। निगमायुक्त ने यह भी बताया कि शेष प्रकरणों का परीक्षण जारी है और जल्द ही बाकी पात्र परिजनों को भी नियुक्तियां दी जाएंगी। इस पूरी प्रक्रिया में विभागीय कार्य आवंटन और नियुक्त कर्मचारियों के आदेश जारी किए जाएंगे।इस अवसर पर निगमायुक्त श्री अहिरवार के साथ अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, देवेन्द्र सिंह चौहान, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त श्रीमती शिवांगी महाजन, कार्यपालन यंत्री नवीन लोनारे, विधि अधिकारी राजीव अनभोरे और अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर निगम की इस पहल से कर्मचारियों के परिवारों को नई उम्मीद और आर्थिक स्थिरता मिल रही है, और नगर निगम ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह अपने कर्मचारियों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पूरी संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा से निभाता है।

## ओमनगर में युवक की बेरहमी से पिटाई
### चोरी का आरोप लगाकर मारने का आरोप

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ओमनगर में एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि युवक पर चोरी का झूठा आरोप लगाकर उसकी जमकर पिटाई की गई, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई है। घटना प्रहलाद मूर्तिकार वाली गली में चल रही भागवत कथा के दौरान की बताई जा रही है। घायल युवक की बहन पद्मा केवट ने आरोप लगाया है कि पिंटू सेन और अन्य ने उसके भाई को घर से जबरन उठाया। इसके बाद उसे कथास्थल के पास ले जाकर बुरी तरह पीटा गया। परिजनों का कहना है कि युवक को जानबूझकर चोरी के झूठे मामले में फंसाया गया, जबकि असली संदिग्ध को मौके से भगा दिया गया।मारपीट में युवक को गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों के मुताबिक उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। मामले में एक चौंकाने वाला आरोप स्थानीय पार्षद प्रमोद पटेल पर भी लगाया




## डुमना एयरपोर्ट में आजीविका आउटलेट का वर्चुअल उद्घाटन

**जबलपुर।** म.प्र.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में भोपाल मे विगत दिवस मुख्यमंत्री द्वारा उदघाटित आजीविका विवरण क्षमतावर्धन कार्यशाला कार्यक्रम के अंतर्गत जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट में दो आजीविका आउटलेट का वर्चुअल उद्घाटन गुरुवार को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव द्वारा किया गया। एयरपोर्ट में इन आउटलेट की उपलब्धता जिला कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह तथा जिला पंचायत के सीईओ के नेतृत्व में हो सका।

## बीमा एजेंट पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज
### क्लेम दिलाने के नाम पर साढ़े पांच लाख हड़पे

**जबलपुर।** रांझी थानांतर्गत एक निजी कंपनी के बीमा एजेंट ने चिकिन सेंटर के संचालक को सड़क हादसे में विकलांग होने पर क्लेम दिलाने का झांसा देकर साढ़े पांच लाख हड़प लिए। आरोपी बीमा एजेंट पर मामला दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गयारू। रांझी पुलिस ने बताया कि अनूप बिहार और तिलहरी निवासी चैतन्य चौपड़ा रांझी मेन रोड में शेरे पंजाब चिकिन सेंटर चलाता है। वर्ष 2014 में आजीवन लाईफ इंश्योरेंश कंपनी के एजेंट अमित लांबा ने उनका 50 लाख का बीमा किया था। बीमा करते समय एजेंट ने उन्हें बीमाधारक की मृत्यु होने व पूर्ण विकलांग होने पर बीमा कवर मिलने का कहा था। गत 16 फरवरी को घर जाते समय चैतन्य चौपड़ा को डीमार्ट के पहले बेलगाम ट्रक ने टक्कर मार दी थी। घटना में चैतन्य के दोनों पैरूर कट जाने से वह स्थाई रूप से विकलांग हो गया था। जब चैतन्य ने बीमा एजेंट अमित लांबा से क्लेम के संबंध में बात कर कहा कि वह बीमा केवल मृत्यु होने पर बीमा कवर की सुविधा देता है। इससे विकलांग होने पर कवर क्लेम नहीं मिलेगा तो बीमा एजेंट अमित लांबा चैतन्य को गुमराह कर बोला कि वह बीमा कवर क्लेम कंपनी से दिला देगा। इसके लिए पैसे खर्च करना होगा। बीमा क्लेम दिलाने का झांसा देकर बीमा एजेंट अमित लांबा ने चैतन्य चौपड़ा से उसकी दुकान पर आकर लगभग साढ़े पांच लाख रुपये ले लिए। समय बीतने पर जब क्लेम नहीं मिला तो चैतन्य को पता चला कि वह धोखाधड़ी का शिकार हो गया है।

### यूपी के बांदा से हो रही सप्लाई, 170 कारतूस, 1 पिस्टल जब्त
# भोला मामा से कारतूस लेकर आ रहा दरोगा गिरफ्तार



**जबलपुर।**

क्राईम ब्रांच व गोसलपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई कर गोसलपुर मोहतरा टोल प्लाजा के पास घेराबंदी कर एक सेंट्रो कार को रोककर दो बदमाशों को पकड़ा और उनके पास से 1 पिस्टल, 170 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। अधारताल सुहागी निवासी आरोपी दरोगा उर्फ विशाल पांडे और आदर्श बेन ने पुलिस को जानकारी दी कि ये लोग उत्तरप्रदेश के बांदा जिले से 80 हजार रुपए में भोला मामा से कारतूस खरीदकर लाए। पुलिस के मुताबिक आरोपी दरोगा उर्फ विशाल पांडे का पुराना अपराधिक रिकार्ड है उसके खिलाफ विभिन्न थानों में एक दर्जन मामलें दर्ज हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम जितेंद्र सिंह ने यहां पुलिस कंट्रोलरुम में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर कटनी से आ रही एक सफेद सेंट्रो कार क्रमांक एमपी 20-सी 6302 को क्राइम ब्रांच और गोसलपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने मोहतरा टोल प्लाजा पर घेराबंदी कर रोका और तलाशी ली। कार में महाराजपुर अधारताल निवासी 25 वर्षीय दरोगा उर्फ विशाल पाण्डे, और सुहागी निवासी 22 वर्षीय आदर्श बेन सवार थे। तलाशी लेने पर दरोगा के पास से एक पिस्टल मिली और कार के डैशबोर्ड में 32 बोर के 160 कारतूस मिले। पूछताछ में आरोपी विशाल पाण्डे उर्फ़ दरोगा ने बताया कि वह और आदर्श ये कारतूस उत्तर प्रदेश के अतर्रा (बांदा) से 'भोला मामा' नाम के व्यक्ति से 80 हजार रुपये में खरीदकर लाए थे। इसमें से 72 हजार रुपये के कारतूस विशाल ने और 8 हजार रुपये के कारतूस आदर्श ने खरीदे थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी विशाल पाण्डे शातिर अपराधी है, जिस पर अधारताल और पनागर थाने में एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। दोनों के खिलाफ थाना गोसलपुर में आर्म्स एक्ट और बीएनएस की धारा 111 (संगठित अपराध) के तहत मामला दर्ज किया गया है।पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध थाना गोसलपुर में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट तथा संगठित अपराध का पाये जाने पर प्रथक से धारा 111 बीएनएस के तहत कार्यवाही की गयी।

# किया बैंक में बंधक रखे मकान को बेचने का सौदा

**आरोपी पति-पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज**

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत ग्राम मौजा खैरी में बैंक में बंधक रखे मकान का सौदा कर 19 लाख रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी पति पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती ग्राम सुहागी निवासी 31 वर्षीय शुभम कुर्मी ने लिखित शिकायत में आरोप लगाया है कि विजय नगर निवासी राकेश प्रसाद तिवारी एवं उनकी पत्नी ज्योति तिवारी ने बंधक रखे मकान का सौदा कर उनसे 19 लाख रुपये ले लिए। शिकायत के अनुसार, मौजा खैरी स्थित 3750 वर्गफुट प्लॉट में से 810 वर्गफुट निर्मित आरसीसी प्रथम तल मकान का 5 जून 2025 को कुल 25 लाख रुपये में सौदा हुआ था, जिसमें से 19 लाख रुपये अग्रिम दिए गए। पीड़ित के मुताबिक 17 जनवरी 2026 को इंडिया सेंटर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मदन महल के बैंक अधिकारी मकान पर पहुंचे और बताया कि उक्त संपत्ति पर अक्टूबर 2023 में 26 लाख रुपये का लोन लिया गया था तथा किस्तें न चुकाने पर कार्रवाई की जा रही है। आरोप है कि आरोपियों ने बैंक में बंधक रखे मकान का कूटरचित विक्रय अनुबंध कर धोखे से राशि हड़प ली। पुलिस ने पति-पत्नी के विरुद्ध धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।



## व्हाटसएप में लिखा ''मुझे तुम्हारी वजह से मरना पड़ा''...!

**पत्नी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज**

**जबलपुर।** थाना गोरखपुर की चौकी रामपुर क्षेत्र में 7 जनवरी 2026 को एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई थी। इस मामले में विवेचना के बाद पुलिस ने मृतक की पत्नी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने का मामला दर्ज कर लिया है। रामपुर पुलिस चौकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार चित्रांश स्कूल के पास रामपुर के पास निवासी दीपक कुमार वर्मा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामलें की जांच शुरू की। इस दौरान परिजनों के बयान सामने आए कि दीपक वर्मा की पत्नी श्रीमती रश्मि कनौजिया के विवाह के बाद भी अन्य पुरुष से संबंध होने को लेकर पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। दीपक द्वारा विरोध किए जाने पर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था।

बताया गया कि बीते करीब एक वर्ष से दीपक तनाव में था और पत्नी द्वारा कथित रूप से "जो करना है करो, जाकर मर जाओ" जैसे शब्द कहे जाते थे। घटना से पहले दीपक ने व्हाट्सएप चैट के माध्यम से संदेश लिखा कि "मुझे तुम्हारी वजह से मरना पड़ा, लेकिन मैं तुम्हारा नाम लिखकर नहीं जा रहा हूं।" इसके बाद उसने घर के कमरे में पंखे से चादर का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।पुलिस ने मामले में मृतक की पत्नी श्रीमती रश्मि के खिलाफ धारा 108 बीएनएसएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## वसूली अभियान: बल्देवबाग और भानतलैया में 28 करदाताओं के खिलाफ हुई कुर्की एवं तालाबंदी

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे वसूली अभियान के तहत नगर निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार बल्देवबाग और भानतलैया संभागों में बकाया करों की राशि न जमा करने वाले 28 करदाताओं के खिलाफ कुर्की एवं तालाबंदी की कार्रवाई की गई है। इस अभियान के अंतर्गत सहायक यंत्री और राजस्व टीम के सहयोग से इन दोनों संभागों में कड़ी कार्रवाई की गई। जिन करदाताओं ने बार-बार सूचना देने के बावजूद अपनी बकाया कर राशि का भुगतान नहीं किया था, उनके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही उन संपत्तियों को वैधानिक प्रक्रिया के अनुसार नीलाम करने की भी योजना बनाई गई है। संभाग क्रमांक 5 बल्देवबाग में सहिदाने करबला इमाम हुसैन मुतवल्ली गुलाम अहमद हुसैन मार्केट और कमानिया गेट पर 10 दुकानों पर तालाबंदी की गई, जिसमें 1 लाख 5 हजार 7 सौ 23 रुपये का संपत्ति कर बकाया था। कृष्ण तिवारी, विवेक जैन, तामिया और जफरूदीन से भी कार्यवाही के दौरान



बकाया राशि वसूल की गई।संभाग क्रमांक 8 भानतलैया में भी व्यापक वसूली अभियान चलाया गया। इसमें रघुवीर प्रसाद पर 1 लाख 40 हजार 9 सौ 11 रुपये, कामता अग्रवाल पर 4 लाख 46 हजार 2 सौ 21 रुपये, धनुषधारी मंदिर पर 59 हजार 3 सौ 83 रुपये, मुरारी लाल पर 35 हजार 6 सौ 53 रुपये, इस्माइल खान पर 39 हजार 4 सौ 94 रुपये, कुंवर लाल पर 1 लाख 93 हजार 9 सौ 87 रुपये सहित कई अन्य लोगों और संस्थाओं पर कुर्की की कार्रवाई की गई। इस कार्यवाही के दौरान संभागीय अधिकारी अनुपम शुक्ला, महेन्द्र पाल सिंह उइके, राजस्व निरीक्षक देवनाथ राठौर, और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। नगर निगम ने व्यापारियों से अपील की है कि वे अपने व्यापार लाइसेंस का नवीनीकरण समय पर कराएं, क्योंकि वर्ष 2026-27 के लिए लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। होली पर्व और मार्च माह के दौरान भीड़-भाड़ से बचने के लिए व्यापारियों को यह प्रक्रिया समय रहते पूरी करने की सलाह दी गई है।

नगर निगम के बाजार विभाग में लाइसेंस शाखा, जॉर्ज टाउन स्कूल, गोल बाजार से व्यापारी अपना लाइसेंस नवीनीकरण करवा सकते हैं। नगर निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने चेतावनी दी है कि यदि व्यापारियों ने निर्धारित समयसीमा में लाइसेंस नवीनीकरण नहीं कराया, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ननि की कड़ी कार्रवाई
## अवैध पेड़ कटाई पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर

**जबलपुर।** शहर की हरियाली को सुरक्षित रखने और पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने वालों को कड़ा संदेश देने के उद्देश्य से नगर निगम पूरी तरह से मुस्तैद है। नगर निगम के निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर अवैध रूप से पेड़ काटने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। सहायक यंत्री उद्यान श्रीमती दीप्ति भनारिया के अनुसार, संभाग क्रमांक 7 अधारताल के शहीद अब्दुल हमीद वार्ड, गांधी चौक में कुछ दिनों पहले अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा एक खाली प्लॉट में लगे पेड़ों को काट दिया गया था। जैसे ही यह जानकारी नगर निगम के संज्ञान में आई, अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई की। नगर निगम के उद्यान विभाग ने न केवल कटे हुए पेड़ों को जब्त किया, बल्कि पर्यावरण सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए अज्ञात दोषियों के खिलाफ अधारताल थाने में एफ.आई.आर. भी दर्ज कराई है। इस कार्यवाही के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी, संभागीय अधिकारी, संभागीय यंत्री और मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। नगर निगम ने इस कदम से यह स्पष्ट कर दिया है कि पर्यावरण सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं किया जाएगा, और ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी जो शहर की हरियाली और पर्यावरण को नुकसान पहुँचाते हैं।

# जबलपुर की मेंटनेंस टीम ने किया लाइव लाईन मेंटनेंस

## बिना शटडाउन लिए मेंटेनेंस से निर्बाध रही विद्युत आपूर्ति

**जबलपुर।** विंध्य क्षेत्र में उत्पादित सौर ऊर्जा की निर्बाध निकासी सुनिश्चित करने तथा संभागीय मुख्यालय रीवा सहित आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित न हो, इसके लिए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) की जबलपुर ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस टीम ने 220 केवी सबस्टेशन रीवा में चालू 2 लाख 20 हजार वोल्ट प्रणाली पर बेयर हैंड तकनीक से सफलतापूर्वक लाइव लाइन मेंटेनेंस कर एक उत्कृष्ट तकनीकी कार्य संपन्न किया। यह कार्य 220 केवी मेन बस पर 220 केवी सिरमौर बे के बस आइसोलेटर में उत्पन्न हॉट प्वाइंट को दूर करने हेतु हॉट लाइन मेंटेनेंस पद्धति से किया गया। इस चुनौतीपूर्ण कार्य को ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस की जबलपुर टीम ने रीवा पहुंचकर उच्च दक्षता, समन्वय और सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करते हुए बेयर हैंड तकनीक से सफलतापूर्वक पूर्ण किया।



### विद्युत व्यवधान टालने लिया गया निर्णय

एमपी ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता एम.पी. पटेल ने बताया कि सामान्य परिस्थितियों में इस प्रकार के मेंटेनेंस कार्य हेतु सबस्टेशन का शटडाउन लेना आवश्यक होता है। किन्तु शटडाउन लेने से रम्स की सोलर जनरेशन की निकासी बाधित होती और रीवा शहर, रामपुर बघेलान, व्योहारी, रामपुर नैकिन, रेलवे ट्रैक्शन तथा जेपी सीमेंट सहित अनेक उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति घंटों प्रभावित रहती। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रबंधन द्वारा लाइव लाइन मेंटेनेंस कराने का निर्णय लिया गया। विशेष प्रशिक्षित टीम के न होने से जबलपुर की टीम रीवा बुलाई गई, जिसने इस महत्वपूर्ण कार्य को अंजाम देकर सौर ऊर्जा की निकासी और क्षेत्रीय विद्युत आपूर्ति दोनों पूर्णतः निर्बाध बनाये रखा।

### इनका रहा विशेष योगदान

इस महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में जबलपुर के कार्यपालन अभियंता ए.पी.एस. चौहान तथा कनिष्ठ अभियंता राजू चौहान के मार्गदर्शन में जबलपुर की ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस टीम के दक्ष सदस्य ज्ञानेश्वर, कमलेश मरावी, होलकर सिंह एवं जगदीश ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

# साहित्यकार विनोद नयन, डॉ मुकुल व डॉ विनीता अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा रत्न से सम्मानित

**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर के वरिष्ठ साहित्यकार इंजी. विनोद 'नयन', वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवयित्री डॉ. मुकुल तिवारी तथा शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ. विनीता पाण्डेय को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर 'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा रत्न' मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नेपाल की संस्था शब्द प्रतिभा फाउंडेशन द्वारा उनकी साहित्यिक उपलब्धियों, साहित्य सेवा तथा मातृभाषा के संवर्धन में योगदान के लिए प्रदान किया गया।



इंजी. विनोद 'नयन' विगत 35 वर्षों से साहित्य एवं समाज में सक्रिय रहते हुए नवोदित साहित्यकारों को मंच प्रदान कर रहे हैं। वे अखिल भारतीय कवि सम्मेलनों के श्रेष्ठ उद्घोषक के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। उन्हें आकाशवाणी में 'ए ग्रेड कवि', टी.एन. शेषन सम्मान तथा काव्य श्री अलंकरण जैसे राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। वे प्रसंग अंतरराष्ट्रीय मंच के संस्थापक के रूप में मातृभाषा के संरक्षण और विकास के लिए सतत कार्यरत हैं। डॉ. मुकुल तिवारी साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से हिंदी भाषा के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। वंदे मातरम् संस्था के जरिए उन्होंने राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ. विनीता पाण्डेय विगत 30 वर्षों से शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। भाषा, साहित्य, संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी सक्रिय सहभागिता रही है। वे एक प्रेरक वक्ता एवं साहित्यकार के रूप में सोशल मीडिया सहित विभिन्न मंचों पर सक्रिय रहते हुए विद्यालय से महाविद्यालय स्तर तक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रही हैं। संस्था के अध्यक्ष आनंद गिरि मायालु ने बताया कि इस मानद उपाधि का उद्देश्य हिंदी भाषा एवं देवनागरी लिपि के संरक्षण, संवर्धन और वैश्विक प्रचार-प्रसार के साथ देश-विदेश के साहित्यकारों एवं शिक्षाविदों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर भारत, नेपाल, अमेरिका सहित पांच देशों के साहित्यकारों और शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर नगर के अनेक साहित्यकारों—डॉ. दीपक साहू, डॉ. ए.के. भंडारी, डॉ. विजय चावला, डॉ. रानू रूही, दीपक अग्रवाल, एड. तृप्ति त्रिवेदी, डॉ. अंकिता नेमा, डॉ. संध्या पाठक, डॉ. विनोद बाजपेई, सुभाष मणि बैरागी, इंदु सिंह कंचन, डॉ. शोभा सिंह, डॉ. प्रिया तिवारी, बसंत शर्मा, डॉ. मकबूल अली कादरी, अंबर प्रियदर्शी, कृष्णा राजपूत, अर्चना द्विवेदी गुदालु एवं शशि सिंह परिहार सहित अन्य साहित्यप्रेमियों ने शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

# दुर्गा मंदिर में पथराव करने वाले अभी भी खुलेआम घूम रहे!



## हिंदू पक्ष के ऊपर पुलिस की गलत कार्यवाही पर महिला संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** विगत दिनों आजाद चौक स्थित दुर्गा मंदिर में हुई पत्थरबाजी के बाद पुलिस द्वारा हिन्दू पक्ष के ऊपर की गई एकतरफा कार्यवाई एंव गलत धाराओं के तहत मामला कायम करने से नाराज़ महिला संगठन ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर एफआईआर पर पुनर्विचार करने की मांग की है। सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि विगत दिवस जब जय ज्योति समिति आजाद चौक सिहोरा में माताजी की आरती हो रही थी। तभी आरती में विघ्न डालते हुए सामने स्थित मस्जिद एवं आसपास के मुस्लिम घरों से पथराव किया गया और साथ ही समिति के लोगो से हाथापाई भी की गई और यह पथराव पुलिस के सामने हुआ उक्त पूरी घटना में मंदिर की रक्षा कर रहे हिंदूओं पर ही पुलिस ने गलत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जिसका पुनः निरीक्षण जरूरी है और साथ ही दंगा और पथराव करने वालों में कुछ लोग अभी भी खुले घूम रहे है जो भविष्य में इस घटना की पुनरावृत्ति कर सकते है उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए साथ ही मस्जिद में घटना के समय एक साथ इतने पत्थर एकत्रित करना असंभव प्रतीत होता है यह इस बात की ओर संकेत भी करता है यह पथराव प्रायोजित था इस नाते मस्जिद कमेटी पर भी मामला दर्ज कर जांच की जाए साथ हर ऐसे स्थल की जांच की जाए, जहां जहां पत्थर और हथियार इक्ट्ठे होने की संभावना हो सकती है।सिहोरा महिला संगठन ने गत दिवस हुई सांप्रदायिक घटना की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। इस अवसर पर संध्या दिलीप दुबे,अंजली गोलू पांडे,वंदना,विमला रजक, आकांक्षा गुप्ता,प्रीति रजक,सुमित्रा,कंचन,शीला, मंजू मिश्रा,आरती,रमा,रीता,आंचल के साथ अनेक महिलाएं भी उपस्थित रहीं।

# श्री सिंगाजी ताप विद्युत खंडवा का कमाल

## ड्राई ऐश निष्पादन का बनाया नया कीर्तिमान

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के खंडवा जिले में स्थापित श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह ने कुल 210 बल्कर ट्रक ड्राई ऐश विभिन्न उपयोग के लिए निजी कंपनियों को भेजकर ड्राई ऐश निष्पादन का नया रिकार्ड कायम किया। विद्युत गृह की 600 मेगावाट क्षमता की दो एवं 660 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयों से उत्पन्न ड्राई ऐश को प्रभावी प्रबंधन करते हुए कुल 210 बल्कर ट्रक के माध्यम से 7793 मीट्रिक टन ड्राई ऐश निष्पादित की गई। यह मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की फ्लाई ऐश के सदुपयोग, रि-साईकिल व निबटारा करने की प्रतिबद्धता का परिचायक है। पर्यावरण संबंधी बढ़ती चिंता और समस्या की बढ़ती गंभीरता के कारण फ्लाई ड्राई ऐश का प्रबंधन करना अनिवार्य हो गया है।पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा ड्राई ऐश का निष्पादन-कंपनी के विद्युत गृह तकनीकी दक्षता एवं उच्च कोटि के अभियंताओं के कुशल संचालन के लिए जाने जाते हैं, वहीं ड्राई ऐश का समुचित उपयोग भी एक महत्वपूर्ण आयाम है, जिसके लिए विशेष योजना एवं सतत निगरानी सुनिश्चित की जाती है। पावर प्लांट के फेज-1 से 143 बल्कर ट्रक द्वारा 5229 मीट्रिक टन ड्राई ऐश निष्पादित की गई जो कि पिछले वर्ष में निष्पादित 131 बल्कर ट्रक की तुलना में अधिक है। इसी प्रकार फेज-2 से 67 बल्कर ट्रक द्वारा 2563 मीट्रिक टन ड्राई ऐश सफलतापूर्वक निष्पादित की गई।क्या होता है ड्राई ऐश और क्या है उपयोग-ड्राई ऐश ताप विद्युत गृहों में कोयले के दहन से उत्पन्न उप-उत्पाद है, जिसका उपयोग निर्माण एवं औद्योगिक क्षेत्रों में व्यापक रूप से किया जाता है। यह पोर्टलैंड सीमेंट के आंशिक विकल्प के रूप में कंक्रीट निर्माण में प्रयुक्त होती है, जिससे मजबूती, टिकाऊपन, जल अवशोषण में कमी एवं कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। इसके अतिरिक्त इसका उपयोग ईंट, टाइल, सड़क, तथा औद्योगिक पेंट एवं कोटिंग्स बनाने में भी किया जाता है। विशेष रूप से क्लास-एफ फ्लाई ऐश का उपयोग एंटी-कोरोजिव एवं वाटरप्रूफ कोटिंग्स में किया जाता है, जिससे लागत में कमी के साथ गुणवत्ता में वृद्धि सुनिश्चित होती है। पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि-प्रबंध संचालक मनजीत सिंह एवं डायरेक्टर टेक्नकिल सुबोध निगम ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कंपनी की फ्लाई ऐश उपयोग के प्रति प्रतिबद्धता पहले से अधिक सशक्त हुई है और यह पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# गौवंश प्रबंधन को लेकर विहिप और बजरंग दल का प्रदर्शन

## निगम कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** शहर में गौवंश की देखभाल और प्रबंधन को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में एकत्रित कार्यकर्ताओं ने निगम कमिश्नर को ज्ञापन सौंपते हुए गौवंश प्रबंधन में लापरवाही और अनियमितताओं का आरोप लगाया।

संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि शहर में केटल वैन और गौ एम्बुलेंस की सेवाएं प्रभावी ढंग से संचालित नहीं हो रही हैं। उनका आरोप है कि बीमार और घायल गौवंश को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है, जिससे वे सड़कों पर ही पड़े रहते हैं।

कार्यकर्ताओं का कहना है कि आवारा गौवंश की समस्या से निपटने के लिए कोई स्पष्ट और ठोस योजना नजर नहीं आ रही है।

प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि गौवंश प्रबंधन का जिम्मा संभालने वाली एजेंसियां अपेक्षित कार्य नहीं कर रहीं, जबकि उन्हें नियमित भुगतान किया जा रहा है। संगठनों ने इस पूरे मामले की जांच कर पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है।

ज्ञापन में हाल ही की एक घटना का जिक्र भी किया गया, जिसमें एक बीमार गौवंश के साथ कथित रूप से लापरवाही बरती गई। संगठनों ने इसे गंभीर मामला बताते हुए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

### आंदोलन की चेतावनी

विहिप और बजरंग दल ने मांग की है कि संबंधित समिति या एजेंसी की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि एक महीने के भीतर स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो वे व्यापक आंदोलन शुरू करेंगे। नगर निगम प्रशासन की ओर से ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच का आश्वासन दिया गया है।

# महिमा जैन और स्मृति चौरसिया ने की कंपनी सेक्रेटरी परीक्षा उत्तीर्ण

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी कंपनी सेक्रेटरी कार्यालय में इंटर्नशिप कर रही महिमा जैन और स्मृति चौरसिया ने इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया द्वारा ली गई कंपनी सेक्रकेटरी (सीएस प्रोफेशनल) की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर ली है। उल्लेखनीय है कि महिमा जैन व स्मृति चौरसिया वर्तमान में पावर मैनेजमेंट कंपनी के कंपनी सेक्रेटरी विजय खंडेलवाल के अंतर्गत प्रशिक्षण हासिल कर रही हैं।





# नागा घाटी पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नेशनल हाईवे टीम ने किया निरीक्षण

**बरेला।** नागा घाटी पर आये दिन हो रही दुर्घटनाओं के लिए के लिए नेशनल हाईवे के रिंग रोड प्रोजेक्ट डायरेक्टर अमृतलाल साहू द्वारा इस ब्लैक स्पॉट का परीक्षण किया गया। ब्लैक स्पॉट पर निरीक्षण के दौरान नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अमृतलाल साहू द्वारा शारदा नगर तिराहे से लेकर निजी विश्वविद्यालय के आगे तक पैदल चलकर बारीकी से निरीक्षण कियाएवं नागा घाटी से आने वाले वाहनों की स्पीड कम करने के लिए समूह में ब्रेकर बनाने हेतु सुझाव दिया एवं इस आधे किलोमीटर के एरिया में चार पांच जगह दो-दो के ग्रुप में स्पीड ब्रेकर बनाने हेतु रोड एजेंसी को तत्काल ही आदेशित किया जिस पर रोड एजेंसी द्वारा तत्काल ही ब्रेकर बनाने की प्रक्रिया को प्रारंभ कर दिया गया है रिंग रोड के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अमृतलाल साहू का कहना है कि इस ब्लैक स्पॉट को खत्म करने के लिए विभाग द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं। निरीक्षण के समय ग्राम पंचायत रिछाई के सरपंच आशीष शुक्ला एवं रोड एजेंसी झंडू के अधिकारी नंदलाल लिलहारे भी उपस्थित थे।

# पीएम श्री विद्यालयों के माध्यम से विकसित हो रहे 21वीं सदी के कौशल

**जबलपुर।** भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम श्री विद्यालयों के निरीक्षण क्रम में भारत सरकार की संयुक्त सचिव अमरप्रीत सिंह दुग्गल का जबलपुर जिले में प्रवास रहा। विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने जिले के 27 पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्यों को संबोधित करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और छात्र-केंद्रित गतिविधियों पर विशेष बल दिया। इसी क्रम में आज उन्होंने केंद्रीय विद्यालय CMM जबलपुर का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मानकों एवं पीएम श्री योजना के विभिन्न घटकों का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। विद्यालय परिसर में संचालित शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना करते हुए उन्होंने विद्यालय परिवार को बधाई दी।



निरीक्षण के दौरान विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाएँ, अटल टिंकरिंग लैब, स्मार्ट क्लासरूम तथा आईसीटी कक्ष का अवलोकन किया गया। विद्यार्थियों को आधुनिक संसाधनों के माध्यम से व्यवहारिक एवं नवाचार आधारित शिक्षण उपलब्ध कराने के प्रयासों की उन्होंने विशेष सराहना की। इस अवसर पर "जादू नहीं विज्ञान" जैसी नवाचार गतिविधियाँ, आकर्षक विद्यालय प्रवेश द्वार, बैगलेस डे, गणित एवं विज्ञान सर्किल, टीएलएम नवाचार, यूथ क्लब एवं इको क्लब की गतिविधियों की जानकारी दी गई। इन पहलों के माध्यम से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता, पर्यावरण जागरूकता एवं जीवन कौशल के विकास पर बल दिया जा रहा है। निरीक्षण में विद्यालय की गतिविधियाँ सुव्यवस्थित पाई गईं।

बैठक में बताया गया कि पीएम श्री (Prime Minister Schools for Rising India) योजना का उद्देश्य चयनित विद्यालयों को आदर्श एवं उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप समग्र एवं अनुभव आधारित शिक्षा, डिजिटल संसाधनों का उपयोग, प्रोजेक्ट आधारित अधिगम तथा 21वीं सदी के कौशल—आलोचनात्मक चिंतन, समस्या समाधान, रचनात्मकता एवं संचार कौशल—पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही इको क्लब, यूथ क्लब एवं स्वच्छता गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक एवं पर्यावरणीय उत्तरदायित्व की भावना विकसित की जा रही है।

संयुक्त सचिव ने कहा कि पीएम श्री विद्यालयों का उद्देश्य आत्मनिर्भर, नवाचारी एवं जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है, जो भविष्य में राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ और अन्य विद्यालयों के लिए रोल मॉडल बनें। निरीक्षण उपरांत संयुक्त सचिव श्रीमती अमरप्रीत सिंह दुग्गल एवं उनकी कंसल्टेंट रेनू रुहिल अपराह्न 2 बजे की उड़ान से दिल्ली रवाना हुईं। इस अवसर पर दिल्ली से केंद्रीय शिक्षा विभाग की कंसल्टेंट रेनू रुहिल, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, केंद्रीय विद्यालय संगठन के उपायुक्त दिगराज मीणा, डीपीसी योगेश शर्मा, एडीपीसी गौतम बर्बे, विधि अधिकारी कृष्णकांत शर्मा, केंद्रीय विद्यालय के सहायक आयुक्त हीरालाल तथा विद्यालय के प्राचार्य अनुपम शुक्ला सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मझौली में 25 दिन से किसानों का धरना जारी

**मझौली।** कथित धान घोटाले और बकाया भुगतान की मांग को लेकर किसानों का धरना प्रदर्शन लगातार 25वें दिन भी जारी रहा। लंबे समय से भुगतान न होने से किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। धरना स्थल पर किसानों ने कहा कि घोटाले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए तथा उनका लंबित भुगतान तत्काल किया जाए। किसानों का आरोप है कि कई बार ज्ञापन सौंपने और अधिकारियों से मुलाकात करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। किसान नेताओं ने घोषणा की है कि शुक्रवार दोपहर बाद 2 बजे कटंगी रोड स्थित पुरानी मोहन दुकान से 'सब यात्रा' निकाली जाएगी, जो तहसील कार्यालय पहुंचकर समाप्त होगी। बड़ी संख्या में किसान इस शांतिपूर्ण रैली में शामिल होकर शासन-प्रशासन तक अपनी मांग पहुंचाएंगे। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इधर प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच जारी है और किसानों की समस्याओं के समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति शांतिपूर्ण बनी हुई है, हालांकि किसानों में रोष बना हुआ है।



**वाहन चालक और राहगीर हो रहे हादसे के शिकार**

# करौंदा-कुशनेर सड़क चौड़ीकरण में ठेकेदार की लापरवाही

**पनागर।**

करौंदा से कुशनेर सड़क चौड़ीकरण में ठेकेदार की लापरवाही वाहन चालकों समेत राहगीरों पर भारी पड़ रही है। बैरिकेटिंग और संकेतक नहीं लगाने के कारण लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। निर्माण कार्य में ठेकेदार की ओर से बरती जा रही हद दर्जे की लापरवाही के चलते राहगीरों को सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। वाहनों के गुजरने से गिट्टियां उचटकर राहगीरों और चालकों को घायल कर रहीं हैं।

वहीं पानी नहीं डालने के कारण सड़क पर धूल ही धूल हो चुकी है। दिन के वक्त तो जैसे तैसे वाहन चालक यहां से गुजरते हैं, लेकिन रात के वक्त यहां से निकलना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं रहता है। स्थानीय लोगों की शिकायतों के बाद भी ठेकेदार के कानों में जू नहीं रेंग रही है। राहगीरों का कहना है कि यदि ठेकेदार का रवैया इसी तरह रहा, तो किसी दिन कोई गंभीर हादसे के होने से इंकार नहीं किया जा सकता।



### सड़कों पर फैलीं गिट्टियां, गिर रहे चालक

बताया गया कि निर्माण के दौरान बेरीकेटिंग नहीं लगाए जाने के कारण वाहन चालक यहां-वहां से वाहन दौड़ा रहे हैं। इसके चलते नव निर्मित सड़क पर भी गिट्टियां फैल रहीं हैं। नतीजन दो पहिया वाहन चालक इन गिट्टियों से फिसलकर एक दूसरे वाहनों से टकरा रहे हैं या फिर गिर कर घायल हो रहे हैं। बावजूद इसके, कोई स्थाई निदान की बजाए ठेकेदार मौन धारण कर बैठा हुआ है।



### रात के वक्त खतरा ज्यादा, हादसे भी अधिक

स्थानीय लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि दिन के वक्त तो काम होता राहगीरों और वाहन चालकों को बखूबी दिखाई देता है। इस दौरान वाहन चालक जैसे तैसे तो वाहन निकाल लेते हैं, लेकिन जब रात के वक्त वापस लौटते हैं, तो कहीं खुदाई तो कहीं गिट्टियां गिर चुकी होतीं हैं। लाईट, बेरीकेटिंग और संकेतक नहीं होने के चलते खतरा अधिक हो जाता है और हादसे भी बढ़ जाते हैं।

# रानीताल कटाव में झारिया समाज धर्मशाला भवन का लोकार्पण

**मझौली।**

रानीताल (कटाव) में झारिया समाज धर्मशाला भवन का लोकार्पण पाटन–मझौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय विश्नोई द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने विधायक श्री विश्नोई का स्वागत करते हुए कहा कि वे हमेशा समाज के सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं और निरंतर सहयोग व मदद प्रदान करते हैं।



इस अवसर पर मझौली जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विध्या दिनेश चौरसिया, डॉ. अभिजीत विश्नोई, नगर परिषद मझौली विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र चौरसिया, मंडल अध्यक्ष मुकेश सेन, मनोरंजन राय, विजय साहू, गंगाराम कोष्टा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में झारिया कटाव धर्मशाला अध्यक्ष रामसुमेर झारिया, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रामेश झारिया, भीकम झारिया, संगीता झारिया, निर्मला झारिया, रामसुजान झारिया, कपिल झारिया, कमलेश झारिया, सत्यम झारिया, भोजराज झारिया, रामचरण झारिया, आशीष झारिया, गुड्डा झारिया सहित समस्त झारिया समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



**श्री भगवान दास अग्रहरि-** हाउसिंग बोर्ड, सुभाष नगर निवासी मनीष अग्रहरि के पिता श्री भगवान दास अग्रहरि का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज शुक्रवार को सुबह 11 बजे उनके निज निवास - हाउसिंग बोर्ड, सुभाष नगर से गौरीघाट के लिए प्रस्थान करेगी।

**श्रीमती तृप्ता शर्मा-** छापर रामपुर निवासी श्री बृजभूषण शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती तृप्ता शर्मा (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिलीप कुमार जाट-** बेलबाग निवासी श्री केशव प्रसाद जाट के पुत्र श्री दिलीप कुमार जाट (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अनिल कुमार साहा-** राजुल ड्रीम सिटी अमखेरा निवासी श्री अनिल कुमार साहा (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

निधन

**श्री रामकृष्ण केजरीवाल -** कुतुबुल्लापुर आंध्र प्रदेश निवासी श्री रामकृष्ण केजरीवाल (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राजू बाबा बरसे-** बागड़ी मोहल्ला सदर निवासी श्री राजू बाबा बरसे (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मीरा गायकवाड़-** 449/7, जीसीएफ एस्टेट निवासी श्री पृथ्वीराज गायकवाड़ की धर्मपत्नी श्रीमती मीरा गायकवाड़ (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मान सिंह राजपूत-** लियो कम्पाउंड सदर निवासी श्री मान सिंह राजपूत (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जीवन लाल रजक-** दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री जीवन लाल रजक (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति कालम से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 8x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

## खबर संक्षेप



### रुपया एक पैसे की गिरावट के साथ 90.92 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया एक पैसे टूटकर 90.92 पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और दुनिया की प्रमुख प्रतिस्पर्धी मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने से रुपये पर दबाव रहा। मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हालांकि, विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने से रुपये को समर्थन मिला और गिरावट पर अंकुश लग गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, डॉलर के मुकाबले रुपया 90.86 पर खुला।

### आरबीआई बांड की करेगा अदला-बदली नीलामी



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दो मार्च को 25,000 करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड की ''अदला-बदली नीलामी'' करने की घोषणा की। अदला-बदली नीलामी के तहत सरकार जल्द परिपक्व होने वाले बॉन्ड को लंबी अवधि वाले नए बॉन्ड से बदलन देती है ताकि उसे किसी एक ही साल में बड़ी रकम चुकाने का दबाव कम हो और भुगतान की समय-सीमा आगे खिसक जाती है। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि यह नीलामी सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक होगी।

### बीमा कंपनियां ग्राहक जोड़ने की लागत कम करें : इरडा



**कोलकाता।** बीमा उद्योग को अपनी लाभप्रदता बढ़ाने और उत्पादों को अधिक किफायती बनाने के लिए ग्राहक जोड़ने की लागत एवं प्रबंधन व्यय पर नियंत्रण करना होगा। बीमा नियामक इरडा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के सदस्य (गैर-जीवन) दीपक सूद ने उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में कहा कि ऊंची वितरण एवं प्रशासनिक लागत ने बीमा क्षेत्र को कम पैठ, अधिक लागत के चक्र में फंसा दिया है, जिससे कवरेज का विस्तार सीमित हो रहा है।

### इस्मा ने चीनी उत्पादन अनुमान को घटाया



**नई दिल्ली।** उद्योग निकास इस्मा ने शीर्ष उत्पादक राज्यों... महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में कम पैदावार का हवाला देते हुए कहा कि विपणन वर्ष 2025-26 के लिए भारत का चीनी उत्पादन का अनुमान 5.57 प्रतिशत घटाकर 3.24 करोड़ टन कर दिया गया है। कार्यकारी समिति की बैठक के बाद जारी किया गया तीसरा अग्रिम अनुमान, तीन करोड़ 43.5 लाख टन के दूसरे अनुमान के बाद आया है।

### सेडेमैक का आईपीओ चार मार्च को खुलेगा



**नई दिल्ली।** पावरट्रेन कंट्रोल और मोटर वाहन कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी सेडेमैक मेकाट्रॉनिक्स लिमिटेड का 1,087 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) चार मार्च को खुलेगा। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 1,287-1,352 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। ऊपरी सीमा पर कंपनी का मूल्यांकन करीब 6,000 करोड़ रुपये आंका गया है। यह निर्गम चार मार्च को खुलेगा और छह मार्च को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक दो मार्च को बोली लगा पाएंगे।

# सरकार 'ग्रेड' आधारित ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली लाने की तैयारी में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और जिम्मेदारी से वाहन चलाने को बढ़ावा देने के लिए 'ग्रेड' आधारित ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली लागू करने की योजना बना रही है। इसके तहत यातायात नियमों के उल्लंघन पर अंक काटे जाएंगे और गंभीर या बार-बार उल्लंघन की स्थिति में लाइसेंस निलंबित या रद्द किया जा सकेगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि देश में हर वर्ष करीब 1.8 लाख लोगों की मौत मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए वाहन चलाने, तेज रफ्तार, गलत दिशा में जाने या नशे में गाड़ी चलाने जैसे कारणों से होती है।

### सबसे बड़ी चुनौती नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन

राष्ट्रीय राजधानी में उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों का जीवन अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार सड़क सुरक्षा के लिए कई कदम उठा रही है। गडकरी ने बताया कि सरकार पहले ही यातायात नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना बढ़ा चुकी है, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन है।

**केंद्रीय मंत्री गडकरी ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सम्मेलन को किया संबोधित**



### योजना जल्द शुरू की जाएगी

गडकरी ने कहा, 'हम ड्राइविंग लाइसेंस में 'ग्रेडेड अंक प्रणाली' ला रहे हैं।' मंत्री ने समझाते हुए कहा कि यातायात उल्लंघन पर कुछ अंक काटे जाएंगे। यदि सभी अंक समाप्त हो जाते हैं तो दोषी का लाइसेंस छह महीने के लिए निलंबित किया जा सकता है या अपराध दोहराने पर रद्द भी किया जा सकता है। यह योजना जल्द ही शुरू की जाएगी।

### हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग न करने से 1.2 लाख की गई जान

हेलमेट का उपयोग न करने से 54,122, सीट बेल्ट का इस्तेमाल न करने से 14,466 जबकि तेज रफ्तार के कारण 1.2 लाख लोगों की जान गई। अन्य प्रमुख कारणों में गलत दिशा में व नशे में वाहन चलाना और मोबाइल फोन का इस्तेमाल शामिल हैं। मंत्री ने लोगों से अपील की कि वे दुर्घटना पीड़ितों की मदद करें और उपचार खर्च या कानूनी औपचारिकताओं की चिंता न करें।

### दुर्घटना के शिकार व्यक्ति को मिलेगा कैशलेस इलाज

पीएम राहत योजना (रोड एक्सिडेंट विक्टिम हॉस्पिटलाइजेशन एंड एश्योर्ड ट्रीटमेंट) के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए आपातकालीन सहायता प्रणाली उपलब्ध है। इस योजना के अंतर्गत किसी भी श्रेणी की सड़क पर दुर्घटना के शिकार व्यक्ति को दुर्घटना की तारीख से सात दिन तक 1.5-1.5 लाख रुपये तक का नकद रहित (कैशलेस) उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

## योजनाओं के वर्गीकरण के लिए संशोधित रूपरेखा जारी

# सेबी ने म्यूचुअल फंड वर्गीकरण नियम में किया सुधार, 'लाइफ साइकल फंड' पेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने बृहस्पतिवार को म्यूचुअल फंड योजनाओं के वर्गीकरण के लिए एक संशोधित रूपरेखा जारी की। इसके तहत 'लाइफ साइकल फंड' को शामिल किया गया है, समाधान उन्मुख योजनाओं की श्रेणी को समाप्त किया गया है और एकरूपता और निवेशक संरक्षण को बढ़ाने के लिए खुलासा मानदंडों को सख्त किया गया है। यह कदम, योजनाओं के नाम में बढ़ा-चढ़ाकर किए गए रिटर्न दावों पर अंकुश लगाने और 'नाम के अनुरूप' स्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। सेबी म्यूचुअल फंड के बदलते परिदृश्य और विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में उभरते अवसरों के अनुरूप नियामकीय रूपरेखा बनाने का प्रयास कर रहा है।

**समाधान उन्मुख योजनाओं की श्रेणी को समाप्त किया गया**

**एकरूपता व निवेशक संरक्षण बढ़ाने खुलासा मानदंड सख्त किए**

### योजनाओं को पांच श्रेणियों में रखा गया

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने परिपत्र में योजनाओं को मोटे तौर पर पांच श्रेणियों... इक्विटी, ऋण (बॉन्ड), हाइब्रिड, लाइफ साइकल और अन्य योजनाएं- फंड ऑफ फंड्स योजनाएं और इंडेक्स फंड या ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) जैसी पैसिव योजनाओं...में वर्गीकृत किया है।



### निर्धारित प्रारूप का सख्ती से पालन करना होगा

पेशकश दस्तावेजों और विज्ञापनों में 'योजना के प्रकार' के विवरण में सेबी के निर्धारित प्रारूप का सख्ती से पालन करना चाहिए। चॉइस वेल्थ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निकुंज सर्राफ ने कहा कि सेबी के नए वर्गीकरण नियम खुदरा निवेशकों के लिए लगातार जटिल होते जा रहे इस उद्योग को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### योजनाओं में दोहराव कम होगा

सराफ ने कहा, ''इक्विटी, डेट (बॉन्ड), हाइब्रिड और समाधान-उन्मुख फंड में श्रेणियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करके और एक समान परिसंपत्ति आवंटन सीमाएं निर्धारित करके, नियामक यह सुनिश्चित कर रहा है कि योजनाएं वास्तव में अपने दावों को प्रतिबिंबित करें। इससे दोहराव कम होता है, तुलनात्मक स्थिति बेहतर होती है और उत्पाद की स्थिति में आवश्यक पारदर्शिता आती है।''

### योजनाओं की पहचान होगी आसान

सेबी ने कहा, ''योजना का नाम योजना श्रेणी के अनुरूप होगा। इसका मकसद निवेशकों के लिए योजनाओं की पहचान को आसान बनाना और म्यूचुअल फंड में एक विशेष श्रेणी की योजनाओं के नामों में एकरूपता लाना है।'' बाजार नियामक ने कहा, ''योजना के नाम में ऐसे शब्दो /वाक्यांशों का प्रयोग नहीं किया जाएगा जो केवल योजना के प्रतिफल पहलू को बताते हों।''

### योजनाओं में अनिवार्य पांच साल की लॉक-इन अवधि होगी

समाधान-उन्मुख म्यूचुअल फंड योजना विशेषीकृत, दीर्घकालिक निवेश साधन हैं जो सेवानिवृत्ति या बच्चों की शिक्षा जैसे विशिष्ट लक्ष्यों के लिए तैयार किए गए हैं। इन योजनाओं में अनिवार्य पांच साल की 'लॉक-इन' अवधि होती है।

**विदेशी प्रतिभूतियों को अलग वर्ग में नहीं माना जाएगा**

सेबी ने कहा कि विदेशी प्रतिभूतियों को अब एक अलग परिसंपत्ति वर्ग के रूप में नहीं माना जाएगा। साथ ही, नियामक ने पूर्व-निर्धारित परिपक्वता और लक्ष्य-आधारित निवेश के लिए 'ग्लाइड पाथ' रणनीति के साथ ओपन-एंडेड योजनाओं के रूप में 'लाइफ साइकल फंड' की शुरुआत की है इसमें इक्विटी, डेट, इनविट (बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्ट) और गोल्ड/सिल्वर ईटीएफ आदि में निवेश करने की सुविधा प्रदान की जाती है।

# चांदी 7,400 रुपए लुढ़की सोना 1,300 रुपए टूटा

## कमजोर वैश्विक रुख से कारोबारियों ने की मुनाफा वसूली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कमजोर वैश्विक रुख और कारोबारियों की मुनाफावसूली के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 7,400 रुपये घटकर 2.70 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि सोना 1,300 रुपये के नुकसान के साथ 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

■ **चांदी घटकर 2.70 लाख रुपए प्रति किलो रह गई**

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी 7,400 रुपये या लगभग तीन प्रतिशत घटकर 2,70,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। इसका पिछला बंद स्तर 2,77,900 रुपये प्रति किलोग्राम था। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,300 रुपये या लगभग एक प्रतिशत घटकर 1,62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गया। पिछले बाजार सत्र में यह 1,64,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### म्यूचुअल फंड के पास रखे सराफा की मूल्यांकन व्यवस्था बदली



**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने बृहस्पतिवार को म्यूचुअल फंड योजनाओं के तहत भौतिक रूप से रखे गये सोने और चांदी की मूल्यांकन व्यवस्था में संशोधन किया। इसके तहत शेयर बाजारों द्वारा सर्वेक्षण के आधार पर जारी हाजिर मूल्यों का उपयोग मूल्य निर्धारण के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। भौतिक रूप से वितरित सर्राफा डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान के लिए उपयोग किए जाने वाले हाजिर मूल्य अब ऐसी संपत्ति के मूल्य निर्धारण का आधार बनेंगे, जो पहले के मानक का स्थान लेंगे। प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने परिपत्र में कहा कि यह एक अप्रैल, 2026 से प्रभावी होगा। सेबी ने कहा, ''यह निर्णय लिया गया है कि एक अप्रैल, 2026 से...म्यूचुअल फंड भौतिक सोने और चांदी का मूल्यांकन मान्यता प्राप्त शेयर बाजारों द्वारा प्रकाशित सर्वेक्षण किए गए हाजिर मूल्यों का उपयोग करके करेंगे, जिनका इस्तेमाल भौतिक रूप से वितरित सोने और चांदी के डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान के लिए किया जाता है।

### उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार स्थिर रुख के साथ बंद

**एजेंसी:मुंबई।** वैश्विक संकेतों के बीच उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 27 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी में 14 अंक की बढ़त दर्ज की गई।कारोबारियों ने कहा कि एचडीएफसी बैंक एवं कुछ अन्य प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से सूचकांकों पर दबाव बना। इसके अलावा अमेरिका-ईरान वार्ता के पहले निवेशकों ने सतर्कता भी दिखाई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 27.46 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 82,248.61 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 82,579.16 अंक के ऊपरी और 81,970.47 अंक के निचले स्तर को छुआ। इस तरह सूचकांक में 608.69 अंक का उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया। वहीं, निफ्टी 14.05 अंक बढ़कर 25,496.55 अंक पर पहुंच गया।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**BG कोचेस च्या पेंटिंग, स्टेन्सिलिंग आणि क्रेंस चा CAMC साठी ई-निविदा सूचना**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, MIB-WS, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित है:

**1. निविदा सूचना सं.:** MIBW-2025-19-06-09-08R2 दिनांक: 19.02.2026 **कार्य का विवरण:** मोतीबाग वर्कशॉप, नागपुर में कार्य के दायरे के अनुसार BG कोचों की पेंटिंग और स्टेंसिलिंग कार्य। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,61,92,851/- (रु. एक करोड़ इकसठ लाख बानवे हज़ार आठ सौ इक्यावन मात्र), सभी करों सहित), **बयाना राशि:** ₹ 2,31,000/- (रु. दो लाख इक्कतीस हज़ार मात्र), **अनुबंध की अवधि:** 01 (एक) वर्ष, **निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0 (शून्य)।

**2. निविदा सूचना संख्या:** MIBW-2025-19-06-03-06 दिनांक: 19.02.2026 **कार्य का विवरण:** मोतीबाग वर्कशॉप में स्थापित 10 EOT क्रेन्स और 06 पिलर माउंटेड जिब क्रेन्स का 03 साल की अवधि के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,62,14,145/- (रु. एक करोड़ बासठ लाख चौदह हज़ार एक सौ पैंतालीस मात्र), सभी करों सहित), **बयाना राशि:** ₹ 2,31,100/- (रु. दो लाख इक्कतीस हज़ार एक सौ मात्र), **अनुबंध की अवधि:** 03 (तीन) वर्ष, **निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0 (शून्य)।

**निविदा जमा करना:** बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **13.03.2026** के **11:00** बजे तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है व इन्हे अस्वीकार कर दिया जाएगा। । प्राप्त सभी मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा। विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य यांत्रिकी अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मोतीबाग, नागपुर**

MS/75-326

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद् खरसिया जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक / 1752/न.पा.प./ लो.नि.वि/2025-26 खरसिया, दिनांक 26.02.2026

**।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

नगर पालिका खरसिया क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 18 में डॉ.बी.आर. अम्बेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन निर्माण कार्य राशि 198.87 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 186397) आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड की जा सकता है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद खरसिया**

**कार्यालय, नगर पंचायत खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
E-mail-npkharora@gmail.com

क्रमांक / 3143/न.पं./ लो.नि.वि./ 2025-26 खरोरा, दिनांक 25.02.2026

**// षष्ठम ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //**

नगर पंचायत खरोरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | ऑनलाईन निविदा डाऊनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 186183 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat kharora under SBM 2.0 (6 th Call) | 187.55 | 09-03-2026 (Time 9.00 PM) |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी डाऊनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत खरोरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जबलपुर**

ई-मेल - eephedSjab@nic.in, दूरभाष क्रमांक 0761-2344814

निविदा क्रमांक 48 / व.ले.लि./का.यं. / 2025-26 जबलपुर दिनांक 19.02.2026

निम्न कार्यों हेतु निविदा का आनलाईन वेबसाईट https://www.mpterders.gov.in पर आमंत्रित की गई हैं। ऑनलाईन निविदा विक्रय करने की अंतिम तिथि 06.03.2026 सायं 05.30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 09.03.2026 11.00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा । विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

A- Name of Work - Balance work of Piped Water Supply Scheme to supply Driking water through Household connections of Village Malakala of Block Patan District JABALPUR in the NIT with provision of Operation and maintenance of entire Scheme

| NIT. NO. | E-tender No | PAC Rs. in Lakhs | e-EMD in Rs. | Cost of Tender in Rs. | Completion period |
|---|---|---|---|---|---|
| 48 | 2026_PHED _483988_1 | 25..84 | 25840 | 5000 | 01 Month |

G-26496/25

**(शरद सिंह) कार्यपालन यंत्री**

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला-रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक-914/ई-टेण्डर/न.पा.नि./2026 रीवा, दिनांक 25.02.2026

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा एनआईटी क्रमांक/ दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_485165_1 25.02.2026 (FRIST CALL) 914/25.02.2026 | नगर पालिक निगम रीवा अस्पताल चौराहा में गांधी मेमेरियल अस्पताल के पास 100 सीटर रैन बसेरा का निर्माण कार्य। | 12 माह रू 522.03 लाख | रू 20000.00 रू 2,61,017.00 | 01.04.2026 18:00 बजे तक। |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

N.IT. NO..../PWD/2025-26/04/E-tendring/PRO 926 Dated- 26.02.2026

**लोककर्म विभाग / / निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार/ मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्रं. | टेण्डर कमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD_484285_1 26.02.2026 | सं.क्र.-03 डॉ जॉर्ज डिसिल्वा वार्ड- अंतर्गत गोरखपुर गुरूद्वार के पीछे अर्जुन बिला से नाले तक दोनों ओर कवर्ड आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (पार्षद अनुशंसा) | 03 माह रू 8.47 | 2000/- 8470/- | 13/03/2025 |
| 2. | 2026_UAD_484285_2 26.02.2026 | सं.क्र.-04 डॉ जॉर्ज डिसिल्वा वार्ड- अंतर्गत कंटगा शर्मा जी के घर से अरविंद जयसवाल जी के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य (पार्षद अनुशंसा) | 03 माह रू 4.09 | 2000/- 4090/- | 13/03/2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन की वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री, संभाग क्रमांक -04 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम् मण्डल नर्मदापुरम्**
Office Email IDseresnarmda@mp.gov.in, Office Phone No. 07574-250166

क्र.340/ निविदा/ग्रा.या. से/2026 नर्मदापुरम दिनांक 18/02/2026

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 15/2025-26 (प्रथम आमंत्रण)**

मप्र के राज्यपाल की ओर से आनलाईन मोहरबंद प्रतिशत दर पर निविदायें फार्म "ए" (Appendix 2.10) पर ग्रायांसे संभाग नर्मदापुरम जिला नर्मदापुरम की म.प्र. लोक निर्माण विभाग के केंद्रीयकृत प्रणाली में समतुल्य / सक्षम श्रेणी में पंजीकृत सी श्रेणी ठेकेदारा से 2 कवर पद्धति में सिविल कार्य हेतु ग्रायांसे में प्रचलित एस.ओ.आर दिनांक 11.04.2022 से प्रभावशील दर अनुसूची एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु लो.नि.वि. के विद्युत एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2024 से प्रचलित दर अनूसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) दर के आधार पर अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम मंडल नर्मदापुरम के कार्यालय में आनलाइन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (रू.लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | कार्य अवधि वर्षाकाल सहित(माह में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_RES _481480 | ग्राम बुधवाड़ा में तालाब सौंदर्यीकरण कार्य, विकासखण्ड नर्मदापुरम | 8081360/- | 81000/- | 09 माह | 1000/- |
| 2 | 2026_RES _481482 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल हिरनखेड़ में 01 अतिरिक्त कक्ष एवं 03 लैब निर्माण कार्य वि.ख. सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम | 4845090/- | 50000/- | 09 माह | 5000/- |
| 3 | 2026_RES _481484 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल इकलानी में 01 अतिरिक्त कक्ष एवं 01 लैब निर्माण कार्य वि.ख. सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम | 2874758/- | 50000/- | 06 माह | 5000/- |
| 4 | 2026_RES _481485 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बीकोर में 01 अतिरिक्त कक्ष एवं 01 लैब निर्माण कार्य वि.ख. माखननगर, जिला नर्मदापुरम | 2874758/- | 50000/- | 06 माह | 5000/- |
| 5 | 2026_RES _481486 | ग्राम पाहनबर्री जनपद पंचायत नर्मदापुरम में मंगल भवन निर्माण कार्य जिला नर्मदापुरम | 3292181/- | 50000/- | 06 माह | 5000/- |
| | योग- | | 21968147/- | दो करोड़ उन्नीस लाख अड़सठ हजार एक सौ सैतालिस | | |

उपरोक्तानुसार निर्माण कार्य की निविदा आमंत्रण की निम्नानुसार तिथियाँ निर्धारित की जाती हैं :-

| क्र. | विवरण | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा ऑनलाईन प्रकाशित होने के तिथि | 27/02/2026 | 18:00 |
| 2 | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की प्रारंभिक तिथि | 28/02/2026 | 18:00 |
| 3 | ऑन लाईन बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि | 28/02/2026 | 18:00 |
| 4 | ऑनलाईन बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 16/03/2026 | 13:00 |
| 5 | ऑनलाईन निविदा खुलने की तिथि | 17/03/2026 | 13:00 |

निविदाप्रपत्र (Tender Document) वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन प्रकाशित एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किए जाऐंगे।पृथक से समाचार पत्रो मे प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

जी- 26468/25 स्वच्छता ही सेवा

**अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम् मण्डलनर्मदापुरम**

## चिंतन

# रचनात्मक स्वतंत्रता व सामाजिक संवेदनशीलता के बीच हो संतुलन

केरल उच्च न्यायालय ने फिल्म 'केरला स्टोरी 2' की रिलीज पर रोक लगा दी और सेंसर बोर्ड को कहा है कि वह इसे दिए गए प्रमाणपत्र की पुनः समीक्षा करे। असल में फिल्मों के नाम व कथानक को लेकर भारत में विवाद कोई नया नहीं है। हाल ही में एक फिल्म घूसखोर पंडित के टाइटल पर भी तीखा विवाद हुआ था और निर्माता द्वारा नाम बदलने के बाद ही यह मामला शांत हुआ। शायद ही कोई कला माध्यम सिनेमा जितनी तीव्र सार्वजनिक बहस को जन्म देता हो। फिल्में केवल मनोरंजन नहीं करतीं, वे इतिहास की व्याख्या करती हैं, संस्कृति को आकार देती हैं और भावनात्मक प्रतिक्रियाएं भी उत्पन्न करती हैं। इसी कारण फिल्मों को लेकर विवाद इस माध्यम की प्रकृति का हिस्सा हैं। राजनीतिक, धार्मिक, क्षेत्रीय व जातीय विषयों वाली फिल्में अक्सर व्यापक सामाजिक तनावों का केंद्र बन जाती हैं। ताजा विवाद भी कुछ इसी तरह का है। मामले में याचिकाकर्ता का तर्क था कि फिल्म विभिन्न राज्यों की महिलाओं के बारे में है, जिन्हें कथित रूप से फुसलाकर धार्मिक परिवर्तन के लिए मजबूर किया जाता है, लेकिन फिल्म का शीर्षक केरला स्टोरी 2 है, जिससे कथित तौर पर जबरन धर्मांतरण के विषय को केरल राज्य से जोड़कर प्रस्तुत किया गया है। यह भी आरोप लगाया गया कि यह फिल्म कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा कर सकती है। यह फिल्म एक भ्रामक क्षेत्रीय संबंध स्थापित करती है और केरल के लोगों की गरिमा एवं प्रतिष्ठा को कमजोर करती है। देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बहस का विषय रही है। इसे लेकर अनेक बार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पैरोकारों के बीच विरोधाभास भी देखने को मिला है। दरअसल, लोग अपनी सुविधा के हिसाब से इस स्वतंत्रता का पक्ष लेते रहे हैं। सिनेमा के क्षेत्र में ऐसा होना कोई अपवाद नहीं है। अधिकांश फिल्म विवादों के मूल में एक केंद्रीय मुद्दा होता है व्याख्या। एक फिल्मकार की दृष्टि अक्सर जनता की धारणा से टकरा जाती है। जब दर्शकों को लगता है कि किसी फिल्म में उनकी पहचान, इतिहास या मूल्यों का गलत चित्रण किया गया है तो विरोध स्वाभाविक हो जाता है। उदाहरण के तौर पर ऐतिहासिक विषय पर बनी फिल्म पद्मावत को रिलीज से पहले ही भारी विरोध का सामना करना पड़ा। यह विरोध फिल्म की वास्तविक सामग्री से अधिक सांस्कृतिक विकृति की आशंका पर आधारित था। यह प्रवृत्ति दर्शाती है कि आजकल विवाद अक्सर फिल्म देखने से पहले ही राजनीतिक और सामाजिक आशंकाओं के कारण खड़े हो जाते हैं। राजनीतिक विषयों पर आधारित फिल्में भी तीखी प्रतिक्रियाओं को जन्म देती हैं। द कश्मीर फाइल्स इसका प्रमुख उदाहरण है, जिसने भारत में गहन राष्ट्रीय बहस को जन्म दिया। समर्थकों ने इसे ऐतिहासिक पीड़ा का सशक्त चित्रण बताया, जबकि आलोचकों ने इसके कथानक और राजनीतिक दृष्टिकोण पर प्रश्न उठाए। इससे स्पष्ट होता है कि सिनेमा अब केवल कला का माध्यम नहीं, बल्कि वैचारिक विमर्श का मंच भी बन गया है। सोशल मीडिया ने इन विवादों को और अधिक तेज और व्यापक बना दिया है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन जैसी संस्थाओं का दायित्व रचनात्मक स्वतंत्रता और सामाजिक संवेदनशीलता के बीच संतुलन बनाना है, लेकिन उनके निर्णयों की अक्सर दोनों पक्षों से आलोचना होती है। कभी अधिक सख्ती के लिए तो कभी ढील देने के लिए। यह द्वंद्व हमारे समाज की जटिलता को दर्शाता है। हालांकि, कई बार ऐसे विवाद समाज में आवश्यक संवाद को जन्म देते हैं।

# क्या ट्रंप सबसे विवादित राष्ट्रपति कहलाएंगे



**विश्लेषण**
ऋतुपर्णा दवे

डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति कम, कई बार राष्ट्रविद्रोही की भूमिका में ज्यादा नजर आने लगते हैं। वहां के सुप्रीम कोर्ट ने कानून की हद और जद में वो फैसला सुनाया, जो उनके खिलाफ था। मुख्य न्यायधीश जॉन रॉबर्ट्स द्वारा लिखे गए फैसले के कुछ घंटे बाद ट्रंप ने बौखलाहट भरी प्रतिक्रियाएं दीं कि टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बेहद निराशाजनक है। कोर्ट के कुछ सदस्यों पर शर्म आ रही है, जो देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं कर पाए। निश्चित रूप इससे ट्रंप की साख गिरी है, न कि अमेरिकी सुप्रीम अदालत की। निश्चित रूप से ट्रंप की स्थिति बहुत मजाक वाली हो गई है, कहीं न कहीं वो हाशिए पर भी हैं।

न्याय तो न्याय होता है फिर वो अपनों के लिए हो या गैरों के लिए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यह भी नागवार गुजरा, जब वहां के सुप्रीम कोर्ट ने कानून की हद और जद में वो फैसला सुनाया, जो उनके खिलाफ था। दरअसल अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट में अदालतों की नियुक्ति वहां के राष्ट्रपति करते हैं जो कि आजीवन या जब तक जज सक्षम, स्वस्थ और सक्रिय रहें, तब तक के लिए होती है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में ट्रंप के पहले कार्यकाल के नियुक्त तीन जज थे। इनसे ट्रंप पूरे भरोसे में थे, इतने कि उन्हें अपनी जागीर समझ बैठे। फैसला उनके खिलाफ भला कैसे जाएगा? लेकिन वो ये भूल गए कि जजों ने न्याय करने की शपथ ली थी न कि ट्रंप के हितों की रक्षा की। फैसला आते ही उन्होंने जिन शब्दों में सुप्रीम कोर्ट और खिलाफ फैसला देने वाले जजों पर आरोप लगाए तो निश्चित रूप से अमेरिका की पूरी न्याय प्रणाली पर कटाक्ष था, जो बेहद निंदनीय है। इसी तरह हालिया भारत-पाक युद्ध को रोकने को लेकर अनगिनत बार एकतरफा बोलने वाले ट्रंप इस बार तो इतना कह गए कि यदि वो दोनों का परमाणु युद्ध नहीं रुकवाते तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की हत्या हो जाती।

वाकई ट्रंप, ट्रंप ही हैं और वो अमेरिका के राष्ट्रपति कम, कई बार राष्ट्रविद्रोही की भूमिका में ज्यादा नजर आने लगते हैं। दुनिया भर में इस फैसले की चर्चा इसलिए भी हो रही है कि वहां के सुप्रीम कोर्ट ने बहुमत से इसे असंवैधानिक करार दिया। इसमें ट्रंप के नियुक्त जजों ने भी अहम भूमिका निभाई। 6-3 के बहुमत से ट्रंप टैरिफ को असंवैधानिक करार देते हुए 1977 के आईईईपीए कानून यानी 'अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम' (इंटरनेशनल इमरजेंसी इकॉनामिक पॉवर ऐक्ट) का हवाला दिया। यह वो अमेरिकी कानून है जो राष्ट्रपति को राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान विदेशी खतरों से निपटने के लिए आर्थिक लेनदेन, आयात-निर्यात और संपत्ति को विनियमित करने का अधिकार देता है। जबकि अमेरिका में ऐसी स्थिति नहीं है। बिना कांग्रेस की सहमति लिए जिद्दी ट्रंप ने दुनिया भर में मनमाने टैरिफ ठोंक दिए। इससे भारत भी अछूता नहीं रहा। फैसला आते ही कुछ देर में ट्रंप ने प्रेस कांफ्रेंस की, जिसमें फैसले की न केवल आलोचना की बल्कि विरोध में फैसला देने वाले खुद के नियुक्त जजों को जमकर कोसा, लताड़ा भी। कोर्ट पर मनमाने आरोप भी लगाए और कहा कि अदालत विदेशी हितों और ऐसे राजनीतिक आंदोलनों से प्रभावित है, जो लोगों की सोच से छोटे हैं। फैसले को अपने चुनाव परिणाम से जोड़ते हुए कहा कि मैं लाखों वोटों से जीता फिर भी धोखाधड़ी हुई, नहीं तो अंतर और बढ़ता बावजूद इसके भारी मतों से जीता। उन्होंने यहां तक कहा कि जो लोग बुरे, अनजान और शोर मचाने वाले हैं, वो चिल्लाकर बोलते हैं। ऐसा लगता है कि कुछ जज इससे डर गए और सही काम नहीं करना चाहते। जस्टिस गोरसच और जस्टिस बैरेट जो ट्रंप के द्वारा नियुक्त थे, ने भी खिलाफ में फैसला दिया, जबकि ब्रेट कैवनॉघ ट्रंप द्वारा नियुक्त वो जज थे, जिन्होंने पक्ष में फैसला सुनाया। मुख्य न्यायधीश जॉन रॉबर्ट्स द्वारा लिखे गए फैसले के कुछ घंटे बाद ट्रंप ने बौखलाहट भरी प्रतिक्रियाएं दीं कि टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बेहद निराशाजनक है। कोर्ट के कुछ सदस्यों पर शर्म आ रही



है, जो देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं कर पाए। निश्चित रूप इससे ट्रंप की साख गिरी है, न कि अमेरिकी सुप्रीम अदालत की। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स के साथ बहुमत में न्यायाधीश नील गोरसच और एमी कोनी बैरेट भी शामिल थे। इनकी नियुक्ति ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में की थी। सहमति जताने वालों में न्यायाधीश क्लेरेंस थामस, सैमुअल एलिटो और ब्रेट कैवना थे जिनमें कैवना को ट्रंप ने नियुक्त किया था। इन्होंने असहमति मत में लिखा कि वास्तव में टैरिफ आयात को नियंत्रित करने का पारंपरिक और सामान्य उपकरण है तथा आईईईपीए का पाठ, इतिहास तथा पूर्व की तमाम मिसालें प्रशासन के पक्ष का समर्थन करती हैं। जज कैवना ने चेतावनी दी कि इस निर्णय से चीन, ब्रिटेन और जापान जैसे देशों के साथ हुए व्यापार समझौतों पर अनिश्चितता पैदा हो सकती है। हालांकि फैसले में यह साफ नहीं है कि कंपनियों को उन अरबों डॉलर का रिफंड मिलेगा या नहीं, जो दिसंबर 2025 तक ही अमेरिकी खजाने में करीब 133 अरब डॉलर से अधिक जमा हो चुके हैं। इनमें कुछ कंपनियां पहले ही निचली अदालतों में रिफंड का दावा पेश कर चुकी हैं। निश्चित रूप से ट्रंप की स्थिति बहुत मजाक वाली हो गई है। कहीं न कहीं वो हाशिए पर भी हैं। ट्रंप की खिसियाहट इसी से समझ आती है कि एक तो उन्होंने अदालत को भला-बुरा कह कर दुनिया को चौंकाया और यहां तक कि उनके द्वारा नियुक्त विरोध में फैसले देने वाले न्यायाधीशों को देश द्रोही और परिवार में कैसे मुंह दिखाएंगे, तक कह दिया। लगता है कि ट्रंप को न्याय में विश्वास नहीं है और देर-सबेर अमेरिका में यह मांग भी उठेगी कि भारत सहित तमाम देशों की न्याय पालिका के समान वाली साफ और निष्पक्ष व्यवस्था अमेरिका में भी हो, जिससे नियुक्त न्यायाधीश बिना किसी के दबाव में न्याय हित में काम कर सकें। हां, ट्रंप का एक और सुन्दर सपना टूट जरूर गया है लेकिन ट्रंप और विवादों का चोली-दामन का रिश्ता कब और क्या, कुछ नया कर दे, कोई नहीं जानता। फिलाहाल ट्रंप ने ग्लोबल टैरिफ लगाकर, जब चाहें तब बदलकर अपने ही देश की सर्वोच्च अदालत को एक तरह से चुनौती दे डाली। इससे पहले शांति का नोबल पुरस्कार न मिलने पर उनकी हरकतों को दुनिया ने देखा। यह सब उनके पद और गरिमा को देखकर अनुकूल नहीं था। लगता है वो अमेरिका के ऐसे राष्ट्रपति जरूर बनने की ओर हैं जो सबसे विवादित, सनकी, नासमझ और तानाशाह कहलाएंगे। बता दें कि, व्हाइट हाउस में अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ एक संयुक्त प्रेस कार्यक्रम के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने एक महिला पत्रकार से सवाल पूछने के लिए कहा। जब पत्रकार ने चीन की लैटिन अमेरिका में बढ़ती उपस्थिति को लेकर अमेरिका की भूमिका पर एक सवाल किया, तो ट्रंप ने जवाब देने के बजाय उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस की ओर मुड़कर कहा, 'मुझे बस उनकी बातें सुनना अच्छा लगता है।' इसके बाद दोनों को हंसते हुए देखा गया, और फिर ट्रंप ने वापस पत्रकार की ओर मुड़कर कहा, 'बशाबाश...शाबाश...शुक्रिया, डार्लिंग।' यह वीडियो ऑनलाइन तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने ट्रंप को आड़े हाथों लिया।

इससे पहले, ट्रंप ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को दिए गए एक अटपटे कॉम्पलीमेंट को लेकर भी सुर्खियां बटोरी थीं। शर्म अल-शेख में एक गाजा शांति शिखर सम्मेलन के दौरान वैश्विक नेताओं को धन्यवाद देते समय ट्रंप ने मेलोनी की ₹खूबसूरती₹ पर जोर दिया और पूछा कि क्या वह इस तारीफ से नाराज तो नहीं हैं। बहरहाल, ऐसे खिसियाए ट्रंप को देखकर लोग यही कह रहे हैं 'जिन्हें हम हार समझे थे गले अपने लगाने को, वही काले नाग बन बैठे हमें ही काट खाने को।'

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## शहीदी दिवस

सुनील कुमार महला



# चंद्रशेखर आज़ाद : क्रांति, साहस व आत्मसम्मान की अमर गाथा

महान क्रांतिकारी, अदम्य साहस, अटूट देशभक्ति और आत्मसम्मान के प्रतीक चंद्रशेखर आज़ाद का आज 27 फरवरी को शहीद दिवस है। वर्ष 1931 में इसी दिन उन्होंने इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के चंद्रशेखर आज़ाद पार्क (तत्कालीन अल्फ्रेड पार्क) में अंग्रेजों से घिर जाने पर वीरगति प्राप्त की। इनका जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में हुआ तथा उनका बचपन झाबुआ जिले के भाबरा गांव में बीता, जहां उनके अधिकांश मित्र भील जनजाति के बालक थे। उनके साथ रहते हुए उन्होंने बचपन में ही धनुष-बाण चलाने में दक्षता हासिल कर ली, जो आगे चलकर उनकी अचूक निशानेबाजी का आधार बनी। इनका वास्तविक नाम चंद्रशेखर तिवारी था और 'आज़ाद' नाम उन्होंने स्वयं अदालत में घोषित किया था। दिसंबर 1921 में असहयोग आंदोलन में भाग लेने के कारण जब उन्हें गिरफ्तार किया गया तो मजिस्ट्रेट के सामने उन्होंने अपना नाम 'आज़ाद', पिता का नाम 'स्वतंत्रता' और पता 'जेलखाना' बताया। सजा के रूप में उन्हें 15 कोड़े लगाए गए, जिसके बाद से वे 'आज़ाद' के नाम से प्रसिद्ध हो गए।

उनकी माता जगरानी देवी चाहती थीं कि वे संस्कृत के विद्वान बनें, इसलिए उन्हें पढ़ाई के लिए वाराणसी के काशी विद्यापीठ भेजा गया, किंतु जलियांवाला बाग हत्याकांड ने उनकी सोच बदल दी और वे क्रांतिकारी मार्ग पर चल पड़े। उनकी जुबां पर अक्सर एक शेर रहता था-'दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, आज़ाद ही रहे हैं, आज़ाद ही रहेंगे।' आज़ाद ने शपथ ली थी कि वे कभी अंग्रेजों के हाथ जीवित नहीं पकड़े जाएंगे और उन्होंने अंत तक अपने इस वचन को निभाया भी। वे भेष बदलने की कला में अत्यंत निपुण थे तथा कई बार पुलिस के सामने से निकल गए और उन्हें पता भी नहीं चला। पुलिस से बचने के लिए वे साधु/संन्यासी बनकर भी रहे और बच्चों को पढ़ाया। झांसी के पास ओरछा के जंगलों में उन्होंने 'पंडित हरिशंकर ब्रह्मचारी' नाम से संन्यासी रूप में निवास किया तथा साथियों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण भी दिया। उनकी फुर्ती और तेज दिमाग के कारण साथी उन्हें 'क्विक सिल्वर' (पारा) कहते थे। वे क्रांतिकारी संगठन के वरिष्ठ नेता थे और युवाओं को प्रशिक्षण देते थे, जिनमें भगत सिंह भी शामिल थे। भगत सिंह उन्हें सम्मान से 'पंडित जी' कहते थे। दोनों की जोड़ी को 'आग और हवा' की तरह माना जाता था, जहां भगत सिंह वैचारिक रूप से गहरे थे, वहीं आज़ाद संगठन संचालन और क्रांतिकारी कार्रवाई में निपुण थे। महात्मा गांधी द्वारा 1922 में असहयोग आंदोलन स्थगित किए जाने के बाद वे हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचआरए) से जुड़े। क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए धन जुटाने हेतु 1925 में काकोरी ट्रेन कार्रवाई की गई। बाद में संगठन का पुनर्गठन कर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) बनाया गया, जिसकी स्थापना 1928 में दिल्ली के फिरोजशाह कोटला में आज़ाद, भगत सिंह, सुखदेव थापर और जोगेश चंद्र चटर्जी सहित अन्य साथियों ने की। उल्लेखनीय है कि आज़ाद 1929 में लॉर्ड इरविन की ट्रेन पर बम फेंकने की योजना में भी शामिल थे। 27 फरवरी 1931 को प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में ब्रिटिश पुलिस ने उन्हें चारों ओर से घेर लिया। उन्होंने अपने साथी सुखदेव राज को सुरक्षित निकल जाने का अवसर दिया और स्वयं लगभग 40 मिनट तक अकेले पुलिस से लोहा लेते रहे। उस समय उनके पास केवल एक छोटी कोल्ट पिस्तौल थी। जब अंतिम गोली बची तो अपनी प्रतिज्ञा निभाते हुए उन्होंने स्वयं को गोली मार ली और वीरगति प्राप्त की। जानकारी मिलती है कि उनकी मृत्यु के बाद भी ब्रिटिश पुलिस उनके पास जाने से डर रही थी। पुष्टि करने के लिए दूर से उनके शरीर पर गोलियां चलाई गईं, तब जाकर वे पास पहुंचे। आज़ाद अत्यंत सादगीपूर्ण जीवन जीते थे। बहुत कम लोग ही जानते होंगे कि कई बार संगठन के लिए धन बचाने हेतु स्वयं भूखे रह जाते थे, लेकिन अपने साथियों की जरूरतें वे पहले पूरी करते थे। उनकी शहादत के बाद काफी समय तक उनकी माता को पूरी जानकारी नहीं दी गई थी, ताकि उन्हें गहरा सदमा न पहुंचे। निष्कर्षतः चंद्रशेखर आज़ाद ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने युवाओं को यह संदेश दिया कि स्वतंत्रता, स्वाभिमान और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि दृढ़ संकल्प, त्याग और साहस से असंभव प्रतीत होने वाले लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं।



(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित
**दर्शन**

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

# गरीब विद्वान व राजा भोज, बने भाई-भाई



संकलित
**प्रेरणा**

कई वर्ष पहले धार में राजा भोज का शासन था। उस राज्य में एक गरीब विद्वान रहता था। आर्थिक तंगी से घबराकर एक दिन विद्वान की पत्नी ने उससे कहा-आप राजा भोज के पास क्यों नहीं जाते? वह विद्वानों का बड़ा आदर करते हैं। हो सकता है आपकी विद्वता से प्रभावित होकर वह आपको ढेर सारा धन दे दें। विद्वान राजा के दरबार में पहुंचा। पहरेदार ने पूछाः आप कौन हैं? कहां जाना है? विद्वान ने कहाः जाओ राजा से कहो कि उनका भाई आया है। पहरेदार ने जब भोज को यह बात बताई तो.. वह सोचने लगेः मेरा तो कोई भाई है नहीं है फिर कौन हो सकता है। कहीं कोई धूर्त तो नहीं। उनकी उत्सुकता जागी। उन्होंने विद्वान को बुलवा लिया। 'कैसे हुए भाई-भाई' भोज ने विद्वान से पूछाः क्या तुम मेरे भाई हो? किस नाते से? विद्वान ने कहाः मैं आपका मौसेरा भाई हूं। आपकी मौसी का लड़का। भोज ने पूछाः कैसे? मेरी तो कोई मौसी नहीं है। विद्वान बोलाः महाराज। आप संपत्ति माता के पुत्र हैं और मैं विपत्ति माता का पुत्र। संपत्ति और विपत्ति बहनें हैं। इस नाते मैं आपका मौसेरा भाई हुआ न। यह सुनकर भोज बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं विद्वान को दीं। फिर भोज ने पूछाः मेरी मौसी तो कुशल हैं न? इस पर विद्वान ने जवाब दियाः राजन, जब तक आपकी मौसी जीवित थीं, आपके दर्शन नहीं हुए थे। अब आपके दर्शन हुए तो आपकी मौसी स्वर्ग सिधार गईं। इस उत्तर से भोज को और भी प्रसन्नता हुई। उन्होंने विद्वान को गले से लगा लिया।

## सटाका




## आज की पाती

### विधायकों के भत्ते या फिज़ूलखर्ची

लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों को मिलने वाली सुविधाएं हमेशा चर्चा और बहस का विषय रही हैं। वेतन और भत्तों का मूल उद्देश्य यह माना जाता है कि निर्वाचित प्रतिनिधि आर्थिक चिंता से मुक्त होकर जनता की सेवा कर सकें। लेकिन जब इन सुविधाओं का आकार बढ़ता है और उनके उपयोग में पारदर्शिता कम दिखाई देती है, तो स्वाभाविक रूप से सवाल उठते हैं। हाल ही में बिहार विधानसभा द्वारा विधायकों और विधान पार्षदों के लिए मासिक टेलीफोन भत्ता बढ़ाकर 8300 रुपए करने का निर्णय सामने आया है। इस फैसले की सबसे खास बात यह है कि यह राशि बिना किसी बिल या वाउचर के दी जाएगी। यानी खर्च का प्रमाण देना अनिवार्य नहीं होगा। यही कारण है कि यह विषय अचानक सार्वजनिक चर्चा का केंद्र बन गया है। - **ललित बंझोर**, रायपुर

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन में हिंदू मंदिर के बंद होने का खतरा

पूर्वी ब्रिटेन के पीटरबरो शहर में एक परिसर में मौजूद 40 साल पुराने हिंदू मंदिर और कम्युनिटी सेंटर के बंद होने का डर है, क्योंकि स्थानीय प्राधिकारियों ने इस भवन को बेचने के फैसले को सही ठहराया है जो मंदिर के लिए किराये पर दिया गया है। भारत हिंदू समाज मंदिर की स्थापना 1986 में शहर के न्यू इंग्लैंड कॉम्प्लेक्स में हुई थी और कैम्ब्रिजशायर, नॉरफॉक तथा लिंकनशायर के बड़े इलाके के 13,000 से अधिक हिंदू यहां दर्शन करने आते हैं। मंदिर प्रशासन पीटरबरो सिटी काउंसिल से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए अभियान चला रहा है। इस महीने की शुरुआत में काउंसिल कैबिनेट की बैठक में यह कहा गया कि संपत्ति की बिक्री से करदाताओं के लिए सर्वश्रेष्ठ मूल्य दिलाने की उसकी कानूनी जिम्मेदारी/" है। वहीं, मंदिर ने एक बयान में कहा, हम भारत हिंदू समाज से जुड़े भवन की बिक्री की कड़ी निंदा करते हैं। समुदाय द्वारा बनाई गई संस्था को बंद दरवाजों के पीछे बिना पारदर्शिता या सहमति के नहीं बेचा जाना चाहिए। इसमें कहा गया, ' 'यह सिर्फ संपत्ति के बारे में नहीं है, बल्कि विरासत, भरोसे और जवाबदेही के बारे में है। समुदाय जवाब पाने का हक रखता है, गोपनीयता का नहीं। इस फैसले पर सवाल उठाए जाने चाहिए और इसका विरोध किया जाना चाहिए।''



## ऑफ बीट

# मानसिक समस्या जितनी गंभीर, सहानुभूति उतनी कम

समाज में चिंता (एंग्जायटी), अवसाद (डिप्रेशन) और एडीएचडी जैसी कुछ मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों को पहले की तुलना में अब अधिक स्वीकार्यता मिली है। लोग अब कार्यस्थल, घर और सोशल मीडिया पर इनके बारे में खुलकर बात कर पाते हैं और अक्सर उन्हें सलाह भी मिलती है। यह बदलाव महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे मदद मांगना आसान हुआ है और संस्थानों के लिए मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को आधार बना कर कड़े कदम उठाना कठिन हो गया। लेकिन सार्वजनिक सहानुभूति समान रूप से नहीं मिलती है। कुछ स्थितियां व्यापक रूप से समझी जाती हैं, जबकि अन्य को अब भी संदेह और कठोर निर्णय का सामना करना पड़ता है। जैसे-जैसे लोग कुछ बीमारियों से परिचित होते जाते हैं, वे बीमारियां मानसिक रोग की /"स्वीकार्य/" छवि तय करने लगती हैं। जो लक्षण इस छवि में फिट नहीं बैठते, उन्हें अलग नजर से देखा जाता है। यहां बात 'अस्वीकार्यता' से संबंधित है। शोध से पता चलता है कि अवसाद और चिंता के प्रति सामाजिक नजरिया नर्म है, जबकि शिज़ोफ्रेनिया और व्यक्तित्व विकारों (जैसे बॉर्डरलाइन या नार्सिसिस्टिक पर्सनैलिटी डिसऑर्डर) के प्रति समाज में अधिक दूरी और भय वाली सोच है। नौ अलग-अलग निदानों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि लोगों द्वारा दूरी बनाए रखने की इच्छा शिज़ोफ्रेनिया और पर्सनैलिटी डिसऑर्डर के मामलों में सबसे अधिक थी।



## ट्रेंड

### मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स



हमारी सरकार ने गोंदिया-जबलपुर, पुनारख-किऊल और गम्हरिया-चांडिल के बीच तीन मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं से महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में आर्थिक विकास तेज होने के साथ-साथ रोजगार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### आतंकवाद स्वीकार नहीं



भारत और इजरायल पूरी तरह से स्पष्ट हैं कि आतंकवाद का दुनिया में कोई स्थान नहीं है। किसी भी रूप में, किसी भी अभिव्यक्ति में, आतंकवाद को स्वीकार नहीं किया जा सकता।हम कंधे-से-कंधा मिलाकर आतंकवाद और उनके समर्थकों का विरोध करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।

**-पियुष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री**

### गोवा में मिला अवसर



गोवा ने हमें एक छोटा सा अवसर दिया है, हम पूरी ईमानदारी और क्षमता से काम कर रहे हैं। हमें पूरे राज्य की सेवा करने का मौका दीजिए, और हम शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, सड़कें, बिजली और पानी जैसी व्यवस्थाओं में पंजाब की तर्ज पर बदलाव लाएंगे।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### ट्रंप की धमकी



आप सब जानते हैं, रूस हमारा पुराना दोस्त, हमको तेल बेचता था, ईरान हमको तेल बेचता था, हम सस्ते में वहां से लेते थे, लेकिन ट्रंप ने धमकी दी और ये बोले- यस सर। ट्रंप जो कहते हैं उसको- यस सर।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# बहनों के हाथों से बनी सामग्री को वैश्विक बाजार से जोड़ने की पहल सराहनीयः डॉ.यादव

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला उद्यमिता के इतिहास का आज स्वर्णिम दिन है। पारिवारिक स्तर पर मां-बेटियों-बहनों के हाथों से बने व्यंजन पूरे परिवार में आनंद का संचार करते हैं और यह व्यंजन ही त्यौहार की प्रसन्नता का आधार बनते हैं। आजीविका मिशन द्वारा हमारी बहनों के हाथों से बनी सामग्री को वैश्विक बाजार से जोड़ने की पहल सराहनीय है। डॉ यादव बुधवार को स्वसहायता समूहों की आजीविका मिशन क्षमतावर्धन कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करने के बाद संबोधित कर रहे थे।

कार्यशाला में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल का विमोचन भी किया गया। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ (एमपीएसआरएलएम) इंडिया पोस्ट, अमेजन सहेली, एक्सेस डेवलपमेंट सर्विस, बुद्धा इंस्टीट्यूट, टीआरआईएफ और साइटसेवर संस्थान के साथ एमओयू का आदान-प्रदान हुआ। मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वालीं स्व-सहायता समूहों की 5 दीदियों को सम्मानित किया।

**खास बातें**

- स्वसहायता समूहों की आजीविका मिशन कार्यशाला का सीएम ने किया शुभारंभ
- प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल का विमोचन


आजीविका मिशन क्षमतावर्धन कार्यशाला का शुभारंभ करते सीएम।

## हुनर और कर्मठता को नई दिशा प्रदान करेगी कार्यशाला

डॉ यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में ऋतुओं से व्यंजनों तथा अन्य उपयोगी सामग्री बनाने का विशेष संबंध है। क्षमतावर्धन की आज की कार्यशाला हमारी बहनों के हुनर और कर्मठता को नई दिशा प्रदान करेगी। घर से निकलकर बैंकों और शासन के सहयोग से स्वयं को व्यापारिक गतिविधियों में सफलतापूर्वक स्थापित करने की बहनों की पहल ने ग्राम स्तर पर विकास को नई गति दी है। डॉ यादव ने कहा कि राज्य सरकार बहनों को प्रशिक्षण के साथ आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध करा रही है। बहनें अपने समूह की शक्ति को बढ़ाएं और नई मंजिलें प्राप्त करें, राज्य सरकार सदैव उनके साथ है। मुख्यमंत्री ने आजीविका मार्ट ग्वालियर, जबलपुर एयरपोर्ट पर स्व-सहायता समूहों के रिटेल आउटलेट और संभागीय एवं जिला स्तर पर होली मेलों का वर्चुअली शुभारंभ किया।

### मंत्री ने किया बहनों से आगे बढ़ते रहने का आह्वान

*पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने बहनों से बदलती तकनीक के साथ स्वयं को अपडेट रखते हुए आगे बढ़ने का आव्हान किया। उन्होंने आजीविका मिशन के डाक विभाग के साथ हुए एमओयू के संबंध में कहा कि इससे समूहों के उत्पादकों की सप्लाई चेन मजबूत होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन हर्षिका सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला विभिन्न जिलों के स्व-सहायता समूहों की दीदियों को उत्पादन और मार्केटिंग में सहायता व मार्गदर्शन प्रदान करेगी। इस कार्यशाला से प्रदेश के विभिन्न जिलों से समूहों को अपने उत्पाद राजधानी भोपाल में प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हुआ है।*

**खबर संक्षेप**

### प्रमुख अभियंता कार्यालय में सालों से पदस्थ कर्मियों को हटाएं

**भोपाल।** शासकीय कर्मचारी परिसंघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन को पत्र लिखा है। पत्र में प्रमुख अभियंता कार्यालय जल संसाधन विभाग में विगत 15- 20 वर्षों से स्थापना कक्ष में एक ही जगह पर जमे कर्मचारियों को शासन के नियमानुसार तत्काल प्रभाव से अन्य विभाग में पदस्थ करने की मांग की है। परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेय और प्रदेशाध्यक्ष ध्रुव सिंह सिकरवार ने बताया कि प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग अध्यक्ष कार्यालय में वर्षों से एक ही जगह पर जमे होने के कारण यह आरक्षित वर्ग के कर्मचारी सवर्ण जाति के कर्मचारियों के हित लाभ का शोषण कर रहे हैं। सवर्ण कर्मचारियों को प्रमोशन का लाभ तो वैसे भी विगत कई वर्षों से प्राप्त नहीं हो रहा है। प्रकरण के निराकरण होने तक शासकीय कर्मचारी परिसंघ द्वारा 2 मार्च से ही ज्ञापन, धरना, प्रदर्शन, क्रमिक आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### वनकर्मियों ने प्रदर्शन कर कहाः आधुनिक शस्त्रों के साथ दें वायर लैस सेट




**भोपाल।** राजधानी समेत प्रदेश भर में वन कर्मियों पर हो रहे हमले के विरोध में बुधवार को वन कर्मचारियों ने वन भवन पर प्रदर्शन कर वन बल प्रमुख को छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि आएदिन उन पर वन माफिया जानलेवा हमले कर रहे है। वन कर्मचारियों के पास सुरक्षा के लिए कोई आधुनिक शस्त्र नहीं है। कर्मचारियों ने वन बल प्रमुख को ज्ञापन सौंपकर आधुनिक शस्त्र और वायर लैस सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। मप्र कर्मचारी मंच वन विभाग के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बतायाकि प्रदेश भर में वन कर्मचारियों के ऊपर प्राण घातक हमले हो रहे हैं लेकिन वन मुख्यालय द्वारा सुरक्षा की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### खुदाई में फूटी थिंक गैस की पाइपलाइन, बहाल की गैस सप्लाई

**भोपाल।** राजधानी के भानपुर ब्रिज के पास बीते रोज एक टेलीकॉम केबल ठेकेदार द्वारा बिना पूर्व सूचना के की गई खुदाई के दौरान थिंक गैस की पाइपलाइन को आकस्मिक रूप से क्षति पहुंची। जबकि पाइपलाइन मार्ग पर स्पष्ट रूट मार्कर्स, चेतावनी बोर्ड और इमरजेंसी कॉन्टेक्ट बोर्ड्स लगे होने के बावजूद संबंधित ठेकेदार ने खुदाई शुरू करने से पहले कंपनी को सूचित नहीं किया और घटना के बाद भी कोई रिपोर्ट जमा नहीं की। घटना की जानकारी मिलते ही थिंक गैस की इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम ने तत्परता से प्रभावित हिस्से को तुरंत अलग कर आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए। त्वरित कार्रवाई करते हुए गैस आपूर्ति को शीघ्र ही बहाल कर दिया गया, जिससे आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हुई और स्थानीय निवासियों को होने वाली असुविधा से बचाया गया।




### पत्रकार सुरक्षा कानून और निराश्रित पशुओं का मुद्दा भी प्रश्नकाल के दौरान गरमाया

# सहारा निवेश घोटाले पर सदन में हंगामा 6,689 करोड़ में से सिर्फ 355 करोड़ लौटे

## छह वर्षों में कुल 123 एफआईआर हुईं दर्ज, जिनमें से कई लंबित

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रश्नकाल में सहारा समूह से जुड़े निवेशकों की राशि वापसी का मामला जोरदार तरीके से उठा। कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने आरोप लगाया कि सहारा ने प्रदेश के निवेशकों के 6 हजार 689 करोड़ रुपये डकार लिए, लेकिन अब तक महज 355 करोड़ रुपये ही लौटाए गए हैं। जवाब में राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने बताया कि इस मामले में 4 एफआईआर दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि छोटे निवेशकों ने अपनी गाढ़ी कमाई निवेश की थी और प्रकरण उच्च न्यायालय में रिट याचिकाओं के रूप में भी विचाराधीन रहा है। मंत्री के अनुसार, सभी एफआईआर मुरैना में दर्ज कर मुख्य प्रकरण में मर्ज की गई हैं।

अब तक 355 करोड़ रुपये निवेशकों को वितरित किए जा चुके हैं। इस पर जयवर्धन सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि पिछले छह वर्षों में कुल 123 एफआईआर दर्ज हुईं, जिनमें से कई लंबित हैं और गृह विभाग के पास समुचित जानकारी तक उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि कुल राशि की तुलना में रिकवरी मात्र 5 प्रतिशत है और सरकार स्पष्ट करे कि शेष राशि की वसूली के लिए क्या ठोस योजना है। मंत्री ने जवाब दिया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत कार्रवाई की जा रही है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी हस्तक्षेप करते हुए कहा कि मामला न्यायिक प्रकृति का है और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशन में ही सभी निर्णय लिए जा रहे हैं। शासन की अपनी सीमाएं हैं और कार्रवाई न्यायालय के आदेशों के अनुरूप ही होगी।


सदन के लाउंज में मीडिया को सदन की कार्यवाही की जानकारी देते सीएम।

### पत्रकार सुरक्षा कानून पर सरकार का जवाब

प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक विपिन जैन ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की समयसीमा पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि आखिर प्रदेश में यह कानून कब तक लागू होगा। इस पर मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि मोहन सरकार पत्रकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। कानून बनाने के लिए अन्य राज्यों के प्रावधानों का अध्ययन किया जा रहा है। विषय विशेषज्ञों से परामर्श लिया जा रहा है और प्रशासनिक स्तर पर मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया जारी है।

### निराश्रित पशुओं से फसल और सड़क सुरक्षा पर संकट

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत कांग्रेस विधायक अजय सिंह राहुल ने निराश्रित पशुओं की समस्या उठाई। उन्होंने कहा कि आवारा पशुओं से किसानों की फसलें नष्ट हो रही हैं और नेशनल हाईवे पर यातायात बाधित हो रहा है। सड़कों पर पशुओं के कारण जान-माल की हानि हो रही है, लेकिन सरकार की उदासीनता के चलते समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा। जवाब में मंत्री लखन पटेल ने कहा कि नगरीय प्रशासन द्वारा सतत कार्रवाई की जा रही है। सड़कों पर घूमने वाले पशुओं के मालिकों पर 25 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। गौशालाओं में चार लाख से अधिक मवेशी आश्रित हैं। राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, चयनित स्थानों पर गौशालाएं चिन्हित की गई हैं। अजय सिंह राहुल ने कहा कि रात के समय गोवंश सड़कों पर नजर आता है और किसान टॉर्च लेकर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं।

### मंत्री और मुख्यमंत्री के बीच खींचतान का खामियाजा भगत रही जनताः सिंघार

बुधवार को विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भाजपा सरकार में मंत्री और मुख्यमंत्री के बीच खींचतान पर भी सवाल उठाए। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि नगरीय प्रशासन को न फ्री हैंड दिया जा रहा है, न ठोस निर्णय हो रहे है और इस कारण से डेढ़ साल से शहरों के मास्टर प्लान अटके पड़े है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि इंदौर और भोपाल जैसे बड़े शहर आज भी स्पष्ट विकास योजना का इंतजार कर रहे हैं, जबकि अवैध कॉलोनियों का निर्माण धड़ल्ले से जारी है। क्या इन शहरों की जनता को सुव्यवस्थित विकास का अधिकार नहीं है?।

#### किसानों के मुद्दे भाषण से नहीं फैसलों से होते है हल

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि मुख्यमंत्री को समझना होगा कि किसानों के मुद्दे भाषणों से नहीं, फैसलों से हल होते हैं। जय जवान जय किसान का नारा भी इसी सोच का प्रतीक है। काले कानूनों के समय भी कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी रही, लेकिन आज सरकार विदेशी हितों के साथ खड़ी दिख रही है। यूएस ट्रेड डील के असर से निमाड़ क्षेत्र में कपास के दाम 11 प्रतिशत तक गिर चुके हैं। फिर सोयाबीन, सरसों और अन्य फसलों का क्या होगा?।

### फायर सेफ्टी एक्ट पर विधानसभा में ध्यानाकर्षण के तहत हुई चर्चा

**भोपाल।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के भाजपा विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने लगातार बढ़ रही आगजनी की घटनाओं को लेकर ध्यानाकर्षण में प्रश्न उठाया। उन्होंने कहा कि फायर सेफ्टी एक्ट लाने और उसे व्यवस्थित रूप से लागू करने की जरूरत है। इस पर तत्काल कदम उठाना चाहिए। उन्होंने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से इसे जल्दी लागू करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न महानगरों और नगरों में स्थित व्यवसायिक परिसर, स्कूल, कॉलेज तथा सार्वजनिक स्थलों पर पिछले कुछ समय से आगजनी की घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है, जिससे जन-धन की हानि होने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने सदन में कहा कि एक स्पष्ट विधिक ढांचे और नियमित 'फायर ऑडिट' की व्यवस्था होने से न केवल आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि यह स्वयं संस्थान मालिकों के लिए भी उनके निवेश और व्यवसाय की सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जवाब में बताया कि इस विषय पर 3 महीने पहले विभाग की बैठक हुई थी। इसमें तय किया गया है कि नगर निगम के 74 वें संविधान संशोधन में नगर निगम को अधिकार दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि आने वाले समय में हम होम अफेयर मिनिस्ट्री से जो मॉडल फायर सेफ्टी एक्ट आया है, उसके ही मार्गदर्शन में मप्र का भी फायर सेफ्टी एक्ट बना रहे हैं। आने वाले 2 से 3 महीने में हम फायर सेफ्टी एक्ट बनाकर प्रस्तुत कर देंगे।

### विधानसभा में मंत्री शाह ने लगाई घोषणाओं की झड़ी, नेता प्रतिपक्ष का तंज ये 'भाषण की बुलेट ट्रेन'

जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह की घोषणाओं और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के तीखे बयानों के बीच सदन का माहौल गर्म रहा। एक ओर मंत्री ने आदिवासी क्षेत्रों के लिए बड़े ऐलान किए, तो दूसरी ओर विपक्ष ने सवाल उठाए। बहस के दौरान विजय शाह ने कहा कि वे आदिवासी विधायकों को कम से कम 10-10 करोड़ रुपए देंगे, क्योंकि उन्हें ज्यादा जरूरत है। इस बयान पर विपक्ष ने कड़ा एतराज जताया। कांग्रेस विधायकों ने सवाल उठाया कि क्या अन्य क्षेत्रों के विधायक कम महत्वपूर्ण हैं। शाह ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य आदिवासी अंचलों के विकास को प्राथमिकता देना है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मंत्री के भाषण पर तंज कसते हुए कहा कि 'इनके भाषण की बुलेट ट्रेन जल्दी आ गई, जापान से बुलेट ट्रेन लेट आएगी।' इस पर सत्ता पक्ष की ओर से भी ठहाके लगे।

### मप्र में 70 महीनों में 715 कैदियों की मौत, 36 ने की आत्महत्या

मध्यप्रदेश की जेलों में एक अप्रैल 2020 से पिछले 70 महीनों के दौरान 715 कैदियों की मौत हो चुकी है। इनमें 36 बंदियों ने आत्महत्या की, जबकि 54 कैदी जेल से फरार हो गए। यह जानकारी राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी ने विधायक उमाकांत शर्मा के सवाल के लिखित जवाब में दी। मंत्री पटेल ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 11 केंद्रीय जेल, 41 जिला जेल, 73 उपजेल और 8 खुली जेल संचालित हैं। इसके बावजूद जेलों में क्षमता से अधिक कैदी रखे जा रहे हैं, जिससे व्यवस्थाओं पर अतिरिक्त दबाव बना हुआ है। सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश की 15 जेलों की बाउंड्रीवाल पर इलेक्ट्रिक वायर फेंसिंग लगाई गई है, ताकि कैदी दीवार फांदकर फरार न हो सकें। अन्य जेलों में भी यह कार्य प्रक्रियाधीन है। सभी जेलों को सीसीटीवी नेटवर्क से जोड़ा गया है। सरकार ने जेलों में सुधार और पुनर्वास की दिशा में भी कदम उठाने का दावा किया है। प्रदेश की 13 सर्किल जेलों और 11 जिला जेलों में विभिन्न उद्योग संचालित किए जा रहे हैं, जहां बंदियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्ष 2025 में 2828 बंदियों को इन उद्योगों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### मप्र में 201 करोड़ खर्च, फिर भी न निवेश न रोजगार

पिछले तीन साल में मध्यप्रदेश में आयोजित संभागीय इंडस्ट्रियल मीट और भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट पर सरकारी खजाने से कुल 201 करोड़ 85 लाख 31 हजार रुपये खर्च किए गए, लेकिन इन आयोजनों से न तो कोई एमओयू हुआ, न निवेश आया और न ही रोजगार सृजन का कोई अनुबंध हुआ। यह जानकारी मंत्री चैतन्य काश्यप ने विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया के सवाल के लिखित जवाब में दी। विधायक डॉ. भूरिया ने वर्ष 2020 से 2025 के बीच संभाग स्तर पर आयोजित इंडस्ट्रियल समिट में किए गए एमओयू, संबंधित संस्थाओं और प्रस्तावित निवेश की जानकारी मांगी थी। साथ ही भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में किन कंपनियों से समझौते हुए, कितनी राशि के निवेश का अनुबंध हुआ और कितने लोगों को रोजगार देने का एमओयू किया गया-इसका भी ब्यौरा चाहा था। मुख्यमंत्री के जवाब के अनुसार, वर्ष 2023 में 1565 लाख 22 हजार रुपये, वर्ष 2024 में 7753 लाख रुपये और वर्ष 2025 में प्रावधिक रूप से 10867 लाख 9 हजार रुपये खर्च किए गए। इस तरह तीन वर्षों में कुल व्यय 201 करोड़ 85 लाख 31 हजार रुपये तक पहुंच गया।

## मुख्यमंत्री साय से मिले मशहूर क्रिकेटर कपिल देव

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर

नया रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने सौजन्य मुलाकात की।

इस दौरान प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने और आधुनिक खेल अधोसंरचना विकसित करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने



कपिल देव का बेल मेटल से बनी प्रतिकृति और 'पुण्यभूमि छत्तीसगढ़' कॉफी टेबल बुक भेंट कर स्वागत किया। बातचीत के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार करने और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में खेल सुविधाओं के विस्तार जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए अधोसंरचना, प्रशिक्षण सुविधाओं और अवसरों के विस्तार को प्राथमिकता दे रही है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में विशेष अदालत ने सख्त फैसला सुनाया है। द्वितीय फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय के पीठासीन अधिकारी विनय कुमार प्रधान ने आरोपी महेश धीवर (35) को दोषी पाते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन के मुताबिक 8 मई 2024 की शाम करीब 5:30 बजे 9 साल 7 माह की बच्ची दूधाधारी मठ मंदिर के पास गोबर लेने गई थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले आरोपी ने उसे बहला-फुसलाकर अपने कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने बच्ची को जान से मारने की धमकी देकर चुप रहने के लिए दबाव बनाया। डरी-सहमी बच्ची ने घर लौटकर अपनी मां को पूरी घटना बताई।

### दो दिन पूर्व ही मल्लेश और रानू पोडियाम ने किया था आत्मसमर्पण

# एक महिला माओवाद कैडर ने भी पुलिस के समक्ष किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏩ कांकेर

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में माओवादियों के आत्मसमर्पण का सिलसिला जारी है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (माओइस्ट) की उत्तर बस्तर डिवीजन कमेटी के डिविजनल कमेटी सदस्य (डीवीसीएम) मल्लेश और पार्टी सदस्य रानू पोडियाम ने कांकेर पुलिस तथा बीएसएफ के सामने आत्मसमर्पण किया। दोनों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया और पुनर्वास की प्रक्रिया के लिए संपर्क किया।

इसके बाद 26 फरवरी को एक अन्य महिला माओवादी कैडर मासे बारसा ने भी एके-47 राइफल के साथ आत्मसमर्पण किया। मासे ने मल्लेश और रानू पोडियाम द्वारा दी गई जानकारी तथा स्थानीय समाज के वरिष्ठ लोगों और मीडिया की मदद से पुलिस से संपर्क किया। वह पुलिस के समक्ष उपस्थित हुई और हथियार सौंप दिया।



### जंगल के रास्ते पहुंची मासे बारसा

*माओवादी डीवीसीएम मासे बारसा ने एके-47 राइफल के साथ सरेंडर किया है। वर्ष 2003 से दण्डकारण्य, अबूझमाड़ और उत्तर बस्तर क्षेत्र में सक्रिय भूमिका में थी। जानकारी के अनुसार मासे बारसा जंगल के रास्ते अक-47 लेकर खुद पुलिस अधीक्षक निखिल रखेचा के सामने सरेंडर करने पहुंची। मासे बारसा छत्तीसगढ़ समेत सीमावर्ती राज्यों में नक्सली मूवमेंट की सक्रिय सदस्य रही है। माओवादी संगठन में काम करते हुए कई वारदातों में मासे बारसा शामिल रही।*

### मंदिर में प्रवेश कर गार्ड के हाथ पैर बांधे

# सांई मंदिर को चोरों ने बनाया निशाना, चांदी के आभूषण चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏩ दुर्ग

जिले के भिलाई नगर थाना क्षेत्र के सेक्टर 6 स्थित साईं मंदिर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने पीछे के रास्ते से मंदिर में प्रवेश किया और गार्ड के साथ मारपीट कर उसके हाथ पैर बांध दिए। इसके बाद मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मंदिर से चांदी के आभूषण और सीसीटीवी का डीवीआर चोरी कर फरार हो गए। पुलिस अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुटी है।

बुधवार और गुरुवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने सेक्टर 6 साईं बाबा मंदिर में वारदात को अंजाम दिया। चोर पीछे के रास्ते से स्कार्फ बांधकर मंदिर में घुसे। पहले गार्ड के साथ मारपीट कर उसे बंधक बनाया। मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के केबल काट दिए और साईं बाबा की प्रतिमा पर लगे चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। चोरों ने सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी अपने साथ ले लिया। सुबह चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम को बुलाया।



### आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

*क्राइम ब्रांच की टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और लोगों से पूछताछ की। पुलिस अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुटी है। भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और गार्ड से पूछताछ की जा रही है। फुटेज में 3 से 4 अज्ञात चोर वारदात को अंजाम देते नजर आए हैं। उनकी पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।*

# हिंदू सेवा परिषद का फूड विभाग के खिलाफ मोर्चा, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## हिंदू व्यापारियों के साथ भेदभावपूर्ण कार्यवाही का विरोध

**जबलपुर।** हिंदू सेवा परिषद ने फूड विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों के साथ कथित भेदभावपूर्ण कार्यवाही और उत्पीड़न के खिलाफ मोर्चा खोला है। परिषद के 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर एसडीएम मरावी से विस्तार में मामले की जानकारी दी और कलेक्टर महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा।

परिषद ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि फूड विभाग के अधिकारियों संजय और देवेन्द्र द्वारा हिंदू त्योहारों के पहले विशेष रूप से हिंदू व्यापारियों के प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर कार्यवाही की जाती है। इससे व्यापारियों में भय, आक्रोश और असंतोष की स्थिति पैदा हो रही है, जो उनके सामाजिक और व्यावसायिक प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल असर डाल रहा है।

व्यापारी वर्ग में बढ़ती असंतोष की भावना

परिषद ने यह भी उल्लेख किया कि फूड विभाग के अधिकारी पाँच हजार से एक लाख तक की वसूली सालाना व्यापारियों से करते हैं, जिससे व्यापारी वर्ग में रोष और नाराजगी बढ़ रही है हिंदू सेवा परिषद ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही, भविष्य में इस प्रकार की कार्यवाहियों पर रोक लगाने की अपील की गई है, ताकि व्यापारियों का विश्वास प्रशासन पर बना रहे।

### कलेक्टर से आश्वासन

हिंदू सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया कि कलेक्टर कार्यालय में प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा के दौरान एसडीएम मरावी ने मामले को गंभीरता से लिया और उचित जांच और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### आगामी कार्यवाही की चेतावनी

परिषद ने स्पष्ट किया कि यदि व्यापारियों के साथ इस प्रकार का व्यवहार जारी रहा तो संगठन लोकतांत्रिक तरीके से आगे आकर फूड अधिकारियों की कार्यवाही में शामिल होकर हिंदुत्व पर आघात, ब्लैकमेलिंग और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाएगा।

### प्रतिनिधिमंडल में ये रहे शामिल

इस अवसर पर हिंदू सेवा परिषद के प्रतिनिधिमंडल में अतुल जेसवानी, निखिल कनोजिया, उत्कर्ष रावत, बंटी कुमार और अभिषेक अहिरवार उपस्थित रहे।

# गढ़ा रंग-बरसे बारात महोत्सवः उत्साह और उल्लास के साथ बैठक संपन्न

**जबलपुर।** गढ़ा रंग-बरसे बारात महोत्सव की एक महत्वपूर्ण बैठक कछपुरा महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित की गई, जो आपार उत्साह, उमंग एवं उल्लास के साथ संपन्न हुई। इस बैठक में आपसी परिचर्चा एवं प्रशासकीय व्यवस्था को देखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए और दायित्वों का प्रभार कुछ योग्य एवं कार्यकुशल व्यक्तियों को सौंपा गया।इस भव्य आयोजन का उद्देश्य समाज में समरसता और एकता का संदेश देना है। इस साल के महोत्सव में किसी विशेष व्यक्ति को मुख्य अतिथि के रूप में नहीं आमंत्रित किया जाएगा। इसके बजाय, सभी सहभागी, सहयोगी और समर्थक मुख्य अतिथि होंगे, जिनसे गरिमा और सम्मान बढ़ेगा। यात्रा मार्ग पर बुजुर्गों और मातृशक्तियों को विशेष सम्मान देने का निर्णय लिया गया। गढ़ा रंग-बरसे बारात महोत्सव 4 मार्च को प्रातः 11 बजे दुर्गा कालोनी रॉयल स्कूल के पास से शुरू होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए गुलौआ चौक पर भव्य मंच पर समापन होगा। यात्रा में डीजे, बैंड, फाग गीत, राधे-कृष्ण नृत्य, दुलदुल घोड़ी नृत्य और राई-बुंदेली नृत्य प्रमुख आकर्षण होंगे।

**महोत्सव के आयोजन हेतु प्रशासकीय व्यवस्थाओं पर निर्णय, दायित्वों का वितरण**



# किया उर्स व अफ्तार-ए-आम का आयोजन

**जबलपुर।** रमजान शरीफ के सातवें रोजे के अवसर पर शनिवार को आगा चौक स्थित हजरत आगा मोहम्मद साहब की दरगाह में हजरत मिर्जा इख्तियार हुसैन कादरी रहमतुल्लाह अलैह के 14वें उर्स का आयोजन अकीदत व एहतराम के साथ किया गया। उर्स के मौके पर अपराह्न नमाज असर से पूर्व मजार शरीफ पर परंपरानुसार चादरपोशी एवं गुलपोशी की रस्म अदा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे और दरगाह परिसर में रूहानी माहौल बना रहा।इसके पश्चात विशाल अफ्तार-ए-आम का एहतमाम किया गया, जिसमें शहर के विभिन्न इलाकों से आए रोजेदारों ने शिरकत की। अफ्तार में महिलाओं तथा मासूम बच्चों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।अफ्तार के बाद मगरिब की सामूहिक नमाज अदा की गई तथा मुल्क की अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए खास दुआएँ मांगी गईं। अकीदतमंदों ने सूफियाना परंपरा के अनुसार उर्स की बरकत हासिल की और दरगाह परिसर देर तक इबादत व दुआओं से गुलजार रहा। दरगाह के मुतवल्ली सैय्यद लियाकत अली, सेक्रेट्री मोहम्मद रफीक खान, सैय्यद साबिर अली ने उर्स व अफ्तार-ए-आम में शिरकत किये जायरीन का शुक्रिया अदा किया।

# थाने के पास चले चाकू, युवक गंभीर

## सिविल लाईन में वारदात, पार्किंग का विवाद

**जबलपुर।** शहर में चाकूबाजी की वारदाते थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सिविल लाईन थाने से चंद कदम दूर एक चाय दुकान में दोस्तों के साथ चाय पीने गए एक युवक पर दुकान के सामने खड़ी बाईक को लेकर विवाद किया और चाकू से उस पर प्राणघातक हमला कर दिया । घायल युवक को विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गली नंबर 10 सदर केंट निवासी 27 वर्षीय अक्षयदीप कुरील गत रात 8 बजे अपनी बहन व अपने दोस्त विकासदीप कुरील, शोभित दुबे, मयूर दत्त के साथ चाय पीने के लिए मनोहर चाय दुकान सिविल लाइन गया था जहां पर चारों ने अपनी गाड़ियों को पार्किंग में खड़े किए और दुकान के सामने खड़े होकर चाय पी रहे थे। रात करीब 8.15 बजे दुकान के सामने तीन अज्ञात लड़के मोटरसाइकिल से आए और उनमे से दो लड़के चाय काउंटर पर चले गए और एक लड़का उसकी गाड़ी के पास खड़े होकर बोला कि ये गाड़ी किसकी है ऐसी गाड़ी खड़ी करते है कहते हुए गालीगलौज करने लगा, मना करने पर तू राज बिरहा को दादागिरी बता रहा है कहते हुए तीनों लड़के उसके साथ मारपीट करने लगे और राज बिरहा ने चाकू से उस पर जानलेवा हमला घायल कर दिया। उसके दोस्त और चाय वाले ने बीच बचाव किया तो तीनों वहां से भाग गए।

# गाजीबाग सर्वधर्म रोज़ा अफ़्तार ने दिया भाईचारे का संदेश

**जबलपुर।** मुस्लिम बहुल क्षेत्र रद्दी चौकी स्थित गाजी बाग में रमज़ान के छठे रोज़े पर ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह की माहाना छठी के अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी मतीन अंसारी के संयोजन में विशाल अफ़्तार-ए-आम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों रोज़ेदारों एवं गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की। मगरिब की अज़ान के साथ ही रोज़ेदारों ने सामूहिक रूप से रोज़ा अफ़्तार किया। इस अवसर पर सूफ़ी बाबा मेराज अहमद जमाली, हाजी भूरे पहलवान, अल्हाज हाफिज मोहम्मद शरीफ, हाजी शेख ज़मील नियाज़ी, सरदार अब्दुल हकीम बाबा, राजीव बडेरिया, गुड्डू नबी, इश्तियाक अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। सर्वधर्म रोज़ा अफ़्तार में हिंदू एवं मुस्लिम समुदाय की सहभागिता से आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया गया। संयोजक मतीन अंसारी ने कहा कि अफ़्तार-ए-आम का उद्देश्य समाज में एकता, अमन और इंसानियत को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान देश में शांति, खुशहाली और तरक्की के लिए विशेष दुआ की गई। इधर फूटाताल स्थित शिया जामा मस्जिद ज़ाकिर अली फूटाताल में भी रमज़ान के पवित्र महीने में रोज़ाना सामूहिक



अफ़्तार का सिलसिला जारी है। मस्जिद परिसर में बड़ी संख्या में रोज़ेदार इबादत और अफ़्तार में शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर मौलाना हैदर मेंहदी द्वारा बच्चों और युवाओं के लिए दीनी तालीम का विशेष कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, जिसमें क़ुरआन की तिलावत, बुनियादी इस्लामी शिक्षा और अच्छे अख़लाक़ की सीख दी जा रही है। वहीं आगा चौक स्थित हजरत आगा मोहम्मद साहब की दरगाह में सातवें रोज़े के मौके पर हजरत किब्ला शाह मिर्जा इख्तियार हुसैन कादरी चिश्ती निजामी रहमतुल्लाह अलैह का चौदहवाँ उर्स बड़े अदब व एहतराम के साथ मनाया जाएगा। असर की नमाज़ से पूर्व मजार शरीफ पर चादरपोशी की रस्म अदा की जाएगी, जिसके बाद रोज़ेदारों के लिए विशाल अफ़्तार-ए-आम का आयोजन होगा। दरगाह के मुतवल्ली सैय्यद लियाकत अली, सेक्रेट्री मोहम्मद रफीक खान एवं सैय्यद साबिर अली ने तमाम रोज़ेदारों और अकीदतमंदों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। क्षेत्र में रमज़ान के पावन अवसर पर धार्मिक उत्साह और आपसी भाईचारे का वातावरण बना हुआ है।



# तमिल संघम संभाग की नवीन कार्यकारिणी गठित

**जबलपुर।** तमिल संघम संभाग की नवीन कार्यकारिणी गठित कर संभाग के पदाधिकारी अध्यक्ष व्ही. रवि पिल्लई, सचिव के. विक्की स्वामी, कोषाध्यक्ष नितेश पिल्ले, उपाध्यक्ष कामराज पिल्ले, संरक्षक मोहन स्वामी, आर किशन पिल्ले, मंदी अनर्गल अन्ना, सभी को सर्व सहमति से नियुक्त किया गया। सामाजिक अपेकक्षाकृत रहेगा कि आप सभी समाज के कार्य क्षेत्र को और बड़े रूप में नौ जिलों में समाज को एक सूत्र में बांधकर तमिल समाज को नवीन पहचान प्रदान कर समाज को सर्वोच्चता प्रदान करने का प्रयास करेंगे, इन्हीं अपेक्षा के साथ आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर उमेश पिल्ले, ज्योतिराम रेड्डी, सुभाष पिल्ले, पुष्पराज राजू, राजकुमार पिल्लई, राजाराम पिल्ले, दशरथ पिल्ले, अशोक स्वामी, अरुण पिल्ले, आकाश नायडू, वेणुगोपाल, देवेंद्र स्वामी, राकेश आर्मी, राजकुमार स्वामी, आशीष पिल्लई, पारस पिल्ले, अनिल स्वामी, राजेश पिल्ले कन्ना, राकू स्वामी मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग की छवि धूमिल करने वालों के विरुद्ध कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा 26 फरवरी को संभागीय आयुक्त एवं कलेक्टर जबलपुर को ज्ञापन देकर स्वास्थ्य विभाग की छवि धूमिल करने वालों के विरोध में ज्ञापन सौंपा गया। बताया गया विभाग में कतिपय कार्यरत कुछ अधिकारी, कर्मचारी अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए विभाग में ही कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों के व्यक्तिगत दस्तावेज जो कि अत्यंत गोपनीय होते हैं, कुछ कर्मचारियों के द्वारा चोरी-छिपे व अन्य माध्यम से कार्यालय से चुराकर, कर्मचारियों के दस्तावेजों में कमी निकालकर, उन्हें बाहरी व्यक्तियों को देकर ब्लेकमेल कर लाखों रुपये की मांग कर रहे हैं, पैसा न देने पर समाचार पत्रों में प्रकाशित कराकर या वकीलों के माध्यम से लीगल नोटिस जारी कर दबाव बना रहे हैं। अतः ऐसे अधिकारी, कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। ज्ञापन के दौरान मप्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव अजय कुरील, जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र वर्मा, सचिव कमलेश कोरी, कोषाध्यक्ष अमित पटेल, बृजेश मिश्रा, रविशंकर कोष्टा, विकास श्रीवास्तव, रोहित डागर, मधुर कपूर, सौरभ चोहटेल, शिवम कुमार, शिवम सिंह, विकास साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।



# केंट सीईओ नियमों की अनदेखी कर करा रहे जनविरोधी कार्य!

**जबलपुर।** सदर में एक विशाल संयुक्त गैर राजनीतिक बैठक एडवोकेट द्वारका प्रसाद वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से एक सलाहकार समिति बनाई गई। बैठक में बताया गया कि केंट सीईओ द्वारा छावनीवासियों पर अंग्रेजों के जमाने का तानाशाही पूर्वक मकानों का टैक्स 1000 गुना बढ़ाया जा रहा है। नियम विरुद्ध सदर रोड पर हाईटेंशन लाइन के नीचे एवं पानी की पाइप लाइन के ऊपर यूनिपोल लगाये जा रहे हैं, जो भविष्य में आंधी-तूफान से उखड़कर अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं, जिसके विरोध में छावनी जन आंदोलन समिति का गठन किया गया, उक्त समिति छावनी वासियों, व्यापारियों, किसानों की समस्या का समाधान करने संघर्षरत रहेगी। बैठक में एड. प्रवण अवस्थी, अभिषेक चौकसे, नकुल गुप्ता, कन्हैया तिवारी, एड. द्वारका वर्मा, सुंदर अग्रवाल, पंकज गुप्ता, हरीश केशरवानी, डॉ. अजय वाधवानी, सतीश अग्रवाल, डॉ. ऋषि बावरिया शरद शर्मा, दिनेश कुशवाहा, आनंद पासी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# मप्र तैलिक साहू महिला मंडल का फागोत्सव व सम्मान समारोह संपन्न



**जबलपुर।** सामाजिक समरस भाव को लेकर तैलिक साहू महिला सभा द्वारा "फागोत्सव के रंग सखी सहेलियों के संग" कार्यक्रम आकर्षक वेशभूषा, नृत्य, गायन और संगीत स्पर्धा के साथ अग्रवाल लॉन शीतलपुरी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने राधा-कृष्ण मिलन की सजीव झांकी प्रस्तुत की। महिलाओं ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ फागोत्सव की थीम पर आकर्षक खेलों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर साहू महिला मंडल द्वारा श्रीमती आभा साहू को मप्र तैलिक साहू महासभा का पुनः अध्यक्ष नियुक्त कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष आभा साहू ने स्वावलंबन की दिशा में कार्य करने वाली सभी सजातीय महिलाओं के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर नम्रता साहू ने नीतू-आशीष साहू को महिला मंडल का कार्यभार सौंपा। कार्यक्रम के अनूठे अंदाज में महिलाओं ने अपने जीवनसाथी (पतियों) के साथ पारंपरिक वेशभूषा में बृज की होली का आनंद लिया। इस अवसर पर डॉ. निशा सीपी, रानी दिलीप, रजनी कैलाश, ममता राधेश्याम, विमला राकेश, सरिता रंजीत, नीतू आशीष, ममता विनोद, प्रीति गोविंद, कविता प्रशांत, आराधना सुधांशु, अर्चना सुधीर, चंद्रकांता विनोद, उल्का अशोक, एकता दीदी, जया बृजेश, रेखा प्रहलाद, भारती सुमित, प्रीति राज, निधि दिलीप साहू ने फागोत्सव में सहभागिता की। आभार प्रदर्शन नम्रता, नीतू साहू ने किया।

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/1494/अ-6/2025-26
**आम इश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बीजू जॉन जेकब, बेनू जॉन एवं बेन्नी जॉन एवं माँ श्रीमति ग्रेस जॉन पिता स्व. जॉन अब्राहम नि.-509 भसीन रेसीडेन्सी जैक्सन होटल सिविल लाईन ने नजूल ब्लाक नं.-22 प्लाट नं.-6/32 रकवा 446 व.फु./हे. ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा 446 व.फु./हे. पर विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक- 24/03/1994 मृत्यु दिनांक- 12/05/2023 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।
प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.-22 प्लाट नं.-6/32 रकवा-446 व.फु.हे. / ग्राम-सिविल स्टेशन प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा-446 व.फु./हे. पर स्व. जॉन अब्राहम के नाम दर्ज है।
अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 05/03/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
इश्तहार आज दिनांक 17/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक-17/02/2026
पेशी दिनांक-05/03/2026
मुद्रा
तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

# अनुसूचित जाति अधिकारी की प्रताड़ना पर कलेक्टर को ज्ञापन

**जबलपुर।**

अनुसूचित जाति अधिकारियों के साथ कथित जातिगत उत्पीड़न के मामले में एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स), नगरीय निकाय प्रकोष्ठ, नगर निगम जबलपुर द्वारा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। संघ ने आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारी राजेश साकेत एवं बृजेश कुमार जाटव के साथ विभागीय वरिष्ठ अधिकारी प्रमोद कुमार मिश्रा द्वारा कथित रूप से जातिगत भेदभाव, मानसिक उत्पीड़न, वेतन अवैधानिक रूप से रोकना तथा खुले रूप से धमकी देने जैसी गंभीर घटनाएं की गई हैं। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि यह केवल प्रशासनिक अनियमितता नहीं, बल्कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। लगातार मिल रही कथित धमकियों के कारण पीड़ित



अधिकारी एवं उनके परिवार भय और मानसिक तनाव में जीवन यापन करने को विवश हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि आरोपी अधिकारी के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, रोका गया वेतन तुरंत जारी किया जाए, पीड़ित अधिकारियों एवं उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए तथा मामले की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच सुनिश्चित की जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन उच्च न्यायालय एवं अन्य संवैधानिक मंचों की शरण लेने को बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष अमित मेहरा, अक्षय करी, गुलशन जबलपुरी, राजेंद्र पटेल, मन्नू पटेल (एडवोकेट), दीपक नरसम्मालु, राम भैया, कोयरी नायडू, श्रीनिवास्लु रामाराव, अशोक वर्मा मागरदे, महेंद्र मलिक, राहुल आदित्य, सत्यम सैमुअल, प्रहलाद बर्मन, विजय सेन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## गोहलपुर पुलिया चौड़ीकरण पर महापौर से चर्चा आज

**जबलपुर।** गोहलपुर पुलिया के चौड़ीकरण के संबंध में महापौर, अध्यक्ष तथा एमआईसी के सदस्यों ने 10 जनवरी को मौका निरीक्षण किया था तथा घोषणा की गई थी कि मार्च में कार्य की शुरुआत होगी, लेकिन फरवरी माह अब समाप्त हो रहा है, फिर भी वर्क आर्डर जारी नहीं हुआ है। अतः नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच की पुनः 27 फरवरी को प्रातः 10 बजे से महापौर निवास पर चर्चा आयोजित है।

## अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

**जबलपुर।** दस्तावेजों के पंजीयन में जनसामान्य की सुविधा और राजस्व को दृष्टिगत रखते हुये राज्य शासन ने होली के अवकाश को छोड़कर माह मार्च में शनिवार और रविवार सहित सभी सार्वजनिक अवकाश के दिनों में पंजीयन कार्यालयों को खुले रखने के आदेश दिये हैं। शासन द्वारा जारी आदेशानुसार जबलपुर जिले में भी मार्च माह में होली के अवकाश को छोड़कर शनिवार और रविवार सहित सभी सार्वजनिक अवकाश के दिनों में शासकीय कार्य एवं दस्तावेजों के पंजीयन के लिये वरिष्ठ जिला पंजीयक कार्यालय, जिला पंजीयक और उप पंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे।

## जुए के फड़ पर छापा, 5 गिरफ्तार

**जबलपुर।** लार्डगंज पुलिस ने पैट्रोलिंग के दौरान होटल विराज के पीछे एमएच रेसीडेंस के बाजू में चल रहे एक जुए के फड़ पर छापा मारकर 5 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगद 7 हजार 100 रुपए जब्त किए है।

**बिजनेस साइट**

# फ्लेक्सीकैप इन्वेस्टिंगः एडजस्ट करने की क्षमता को निवेश की मुख्य ताकत बनाना

**जबलपुर।** इक्विटी इन्वेस्टिंग उन लोगों को फायदा पहुंचाता है जो मार्केट के अलग-अलग फेज में निवेशित रह सकते हैं, फिर भी यह सफर शायद ही कभी सीधा होता है। मार्केट उम्मीद, अनिश्चितता, ज्यादा और करेक्शन से गुजरते हैं। ऐसे माहौल में, एक ऐसा निवेश अप्रोच जो अनुशासन छोड़े बिना एडजस्टमेंट की इजाजत देता है, बहुत कीमती हो जाता है। फ्लेक्सीकैप इन्वेस्टिंग इस जरूरत को पूरा करता है क्योंकि यह फ्लेक्सिबिलिटी के साथ-साथ डायवर्सिफिकेशन भी देता है।

फ्लेक्सीकैप इन्वेस्टिंग में बिना किसी सख्त लिमिट के लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक्स में पूंजी लगाना शामिल है। पोर्टफोलियो में शामिल शेयर्स का मूल्यांकन, आय की स्पष्ट संभावनाएं और बाजार के हालात के आधार पर बदल सकता है। जब स्थिरता को प्राथमिकता दी जाती है, तो लार्ज कंपनियों में एक्सपोजर बढ़ सकता है। जब ग्रोथ के मौके बढ़ते हैं, तो मिड और स्मॉल कैप में एलोकेशन काफी बढ़ सकता है। ज्यादातर व्यक्तिगत निवेशकों के लिए, इस रणनीति को अकेले लागू करना मुश्किल है। कई सेक्टर को ट्रैक करना, संबंधित मूल्यांकन का अंदाजा लगाना और एलोकेशन में बदलाव का समय तय करने के लिए समय और विशेषज्ञता की जरूरत होती है। फ्लेक्सीकैप म्यूचुअल फंड इस प्रक्रिया को आसान बनाते हैं। ये फंड प्रोफेशनल मैनेजर को रेगुलेटरी जरूरतों के हिसाब से कम से कम 65 प्रतिशत इक्विटी एक्सपोजर बनाए रखते हुए, मार्केट कैप में एक्सपोजर को सक्रियता से एडजस्ट करने देते हैं, जिससे पोर्टफोलियो इक्विटी पर केन्द्रित रहता है।



मिथुन चक्रवर्ती
संस्थापक, साई इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंशियल सर्विसेज ग्रुप, जबलपुर

फ्लेक्सिकैप फंड की एक खास ताकत मार्केट साइकिल को असरदार तरीके से मैनेज करने की उनकी क्षमता है। हर मार्केट-कैप सेगमेंट अलग-अलग फेज में अलग-अलग प्रदर्शन करता है। लार्ज कैप अक्सर उतार-चढ़ाव वाले समय में लचीलापन देते हैं, जबकि मिड और स्मॉल कैप आर्थिक बढ़ोतरी के दौरान आगे रहते हैं। फ्लेक्सिकैप फंड इन साइकिल के साथ तालमेल बिठाने के लिए, अपनी पोजीशन को दोबारा से व्यवस्थित कर सकते हैं, जिससे समय के साथ पोर्टफोलियो की उतार-चढ़ाव को कम करने में मदद मिलती है। एक और फायदा डायवर्सिफिकेशन के जरिए जोखिम मैनेजमेंट है। कैटेगरी-स्पेसिफिक फंड के उलट, जिन्हें एक तय दायरे में ही निवेशित रहना होता है, फ्लेक्सिकैप फंड सेगमेंट में एक्सपोजर फैलाकर कंसंट्रेशन जोखिम को कम करते हैं। यह संतुलन किसी एक मार्केट ट्रेंड पर बहुत ज्यादा निर्भरता के बिना स्थिर कंपाउंडिंग का समर्थन करता है।

फ्लेक्सिकैप इन्वेस्टिंग उन निवेशक के लिए सही है जिनका लॉन्ग-टर्म नजरिया और मीडियम से हाई-रिस्क लेने की क्षमता है, और यह एक ही इक्विटी रणनीति के अंदर एडजस्ट करने की क्षमता और डायवर्सिफिकेशन देता है।

इसका एक उदाहरण आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फ्लेक्सिकैप फंड है। यह फंड एक प्रभावशाली निवेश सोच को अपनाता है, जो बदलते बाजार के हालात के हिसाब से मार्केट सेगमेंट में अपना एलोकेशन बदलता रहता है। यह फ्रेमवर्क इसे मार्केट के अलग-अलग फेज में मौकों का फायदा उठाने में मदद करता है, साथ ही जोखिम को नियंत्रण में रखने के लिए डायवर्सिफिकेशन बनाए रखता है। इसने एक अच्छा निवेश अनुभव दिया है, एक साल में 9.91 प्रतिशत, तीन साल में 18.93 प्रतिशत और शुरुआत (जुलाई 2021) से 31 जनवरी, 2026 तक 15.19 प्रतिशत का सीएजीआर दिया है।

# मिंत्रा 19वें जन्मदिन पर लेकर आया बर्थडे ब्लास्ट




जबलपुर। अग्रणी फैशन, ब्यूटी और लाईफस्टाईल डेस्टिनेशंस में से एक मिंत्रा 19वें जन्मदिन पर मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट (एमबीबी) लेकर आया है। यह ईवेंट 28 फरवरी से शुरू होगी। मिंत्रा इनसाईडर कस्टमर्स को 24 घंटे पहले यानी 27 फरवरी से इसकी अरली एक्सेस मिल जाएगी। इस एडिशन में फैशन, ब्यूटी और लाईफस्टाईल श्रेणियों में 20,000 से अधिक इंटरनेशनल और मेड-इन-इंडिया ब्रांड्स के 6 मिलियन से अधिक स्टाईल उपलब्ध होंगे। शादियों के सीजन और ईद एवं होली जैसे त्योहारों को देखते हुए इस एडिशन में मेंस और वीमेंस एथनिक वियर, ब्यूटी और पर्सनल केयर एवं वॉच और वियरेबल्स की श्रेणियों में तेजी रहने की उम्मीद है। वीमेंस और मेंस वेस्टर्न वियर, मेंस एपरेल, स्पोर्ट्स वियर, और स्प्रिंग-समर एसेंशियल्स में भी अच्छी मांग रहेगी क्योंकि नए सीज़न में शॉपर्स अपनी वारड्रोब को रिफ्रेश करते हैं। इस दौरान लोगों से मिलना-जुलना बढ़ने और ट्रैवर बढ़ने के कारण ट्रैवल एसेंशियल्स, फुटवियर, किड्स वियर, एक्सेसरीज़ और उपहारों की श्रेणियों में भी मांग बढ़ेगी।जिन ब्रांड्स की मांग ज्यादा रहने की उम्मीद है, उनमें एचएंडएम, नाईक, मैंगो, लेवीज़, यू.एस. पोलो एसोसिएशन, अनूक, लिबास, स्काईबैग्स, सेरावे, बाथ एंड बॉडी वर्क्स और मैक शामिल हैं।'मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट देश में लाखों लोगों के साथ अपने सफर को खुशनुमा बनाने के लिए हमारी एक खास ईवेंट है। मिंत्रा के 19 वर्ष पूरे होने पर, हम अपने ग्राहकों के प्यार और हजारों ब्रांड पार्टनर्स के विश्वास के लिए आभारी हैं, जिन्होंने देश में फैशन के परिदृश्य में परिवर्तन लाने में मुख्य भूमिका निभाई है। जहाँ हम ई-कॉमर्स के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करते जा रहे हैं, वहीं हमारा ध्यान एक्सिलेंस बढ़ाते रहने और फैशन, ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल शॉपिंग में आधुनिक ग्राहकों के अनुभव को लगातार बेहतर बनाने पर केंद्रित रहता है।'

### ऑनलाइन गेम की लत ने उजाड़ा परिवार

# पिता ने पत्नी-बेटी को कोल्ड ड्रिंक में दिया जहर, खुद की भी जान ली

**दो लीटर की कोका कोला लाया था पिता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहडोल

ऑनलाइन गेमिंग और कर्ज के जानलेवा जाल ने एक हंसते-खेलते परिवार को खत्म कर दिया। पुरानी बस्ती इलाके में रहने वाले शंकर लाल गुप्ता (40) ने बीडीजी और एविएटर जैसे ऑनलाइन गेम्स में करीब 4 लाख रुपए हारने के बाद आत्मघाती कदम उठाया। शंकर ने अपनी पत्नी राजकुमारी और 11वीं में पढ़ने वाली बेटी स्वाति को कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पिला दिया और फिर खुद भी पी लिया। इलाज के दौरान पिता और बेटी की मौत हो गई, जबकि मां की हालत गंभीर बनी हुई है। अस्पताल में दम तोड़ने से पहले 16 वर्षीय स्वाति ने पुलिस को बताया कि पापा दो लीटर की कोका-कोला लाए थे। उन्होंने मुझे और मम्मी को दो-दो गिलास दिए, फिर खुद भी पी। बाकी ड्रिंक भाई अंशु (अनिकेत) के लिए रखने को कहा। थोड़ी देर बाद हमारी हालत बिगड़ने लगी। शंकर लाल कभी एक मोबाइल दुकान के मालिक थे, लेकिन गेमिंग की लत ने उन्हें सड़क पर लाकर खड़ा कर दिया।


शंकरलाल स्वाति राजकुमारी

# बीएसएनएल और वायासैट ने किया भारत में पहला सैटेलाइट कौशल विकास पाठ्यक्रम शुरू



जबलपुर। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल ) और वायासैट इंडिया ने 'सैटेलाइट और सैटेलाइट तकनीक के अनुप्रयोग' पर अपना पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। यह कार्यक्रम भारत रत्न भीम राव अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेलीकॉम ट्रेनिंग , जबलपुर में प्रस्तावित दूरसंचार नवाचार, अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र के तत्वावधान में शुरू किया गया है। सैटेलाइट संचार के क्षेत्र में कौशल विकास एवं उद्योग की तैयारी को बढ़ावा देने के लिए बीएसएनएल और वायासैट इंडिया ने पिछले वर्ष गठबंधन की घोषणा की थी। प्रशिक्षण के शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता बीएसएनएल के सीएमडी रॉबर्ट रवि ने की।

इस अवसर पर वायासैट के अध्यक्ष - कॉमर्शियल बेन पामर, वायासैट इंडिया के प्रबंध निदेशक गौतम शर्मा, वायासैट के उपाध्यक्ष- एडवांस्ड एनटीएन सॉल्यूशंस संदीप मूर्ति और दूरसंचार विभाग के अन्य अधिकारी भी संचार भवन में मौजूद थे। वहीं, इस समारोह के दौरान जबलपुर स्थित बीआरबीआरएआईटीटी में विद्यार्थी मौजूद थे। इस गठबंधन के तहत सैटेलाइट एवं सैटेलाइट टेक्नोलॉजी के उपयोग पर यह प्रारंभिक पाठ्यक्रम विद्यार्थियों और कॅरियर के शुरुआती दौर में काम कर रहे पेशेवरों के लिए 22 घंटे का एक वर्चुअल प्रोग्राम है। इन प्रशिक्षण सत्रों का संचालन एक्सपर्ट ट्रेनर द्वारा ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज के विद्यार्थियों, आईटी व इंजीनियरिंग के पेशेवरों और सैटेलाइट संचार एवं सैटेलाइट युक्त एप्लीकेशंस में बुनियादी ज्ञान प्राप्त करने के इच्छुक नए स्नातकों को लाभ प्रदान करना है। यह पाठ्यक्रम जबलपुर में बीएसएनएल के तत्वावधान में स्थापित विशेषज्ञ प्रशिक्षण संस्थान बीआरबीआरएआईटीटी में एक व्यापक कौशल विकास की रूपरेखा पेश करने में पहला कदम है। यह संस्थान टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए आधारभूत ढांचा और लॉजिस्टिक संबंधी सहयोग उपलब्ध कराता है।

बीएसएनएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रॉबर्ट जे. रवि ने कहाकि नवप्रवर्तन को बढ़ावा देने और देशज क्षमताओं का निर्माण करने के हमारे लक्ष्य के अनुरूप वायासैट के साथ गठबंधन के तहत हमारा प्रारंभिक पाठ्यक्रम शुरू करने को लेकर हमें वास्तव में बहुत प्रसन्नता है। भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कौशलों में पेशेवरों की अगली पीढ़ी को दक्ष करने में बीआरबीआरएआईटीटी की बढ़ती भूमिका देखकर भी हम उत्साहित हैं। अनिल कुमार भारद्वाज, डीडीजी, दूरसंचार विभाग ने कहाकि सैटेलाइट कम्युनिकेशंस (उपग्रह संचार) मॉड्यूल, संचार प्रौद्योगिकियों और उनके उपयोग के मामलों में वैश्विक तकनीकी दिग्गजों द्वारा पहले से ही संचालित किए जा रहे प्रशिक्षणों के अतिरिक्त है।

वायासैट कॉमर्शियल के अध्यक्ष-कॉमर्शियल बेन पामर ने कहा कि भविष्य के लिए तैयार सैटेलाइट संबंधी प्रतिभा की पाइपलाइन का निर्माण करना महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत अपनी डिजिटल एवं उभरती टेक्नोलॉजी की महत्वाकांक्षा को लेकर आगे बढ़ रहा है। बीआरबीआरएआईटीटी में इस प्रथम पाठ्यक्रम के साथ हमारा लक्ष्य उच्च गुणवत्ता का बुनियादी सैटेलाइट ज्ञान विद्यार्थियों और पेशेवरों की पहुंच में लाना और आगे चलकर मिश्रित वर्चुअल और क्लासरूम प्रोग्राम शुरू करना है।

*बंगाल एसआईआर : सुप्रीम कोर्ट का निर्देश*

# एडमिट कार्ड अकेले मान्य नहीं बोर्ड की मार्कशीट भी जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम स्पष्टता दी है। कोर्ट ने साफ किया है कि कागजात की जांच के दौरान कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा के एडमिट कार्ड को सिर्फ एक सहायक दस्तावेज के तौर पर देखा जाएगा। इसके साथ बोर्ड का सर्टिफिकेट लगाया जाना जरूरी है। चीफ जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की बेंच ने चुनाव आयोग के लिए पेश वरिष्ठ वकील डी एस नायडू की तरफ से उठाई गई शंका पर यह स्पष्टीकरण दिया है। नायडू का कहना था कि कोर्ट ने अपने पिछले आदेश में पहचान दस्तावेज के तौर पर आधार कार्ड और माध्यमिक बोर्ड एडमिट कार्ड के उपयोग की अनुमति दी थी। इसे लेकर भ्रम है क्योंकि चुनाव आयोग सिर्फ 10वीं के सर्टिफिकेट को बतौर दस्तावेज मान्यता देता है।

**यह कहा कोर्ट ने**

नायडू ने कोर्ट से पूछा कि क्या एडमिट कार्ड को अकेले पहचान दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। इस पर जस्टिस बागची ने कहा, 'हमने एडमिट कार्ड को भी पेश करने की अनुमति इसलिए दी क्योंकि उसमें जन्मतिथि और पिता का नाम जैसी जानकारी होती है। माध्यमिक बोर्ड की तरफ से जारी प्रमाणपत्र में यह जानकारी नहीं होती, लेकिन फिर भी एडमिट कार्ड को स्वतंत्र पहचान प्रमाण के तौर पर नहीं देखा जा सकता।'

### आरबीआई का बैकों को आदेश, ऐप से हटा लें फंसाने वाली ट्रिक्स

# बैंकों की मनमानी पर ब्रेक, अब कोई हिडन चार्ज नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत में अब बैंकों की मनमानी नहीं चलेगी। देश के रिजर्व बैंक ने अपने नए नियमों में नई गाइडलाइन बना दी है। अक्सर देखा है कि बैंकिंग ऐप खोलते ही लोन के साथ बीमा के कई नोटिफिकेशन एक साथ आ जाते हैं, साथ ही किसी सर्विस को क्लिक करते ही अनजाने में कुछ हिडेन चार्ज काट लिए जाते हैं, पर अब ऐसी समस्या का सामना ग्राहकों को नहीं करना पड़ेगा। आरबीआई ने 'रिस्पांसिबल बिजनेस कंडक्ट अमेंडमेंट डायरेक्शन 2026' के ड्राफ्ट में साफ कहा है कि बैंकों को अपनी वेबसाइटों और मोबाइल ऐप्स से सभी तरह के डार्क पैटर्न को जड़ से खत्म करना होगा।




**सर्वे में खुली पोल**

इस फैसले के पीछे लोकल सर्किल्स का एक बड़ा सर्वे है। दरअसल 388 जिलों के करीब 1.61 लाख लोगों से मिले फीडबैक में यह सामने आया कि बैंकिंग ऐप्स पर ऐसी गुमराह करने वाली ट्रिक्स आम बात हो गई हैं। इसी वजह से आरबीआई अब डिजिटल बैंकिंग को ज्यादा से ज्यादा क्लियर और सेफ बनाने के लिए लग गया है।

**जुलाई तक हटाने होंगे डार्क पैटर्न**

बैंकों को जुलाई 2026 तक डार्क पैटर्न को पूरी तरह से हटाने और नए नियमों का पालन करने का समय दिया गया है। आरबीआई द्वारा मोबाइल बैंकिंग पर लोगों की बढ़ती निर्भरता को देखते हुए ये कदम उठाया गया है, जो डिजिटल वित्तीय सेवाओं को आसान, निष्पक्ष और अधिक भरोसेमंद बनाने के लिए है।

**ग्राहकों को होगा फायदा**

आरबीआई के इस आदेश के बाद अब बैंक ऐप्स पर क्रॉस-सेलिंग यानी एक प्रोडक्ट के साथ दूसरा जबरन बेचना बंद होगा। अब बैंक को हर सर्विस के लिए आपसे मंजूरी लेनी ही होगी। जुलाई 2026 के बाद अगर कोई बैंक इन नियमों का तोड़ता है तो उस पर भारी जुर्माना भी लगाया जा सकता है। कुल मिलाकर अब स्क्रीन पर दिखने वाले डिलीट या स्किप बटन छोटे नहीं होंगे और ना ही बैंक आपको धोखे से किसी स्कीम में फंसा पाएंगे।

### शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने वाराणसी में कहा

**शंकराचार्य के खिलाफ बच्चों के यौन शोषण मामले में दर्ज हुई है एफआईआर**

# 'हिंदुत्व खतरे में है, कुछ लोग केवल ड्रेस पहनकर खुद को हिंदू बता रहे'

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

सूत्रों के मुताबिक, प्रयागराज पुलिस फिलहाल शंकराचार्य से जुड़े सबूत जुटाने में लगी है। मामला हाई-प्रोफाइल होने से पुलिस फूंक-फूंककर कदम रख रही है। माना जा रहा है, पूरी तैयारी और होमवर्क के बाद ही पुलिस शंकराचार्य या उनके शिष्यों से पूछताछ करेगी। उधर, बुधवार को शंकराचार्य ने एक बार फिर मीडिया से बात की। कहा- हिंदुत्व खतरे में है। जब केवल ड्रेस पहनकर लोग खुद को हिंदू बताने लगेंगे और बार-बार हिंदू-हिंदू कहेंगे, तो हिंदू को खतरा होना स्वाभाविक है। हिंदुत्व को हिंदुओं के बीच घुस आए ऐसे लोगों से खतरा है, जो वास्तव में हिंदू नहीं हैं। दिखावे के लिए खुद को हिंदू बताते हैं। उन्होंने कहा- एक-डेढ़ महीने से कहा जा रहा है कि और भी छात्रों का यौन शोषण हुआ है। अगर ऐसा है, तो बाकी लोगों को क्यों बचाकर रखा गया है? अगर किसी के साथ अन्याय हुआ है और सिर्फ दो लोगों से मुकदमा दर्ज कराया गया है, तो इससे पता चलता है कि इसके पीछे साजिश है। जब उन्हें मुफीद होगा, तब उन्हें पेश किया जाएगा। वहीं, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस शंकराचार्य के समर्थन में उतर आई है। प्रदेश के सभी 75 जिलों में कांग्रेस उनके समर्थन में प्रदर्शन करेगी।



### सम्मान में मिले मेडल-शील्ड गले में टांगे

# किसानों का अर्धनग्न प्रदर्शन रिंग रोड प्रोजेक्ट का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



यहां सैकड़ों किसान रिंग रोड परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण के विरोध में उतरे। अर्धनग्न होकर कलेक्ट्रेट को घेरा। गले में सम्मान के मेडल और शील्ड टांगकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान गर्मी से एक किसान बेहोश हो गया था। कलेक्टर शिवम वर्मा प्रदर्शन कर रहे किसानों को मनाने के लिए उनके पास पहुंचे। वह बागीचे में जमीन पर बैठे और उनसे बात की। उन्होंने समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। लगभग पांच घंटे बाद प्रदर्शन खत्म हुआ। किसानों का कहना है कि एक इंच जमीन नहीं देंगे। सिहंस्थ 2026 के लिए ये सब हो रहा है, जबकि 4 सड़कें पहले से हैं। रिंग रोड के दायरे में आने वाली जमीन उनकी आजीविका का मुख्य स्त्रोत है। अगर जमीन चली गई तो परिवार भूखा मर जाएगा। भरण-पोषण का संकट खड़ा हो जाएगा। किसान गौतम बंटू गुर्जर ने कहा कि पूर्वी इलाके में पहले से ही तीन-चार कनेक्टिंग रोड हैं। इनमें आरआई-2, आरआई-3 और बाईपास शामिल हैं। इससे 1,200 किसानों की जमीन पर असर पड़ रहा है।

# प्रोजेक्ट में देरी होने पर सीएम पति को विधायक पत्नी ने घेरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मेघालय विधानसभा में मंगलवार को पति-पत्नी के बीच अनोखी बहस देखने को मिली। विधानसभा में बहस के दौरान एनपीपी विधायक मेंहताब चंदी ए। संगमा ने अपने पति और मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा से पशुधन शिक्षा प्रोजेक्ट्स पर सवाल किया। अपनी पत्नी के सवाल पर सीएम ने भरोसा दिलाया कि इस प्रोसेस में तेजी लाई जाएगी। सदन में यह मुद्दा उठाते हुए, गैंबेग्रे के विधायक ने 2022 में कैबिनेट द्वारा पहली बार प्रस्तावित एक वेटेरिनरी कॉलेज, दो फिशरी कॉलेज और एक डेयरी कॉलेज की प्रोग्रेस पर क्लैरिटी मांगी, और राज्य भर के वेटेरिनरी ट्रेनिंग सेंटर्स में मैनपावर की कमी का भी जिक्र किया।

**सीएम ने पत्नी के सवाल पर दिया जवाब**

सरकार की ओर से जवाब देते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि इन इंस्टीट्यूशन्स की योजना पशुधन सेक्टर को मजबूत करने के लिए बनाई गई थी। उन्होंने कहा, 'ये तीन कॉलेज थे जिन्हें हमने जरूरत के कारण तय किया है, यह ध्यान में रखते हुए कि राज्य की एक बड़ी आबादी पशुपालन में लगी हुई है।' उन्होंने स्टाफ की कमी पर चिंता जताई और कहा, 'यह चिंता की बात है। मैनपावर की कमी को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।' उन्होंने कहा कि खाली जगहों को भरने को प्राथमिकता दी जाएगी।

## राशिफल

**मेष** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि

**कर्क** अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थितिबिन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**नई परिवहन नीति के विरोध में मालिक-ऑपरेटर्स जाएंगे हड़ताल पर**

# होली से एक दिन पहले थम जाएंगे प्रदेशभर में 28 हजार बसों के पहिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के 55 जिलों में 2 मार्च यानी होली से ठीक एक दिन पहले प्रदेशभर में बसों के पहिए थम जाएंगे। इसके चलते शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाली 28 हजारों बसें शामिल होंगी। 2 मार्च को सुबह 6 बजे से सभी बसों के पहिए थम जाने से सबसे ज्यादा असर आम यात्रियों पर पड़ेगा, जो होली में अपने घर जाएंगे। मध्य प्रदेश बस ओनर्स एसोसिएशन के महामंत्री जयकुमार जैन ने 'हरिभूमि'को बताया कि 24 दिसंबर 2025 को राजपत्र में प्रकाशित संशोधन के प्रारूप को तत्काल वापस लिया जाए या निरस्त किया जाए। इस संशोधन से प्रदेश में 12 हजार 780 परमिट वाली जबकि 7 हजार से अधिक कॉन्ट्रैक्ट वाली बसें के परमिट पहले सरकार निरस्त करने जा रही है। इसके बाद नीति के तहत सरकार 7 कंपनियों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत सभी बसों के टेंडर सौंप देगी। जिसके बाद यह कंपनी मालिक-ऑपरेटर्स से करार कर छह माह के लिए परमिट जारी करेगी।

**संशोधन से प्रदेश में 12 हजार 780 परमिट वाली जबकि 7 हजार से अधिक कॉन्ट्रैक्ट वाली बसों के परमिट पहले सरकार निरस्त करने जा रही**

**ये हैं इनकी प्रमुख मांगें?**

- 24 दिसंबर 2025 को राजपत्र में प्रकाशित संशोधन के प्रारूप को तत्काल वापस लिया जाए या निरस्त किया जाए।
- 29 जनवरी को राजपत्र में प्रकाशित संशोधन को पूर्ण रूप से समाप्त किया जाए।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है - अनुभवी सुरक्षागार्ड, गनमैन, फिल्ड ऑफिसर, सिक्युरिटी सुपरवाइसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- साई सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 8085233213, 8253010291, 722302602, 8889997826 (बिलासपुर /04/मार्च 26)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों?**

जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक

लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।

घर बैठे मंगवाये।

लाभ नही तो पैसे वापिस।

8515825081
9083218330

**पश्चिम मध्य रेल**

**इंजीनियरिंग विभाग, खुली निविदा**

निम्न लिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक**-डीआरएमडब्ल्यू-जे.बी.पी 31-2026, दिनांक 24/02/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-वरिष्ठ मंडल अभियंता (मध्य) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत दो विविध कार्य। भाग-1: सहायक मंडल अभियंता, जबलपुर उपमंडल के अंतर्गत सिहोरा रोड पर पी. डब्ल्यू. आई कार्यालय का प्रावधान, जिसमें भंडार कक्ष, कार्यशाला तथा परिधि दीवार सहित। भाग-2: सिहोरा रोड पर सहायक मंडल अभियंता, जबलपुर उपमंडल के अंतर्गत टाइप-IV के 02 इकाई तथा टाइप-III के 03 इकाई नए आवासों (क्वार्टरो) का निर्माण। **कार्य का अनुमानित मूल्य (रुपए)**-1,90,60,804/-, **बयाना राशि रुपए**-2,45,300/-, **समापन अवधि**-12 माह। **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक**-20/03/2026, **निविदा खुलने का तिथि एवं समय 15:15 बजे**-20/03/2026। उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट "https://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस वोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

(हस्ता.)

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पमरे/जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

## शब्द पहेली - 6151



**बाएँ से दाए-**

1.बेजोड़-4
4.परिचय,निशान-4
7.कला-3
9.सज्जनता,चरित्र, आदर्श-3
10.प्रथा,रिवाज-3
11.उपस्थिति-3
12.सेन्धमार-5
15.शयनागार,बेडरूम, आरामगाह-3,2
18.तड़के,सुबह सवेरे-5
20.चुगली करना-2,3
22.मैला,गंदा-3
23.रसद,आहर पदार्थ-3
25.प्रणाम,नमस्कार-3
26.तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27.स्थायी,प्राचीन-4
28.हुकूमत,राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**

2.मुलाकात,मिलाप-3
3.खून से लथपथ-5
4.लालन-पालन-5
5.सेवक,नौकर,दास-3
6.धोखेबाज-4
8.समान,एक जैसा-4
13.पंकज,जलज-3
14.आघात,चोट-3
16.भरोसा,विश्वास-3
17.कुली,पालकी वाहक-3
18.जुर्म,गुनाह-4
19.स्वदेश वासी-5
20.शतपदी, कनखजूरा-5
21.अहमक, मूर्ख-4
24.स्नान करना-3
25.सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -6150 का हल**



## सूडोकू नवताल - 6161

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 6160 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

# भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दर्ज की एकतरफा जीत

## सेमीफाइनल में पहुंचने से सिर्फ एक कदम दूर

चेन्न्नई।



भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सुपर-8 के मुकाबले को एकतरफा 72 रनों से अपने नाम करने के साथ सेमीफाइनल में पहुंचने की तरफ अपने कदम बढ़ा दिए हैं। भारतीय टीम ने आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ सुपर-8 में मिली पिछली हार को भुलाते हुए जिम्बाब्वे के खिलाफ हुए मुकाबले को 72 रनों से अपने नाम करने के साथ नेट रनरेट में भी भारी सुधार किया है। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टीम इंडिया ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में चार विकेट के नुकसान पर 256 रनों का विशाल स्कोर बनाया था। इस टारगेट का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम 20 ओवर्स में 6 विकेट के नुकसान पर 184 रनों के स्कोर तक ही पहुंचने में कामयाब हो सकी और उन्हें इस बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ जहां जिम्बाब्वे अब सेमीफाइनल में पहुंचने की रेस से बाहर हो गई है, तो वहीं टीम इंडिया को सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए अब वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले मुकाबले में जीत हासिल करनी होगी, जो एक मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाएगा।

### अर्शदीप सिंह ने गेंद से दिखाया कमाल

जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच में भारतीय टीम की तरफ से गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह का कमाल देखने को मिला। इस मैच में जिम्बाब्वे की तरफ से ओपनिंग में उतरी ब्रायन बेनेट और मरुमानी की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 44 रनों की साझेदारी की। इस जोड़ी को अक्षर पटेल ने पारी के 7वें ओवर में तोड़ा जब उन्होंने मरुमानी को 20 के निजी स्कोर पर पवेलियन का रास्ता दिखाया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे डिओन मेयर्स बल्ले से कोई खास कमाल दिखाने में कामयाब नहीं हो सके और सिर्फ 6 रन बनाकर आउट हो गए। यहां से ब्रायन बेनेट और सिकंदर रजा के बीच में तीसरे विकेट के लिए 72 रनों की साझेदारी तो देखने को मिली लेकिन तब तक उनकी हार लगभग तय हो गई थी। सिकंदर रजा के बल्ले से इस मैच में 31 रनों की पारी देखने को मिली तो वहीं ब्रायन बेनेट जो अंत तक नाबाद रहे और उन्होंने 97 रनों की पारी खेली। टीम इंडिया की तरफ से इस मैच में अर्शदीप सिंह ने सबसे ज्यादा तीन विकेट अपने नाम किए तो वहीं वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और शिवम दुबे 1-1 विकेट लेने में कामयाब रहे।

### अभिषेक और हार्दिक के बल्ले से देखने को मिली अर्धशतकीय पारी

टीम इंडिया की तरफ से इस मुकाबले में उस तरह का बल्लेबाजी प्रदर्शन देखने को मिला जिसकी उम्मीद उनसे पहले मुकाबले से की जा रही है। अभिषेक शर्मा जो पिछले चार मैचों में कुछ खास नहीं कर सके थे, उनके बल्ले से इस मैच में 30 गेंदों में 55 रनों की शानदार पारी देखने को मिली। इसके अलावा स्टार ऑलराउंडर खिलाड़ी हार्दिक पांड्या ने फिनिशर की भूमिका को काफी बखूबी अदा करते हुए 23 गेंदों में 50 रनों की पारी खेली, वहीं तिलक वर्मा के बल्ले से भी 16 गेंदों में 44 रनों की पारी देखने को मिली।

---

## खबर संक्षेप



### महिला फुटबॉल टीम ने स्वीडिश क्लब खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम ने स्वीडन के लिडिंगो स्थित बोसन नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर में स्वीडिश क्लब एनस्केडे आईके डैम के खिलाफ एक मैत्री मैच 1-1 से ड्रॉ खेला। इस मैच में सिबानी देवी नोंगमेइकापम ने 44वें मिनट में भारत को बढ़त दिलाई। एनस्केडे ने 88वें मिनट में स्कोर बराबर किया। भारत की अंडर-20 टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडर्सन ने टैबी एफके के खिलाफ पिछले मैच में 4-0 से जीत दर्ज करने वाली टीम के शुरुआती एकादश में आठ बदलाव किए। इससे पहले भारतीय टीम को हैमरबी आईएफ से 0-6 से हार का सामना करना पड़ा था।भारतीय टीम शनिवार को कार्लबर्ग्स बीके के खिलाफ एक और मैत्री मैच खेलेगी। यह दौरा इस साल के आखिर में थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप की तैयारियों का हिस्सा है।

### सिमोन बाइल्स लॉरियस की एंबेसडर बनीं



**नई दिल्ली।** सात बार ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिकी जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को लॉरियस का एंबेसडर नियुक्त किया है। इस तरह से वह लॉरियस का एंबेसडर बनने वाले कई स्टार खिलाड़ियों के समूह में शामिल हो गई हैं। इन खिलाड़ियों में भारतीय भाला फेंक के दिग्गज नीरज चोपड़ा और विश्व कप विजेता पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह भी शामिल हैं। बाइल्स ने एक विज्ञप्ति में कहा, '' लॉरियस का समर्थन करने में मुझे गर्व महसूस हो रहा है क्योंकि मैं लॉरियस के इस विचार का समर्थन करती हूं कि खेल में दुनिया को बदलने की शक्ति है। बाइल्स के नाम पर जिम्नास्टिक के इतिहास में सबसे अधिक पदक जीतने का रिकॉर्ड है। उन्होंने चार बार लॉरियस की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार भी हासिल किया है।

### सिंगापुर के पूर्व हॉकी खिलाड़ी फारूक मैरिकन का निधन



**सिंगापुर।** सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व हॉकी खिलाड़ी और मैनेजर फारूक मैरिकन अली का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वह 80 बरस के थे। देश के खेल समुदाय ने अली के निधन पर दुख जताया जो हॉकी को 'जीते थे' और अपने खिलाड़ियों का बहुत ख्याल रखते थे। फारूक के परिवार में 68 साल की पत्नी जैसिंटा एरियोला और 42 साल की बेटी शाईन मैरिकन हैं। दिग्गज पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ फारूक डिफेंडर की भूमिका में खेलते थे और 1968 से 1971 तक राष्ट्रीय टीम के लिए खेले। उन्होंने 1982 से 2000 के दशक तक सिंगापुर की पुरुष टीम के मेनेजर की भूमिका निभाई।

---

**टी-20 विश्व कप 2026 : दक्षिण अफ्रीका ने 176 रन का लक्ष्य 17वें ओवर में ही कर लिया हासिल**

# दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को हराते हुए सेमीफाइनल की ओर बढ़ाया कदम

एजेंसी ▸▸| अहमदाबाद

टी-20 विश्व कप 2026 के 47वें मैच में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को 9 विकेट से हराया।

सुपर-8 के इस मुकाबले में कैरेबियाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रोमारियो शेफर्ड के अर्धशतक (51*) की मदद से 176/8 का स्कोर बनाया। जवाब में प्रोटियाज टीम ने कप्तान एडेन मार्करम (82*) और क्विंटन डिकॉक (47) की पारियों की मदद से 17वें ओवर में लक्ष्य हासिल किया। सुपर-8 चरण में दक्षिण अफ्रीकी टीम ने अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मार्करम की कप्तानी वाली टीम अब ग्रुप-1 में शीर्ष पर पहुंच गई है। अब दक्षिण अफ्रीका को अपने सुपर-8 के आखिरी मैच में जिम्बाब्वे से 1 मार्च को भिड़ना है। दूसरी तरफ वेस्टइंडीज की यह टी-20 विश्व कप 2026 में पहली हार हुई। वेस्टइंडीज की टीम तालिका में फिलहाल दूसरे स्थान पर है।

### इस तरह से जीती दक्षिण अफ्रीकी टीम

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 34 रन तक अपने 4 विकेट गंवा दिए। लगातार गिर रहे विकेटों के बीच जेसन होल्डर (49) और रोमारियो शेफर्ड (52*) ने उम्दा पारियां खेली और टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में दक्षिण अफ्रीका से डिकॉक (47) और मार्करम ने 95 रन की साझेदारी की। अच्छी शुरुआत के बाद रयान रिकेल्टन (45*) और मार्करम ने टीम को आसान जीत दिलाई।



### मार्करम बने प्लेयर ऑफ द मैच

कप्तान एडेन मार्करम ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी खेली। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 14वां और कैरेबियन टीम के खिलाफ चौथा अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने केवल 27 गेंदों में पूरा किया। यह उनका टी-20 विश्व कप में छठा अर्धशतक रहा। उन्होंने डिकॉक (47) के साथ पहले विकेट के लिए 48 गेंदों में 95 रन की साझेदारी निभाई। वह 46 गेंदों में 82 रन बनाकर नाबाद रहे, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### दक्षिण अफ्रीका की जीत का भारत को मिला फायदा

दक्षिण अफ्रीका की जीत की वजह से भारत के सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना बढ़ गई है। अगर भारतीय टीम अपने बचे हुए दोनों सुपर-8 के मैच जीत जाती है तो सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी।

### शेफर्ड और होल्डर की रिकॉर्ड साझेदारी

*होल्डर और शेफर्ड ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में किसी फुल-मेंबर जोड़ी द्वारा 8वें विकेट या उससे निचले क्रम की सबसे बड़ी साझेदारी की। दिलचस्प रूप से शेफर्ड पिछली सबसे बड़ी साझेदारी में भी शामिल थे, जब उन्होंने पिछले साल शमर स्प्रिंगर के साथ 78 रन (बनाम न्यूजीलैंड, 2025) जोड़े थे। बता दें कि शेफर्ड टी-20 अंतरराष्ट्रीय में वेस्टइंडीज की 8वें विकेट या उससे निचले क्रम की 6 अर्धशतकीय साझेदारियों में शामिल रहे हैं।*

### सर्वाधिक विकेट वाले गेंदबाज बने एनगिडी

*दक्षिण अफ्रीका की ओर से लुंगी एनगिडी सबसे सफल गेंदबाज साबित हुए। उन्होंने अपने 4 ओवर में 30 रन देते हुए 3 विकेट लिए। एनगिडी के नाम अब 62 मैचों में 89 विकेट लिए हैं। उन्होंने विकेटों के मामले में तबरेज शम्सी की बराबरी की। बता दें कि शम्शी ने 70 मैचों में 89 विकेट लिए हैं।*

---

**सिर्फ 14 गेंदों में अर्धशतक!**

## वैभव सूर्यवंशी ने डीवाई पाटिल टूर्नामेंट में मचाया तहलका



एजेंसी ▸▸| नवी मुंबई

अंडर-19 वर्ल्ड कप जितवाने के बाद वैभव सूर्यवंशी का बल्ला लगातार आग उगल रहा है। आईपीएल में धमाका कर चुके इस 14 वर्षीय सनसनी ने अब डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट में अपने पहले ही मैच में तूफानी पारी खेलकर सबको हैरान कर दिया है। वैभव ने महज 14 गेंदों में अर्धशतक जड़ते हुए 19 गेंदों पर 63 रन की विस्फोटक पारी खेली।

### 12 गेंदों पर जमाए 7 चौके और 5 छक्के

नवीमुंबई में चल रहे इस टूर्नामेंट में डीवाई पाटिल ब्लू की ओर से खेलते हुए वैभव सूर्यवंशी ओपनिंग करने उतरे। इंडियन नेवी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 219 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीवाई पाटिल ब्लू को वैभव ने विस्फोटक शुरुआत दिलाई। उनके साथी ओपनर यश ढुल जल्दी आउट हो गए, लेकिन वैभव ने दूसरे छोर पर सरफराज खान के साथ मिलकर गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं।

### वैभव ने 7 चौके और 5 गगनचुंबी छक्के लगाए

वैभव ने सिर्फ 14 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जिसमें उन्होंने एक शानदार चौका लगाया। उनकी इस पारी में कुल 12 गेंदों पर बाउंड्री लगीं, जिसमें 7 चौके और 5 गगनचुंबी छक्के शामिल रहे। जब वैभव आउट हुए तब उनका स्ट्राइक रेट 331.58 का था और टीम का स्कोर 97 रन तक पहुंच चुका था। दूसरे छोर पर मौजूद सरफराज खान उस वक्त सिर्फ 6 रन ही बना पाए थे।

### अर्जुन तेंदुलकर ने भी दिखाया जलवा, जड़ा अर्धशतक

वैभव केआउट होने के बाद अर्जुन तेंदुलकर ने मोर्चा संभाला। अर्जुन ने महज 29 गेंदों में नाबाद 55 रन की पारी खेलकर टीम को आसान जीत दिला दी। उनकी पारी में 7 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। आनंद बैस ने भी 35 रन की नाबाद पारी में अर्जुन का साथ दिया। डीवाई पाटिल ब्लू ने 19.1 ओवर में ही 225 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

---

**टी-20 विश्व कप 2026**

## पाकिस्तान टीम अब भी बना सकती है सेमीफाइनल में जगह, बशर्ते....



एजेंसी ▸▸| कोलंबो

टी-20 विश्व कप 2026 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के अभियान को बड़ा झटका लगा है। सुपर-8 चरण में मंगलवार को इंग्लैंड क्रिकेट टीम से मिली हार के बाद उसके सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें कमजोर हो गई हैं।

अब उसे खुद के प्रदर्शन से ज्यादा दूसरी टीमों के मैचों के परिणामों पर अधिक निर्भर रहना होगा। दो मैचों में सिर्फ 1 अंक होने के बावजूद पाकिस्तान टीम कुछ परिस्थितियों में सेमीफाइनल तक पहुंच सकती है।

### ऐसे हों परिणाम तो जिंदा रहेगी पाकिस्तान की उम्मीदें

पाकिस्तान का सेमीफाइनल तक पहुंचने का रास्ता काफी मुश्किल है। उसे 28 फरवरी को श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। इससे उसके 3 अंक हो जाएंगे। इसके बाद उसे न्यूजीलैंड की श्रीलंका और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ मैच में हार की दुआ करनी होगी। ऐसी स्थिति में वह श्रीलंका को हराकर सीधे सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। न्यूजीलैंड का सुपर-8 का पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ बारिश से रद्द हो गया था।

### न्यूजीलैंड के एक मैच जीतने पर क्या होंगे हालात

अगर न्यूजीलैंड टीम एक मैच जीतती है और दूसरा हारती है, तो उसके 3 अंक होंगे। ऐसे में क्वालिफिकेशन नेट रन रेट पर निर्भर करेगा। पाकिस्तान की मौजूदा नेट रन रेट (-0.461) श्रीलंका के खिलाफ उसकी जीत के अंतर को महत्वपूर्ण बनाती है। उसे श्रीलंका के खिलाफ बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। इसके साथ ही यह भी उम्मीद करनी होगी कि इंग्लैंड टीम न्यूजीलैंड को बड़े अंतर से हराए। इससे न्यूजीलैंड की नेट रन रेट कम हो जाएगी।

### न्यूजीलैंड के दोनों मैच जीतने पर क्या होगा

न्यूजीलैंड अपने बचे हुए दोनों मैच जीत जाती है, तो वह इंग्लैंड के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी और पाकिस्तान सुपर-8 में अपने आखिरी मैच से पहले टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। सुपर-8 के मैचों में कोई रिजर्व डे नहीं है। ऐसे में बारिश से मैच रद्द होने पर दोनों टीमों को एक-एक अंक मिलेगा और इससे मुकाबला और भी पेचीदा हो सकता है। पाकिस्तान अपने आखिरी मुकाबले में बड़ी जीत दर्ज कर नेट रन रेट सुधारने का प्रयास करेगी।

---

## पहली बार श्रीलंका के साथ क्रिकेट मैचों की मेजबानी करेगा अफगानिस्तान

एजेंसी ▸▸| दुबई

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज की घोषणा की है।

इस सीरीज में 13 मार्च से 3 मैचों की टी-20 सीरीज और 20 मार्च से 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। ये दोनों सीरीज यूएई में खेली जाएगी। बता दें कि 2024 के बाद ये दोनों टीमें द्विपक्षीय सीरीज में आपस में भिड़ने के लिए तैयार हैं।

### श्रीलंका की मेजबानी को लेकर उत्सुक है एसीबी

एसीबी के सीईओ नसीब खान ने पहली बार श्रीलंका की मेजबानी को लेकर खुशी जताई। उन्होंने कहा, हम अपने इतिहास में पहली बार श्रीलंका की मेजबानी के लिए उत्सुक हैं। यह श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के साथ हमारे सहयोग को दिखाता है, और हम भविष्य में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट अनुभव देने के लिए जिम्मेदार हैं। श्रीलंका हाल ही में बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रहा है, और हम 2 अच्छी टीमों के बीच एक प्रतिस्पर्धी सीरीज का इंतजार कर रहे हैं।

### शारजाह और दुबई में खेले जाएंगे मैच

13 मार्च से शारजाह में पहला टी-20 मैच खेला जाएगा। इसके बाद 15 और 17 मार्च को टी-20 मुकाबले खेले जाएंगे। ये तीनों मुकाबले शारजाह में होंगे। इसके बाद 20 मार्च को होने वाले पहले मैच के साथ वनडे सीरीज की शुरुआत हो जाएगी। इसके बाद 22 मार्च और 25 मार्च को क्रमशः दूसरा और तीसरा वनडे खेला जाएगा। वनडे सीरीज के मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

---

## जोश से भरपूर न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल में पहुंचने इंग्लैंड को आज चटाना होगी धूल

एजेंसी ▸▸| कोलंबो

टी-20 विश्व कप 2026 के 49वें मैच में इंग्लैंड क्रिकेट टीम का सामना न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम से आज शुक्रवार 27 फरवरी को होगा। यह सुपर-8 चरण में ग्रुप-2 का मुकाबला होगा।

इंग्लैंड टीम 2 मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी है। अब श्रीलंका के खिलाफ जीत के बाद जोश से लबरेज न्यूजीलैंड की टीम भी इस मुकाबले को जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करना चाहेगी। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच यह मैच कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में रात 7 बजे से खेला जाएगा।

**टी-20 विश्व कप 2026 : मैच कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में सायं 7 बजे से**



### न्यूजीलैंड के खिलाफ भारी रहा है इंग्लैंड का पलड़ा

टी-20 प्रारूप में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच कुल 30 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 17 में इंग्लिश टीम ने जीत दर्ज की है, जबकि कीवी टीम केवल 10 मुकाबले जीतने में सफल रही है। 3 मुकाबले अनिर्णित रहे हैं।

---

**20 साल पहले दिए इस फैसले को सबसे विवादित निर्णयों में गिना जाता है**

# तेंदुलकर को दिया था गलत आउट, स्टीव ने मानी गलती

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वेस्टइंडीज के पूर्व अंपायर स्टीव बकनर ने लगभग 20 साल बाद स्वीकार किया है कि उनसे सचिन तेंदुलकर को लेकर गलती हो गई थी। विवादित फैसला 2003-04 की टेस्ट सीरीज में ब्रिस्बेन में खेले गए मैच के दौरान आया था।

उस मुकाबले में बकनर द्वारा तेंदुलकर को एलबीडब्ल्यू आउट दिया गया था। तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी की जोरदार अपील पर दिए गए इस फैसले को लंबे समय तक क्रिकेट इतिहास के सबसे विवादित निर्णयों में गिना जाता है। एक इंटरव्यू उन्होंने इस फैसले को अपनी गलती स्वीकार किया।

### भारत को झेलनी पड़ी थी हार

*जनवरी 2008 में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बकनर को पर्थ में होने वाले भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया तीसरे टेस्ट में अंपायरिंग से हटा दिया था। यह फैसला सिडनी टेस्ट में उनके बेहद खराब निर्णयों के बाद लिया गया, जिसमें भारत को हार झेलनी पड़ी थी।*



### तेंदुलकर फैसले से हो गए थे हैरान

*मैदान पर फैसला सुनाते ही तेंदुलकर साफ तौर पर हैरान नजर आए थे और इस निर्णय पर उन्हें यकीन नहीं हो पा रहा था। कमेंटेटर टोनी ग्रेग ने भी लाइव कमेंट्री के दौरान इसे बेहद खराब फैसला करार दिया था। बाद में सामने आए रिप्ले में स्पष्ट हुआ कि गेंद स्टंप्स के काफी ऊपर से निकल जाती है। यह तेंदुलकर के खिलाफ बकनर का कोई अकेला विवादित फैसला नहीं था, अपने करियर के दौरान उन्होंने ऐसे कई निर्णय दिए थे जो विवादित रहे।*

### तेंदुलकर के विवादित फैसले के लिए बकनर को किया जाता है याद

*लगभग 79 साल के हो चुके बकनर का अंपायरिंग करियर शानदार होने के साथ-साथ विवादों से भी जुड़ा रहा है। उन्होंने 100 से अधिक टेस्ट और वनडे मैचों में अंपायरिंग की, लेकिन तेंदुलकर के खिलाफ दिए गए विवादित फैसलों के लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। ब्रिस्बेन टेस्ट में दिया गया फैसला ऐसा ही एक मामला था, जहां गेंद साफ तौर पर स्टंप्स से बाहर जा रही थी।*

### बकनर ने क्या कहा?

*बकनर ने अपने फैसले के असर पर बात करते हुए कहा, मैंने उन्हें आउट क्यों दिया? क्या वह सच में आउट थे? ऐसे सवाल मन में आते हैं, लेकिन जिंदगी में गलतियां होती हैं। मैंने इसे अपनी गलती स्वीकार कर लिया है और जिंदगी आगे बढ़ती है। इस फैसले के बाद व्यापक बहस छिड़ गई थी। कई प्रशंसकों और विशेषज्ञों का मानना था कि सचिन को गलत तरीके से आउट दिया गया, जिससे उनकी पारी पहले समाप्त हो गई।*




विवाद खत्म
जस्टिस दिवाकर कमेटी कराएगी चुनाव

# स्टेट बार काउंसिल चुनाव की अधिसूचना आज जारी होगी

**जबलपुर। मध्यप्रदेश स्टेट बार काउंसिल (राज्य अधिवक्ता परिसर) के चुनाव को लेकर चल रहा विवाद अब पूरी तरह समाप्त हो गया है। आज चुनाव की अधिसूचना के साथ चुनाव प्रक्रिया जारी हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित जस्टिस धूलिया कमेटी ने साफ कर दिया है कि अब चुनाव प्रक्रिया में बार काउंसिल ऑफ इंडिया का कोई हस्तक्षेप नहीं रहेगा। चुनाव जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर की अध्यक्षता वाली कमेटी ही संपन्न कराएगी।**

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित जस्टिस धूलिया कमेटी ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि मप्र स्टेट बार काउंसिल के चुनाव की जिम्मेदारी जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर कमेटी के पास ही रहेगी। इसके साथ ही बार काउंसिल ऑफ इंडिया की भूमिका इस चुनाव प्रक्रिया में समाप्त हो गई है। जस्टिस दिवाकर ने चुनाव कराने के लिए जस्टिस एस.के. पालो को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। अब वही पूरी चुनावी प्रक्रिया की जिम्मेदारी संभालेंगे।



### दो दिनों तक चला नियुक्ति को लेकर विवाद

बीते मंगलवार से चुनाव अधिकारी की नियुक्ति को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई थी। एक ओर जस्टिस धूलिया कमेटी ने जस्टिस एस.के. पालो को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया था, वहीं दूसरी ओर बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने जस्टिस एन.के. मोदी को चुनाव अधिकारी घोषित कर दिया था। इस दोहरी नियुक्ति से असमंजस की स्थिति पैदा हो गई थी। बुधवार रात जस्टिस धूलिया ने सभी पक्षों की ऑनलाइन सुनवाई की। सुनवाई के बाद जस्टिस मोदी की नियुक्ति को निरस्त कर दिया गया और जस्टिस पालो की नियुक्ति को वैध माना गया।

### आज से शुरू होगी चुनाव प्रक्रिया

चुनाव अधिकारी जस्टिस एस.के. पालो ने चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया है। तय कार्यक्रम के अनुसार 27 फरवरी को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी। 16 मार्च को प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशित होगी। आपत्तियों के बाद 1 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। 8 से 10 अप्रैल के बीच नामांकन पत्र भरे जाएंगे।

### 12 मई को मतदान, 16 जून को मतगणना

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, प्रत्याशी 22 अप्रैल शाम 4 बजे तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी होगी। सबसे महत्वपूर्ण तिथि 12 मई तय की गई है, जब मतदान कराया जाएगा। मतों की गणना 16 जून को होगी। इस निर्णय के बाद मप्र स्टेट बार काउंसिल के चुनाव का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। लंबे समय से चल रही अनिश्चितता खत्म होने से अधिवक्ताओं में राहत का माहौल है। अब सभी की नजरें आगामी चुनाव प्रक्रिया पर टिकी हैं।



# रांझी में क्रिकेट सट्टा सिंडीकेट का भंडाफोड़

मास्टर आईडी देने वाले सहित 2 आरोपी

**जबलपुर।** रांझी पुलिस ने टी-20 वर्ल्ड कप मैच पर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाने वाले एक संगठित सिंडीकेट का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 4 मोबाइल फोन, 20 हजार 350 रुपये नकद और एक कार (एमपी 20 जेड जे 0030) जब्त की है।रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मेमोरी तिराहा स्थित सामुदायिक भवन के पास घेराबंदी कर डार्क ब्लू कार में बैठे आदर्श मार्केट रांझी निवासी 25 वर्षीय कृष्णा नामदेव और दर्शन तिराहा निवासी 29 वर्षीय अनमोल पटारिया उर्फ बीसू को पकड़ा गया। दोनों मोबाइल के जरिए श्रीलंका बनाम न्यूजीलैंड मैच पर सट्टा खिला रहे थे।तलाशी में कृष्णा के मोबाइल में "ऑनलाइन क्रिकेट गुरु" एप खुला मिला, जबकि अनमोल के फोन में "थर्ड आई" एप पर मैच के भाव चल रहे थे। पूछताछ में अनमोल ने बड़े बुकियों से मास्टर आईडी लेकर एजेंटों को आईडी-पासवर्ड बांटने और नेटवर्क के माध्यम से सट्टा संचालित करने की बात कबूली हैं।पुलिस ने दोनों के खिलाफ सट्टा एक्ट की धारा 4(क) व बीएनएस की धारा 112 के तहत मामला दर्ज कर अन्य फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# रादुविवि में बका लहराकर नाची युवती और गायब हो गई



**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय परिसर में एक युवती को वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा के सामने ही हाथ में बका लेकर नाचते देख वहां मौजूद लोगों में भय के साथ ही कौतूहल मच गया। इस अप्रत्याशित घटना से विश्वविद्यालय परिसर में काफी देर तक डर और तनाव का माहौल बना रहा। घटना बुधवार की दोपहर की बताई जा रही है।

इस पूरी घटना के बाद विवि प्रशासन और पुलिस के अपने अपने दावों से सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। जहां मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन का दावा है कि युवती का व्यवहार असामान्य था और वह मानसिक रूप से बीमार लग रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आई और युवती को अपने साथ ले गई। वहीं दूसरी ओर सिविल लाइन थाना प्रभारी अनूप कुमार नामदेव ने बताया कि जब तक पुलिस की टीम सूचना पाकर मौके पर पहुंची, युवती वहां से लापता हो चुकी थी, पुलिस को वह नहीं मिली। फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि हथियार लहराने वाली युवती विश्वविद्यालय की ही छात्रा है या बाहर से आई थी। बहरहाल विश्वविद्यालय परिसर में तमाम सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक युवती का हथियार लेकर प्रतिमा तक पहुँच जाना और फिर गायब हो जाना, सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

## जंगली सुअर के लिए बिछाए करंट से 2 की मौत

**जबलपुर।** चरगवां थाना अतंर्गत ग्राम उमरिया डुंगरिया में करंट लगने से 28 वर्षीय युवक के साथ ही 16 वर्षीय युवक की मौत हो गई। उक्त युवक व किशोर देर रात अपने घर वापस आ रहे थे कि रास्ते में जंगली सूअर से परेशान लोगों ने करंट का जाल बिछा कर रखा था जिसमें दोनों युवक करंट की चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल भिजवाते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।थाना प्रभारी अभिषेक प्यासी ने बताया है कि थाना क्षेत्र के किशन ठाकुर उम्र 28 वर्षीय निवासी दियाखेड़ा, गोविंद ठाकुर उम्र 16 वर्षीय निवासी उमरिया का था जो लोहे की रॉड लेकर वापस अपने घर आ रहे थे । दोनों की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई । घटना की जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# जुड़वा नवजातों की मौत पर, दोबारा जांच की मांग

## परिवारजन 5 महीनें से लगा रहे न्याय की गुहार



**जबलपुर।** खजरी खिरिया क्षेत्र के एक परिवार ने अपने जुड़वां नवजात बच्चों की मौत के मामले में दोबारा जांच की मांग की है। परिवार का कहना है कि वे पिछले पांच महीनों से न्याय के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है।

रामराज पटेल और उनकी पत्नी वंदना पटेल के अनुसार, 17 सितंबर 2025 को शहर के एक निजी अस्पताल 'मातृ ऑर्थो एंड गायनिक सेंटर' में वंदना ने दो जुड़वां बेटों को जन्म दिया था। परिजनों का दावा है कि जन्म के समय दोनों बच्चे स्वस्थ थे।कुछ घंटों बाद बच्चों में पीलिया के लक्षण दिखाई देने लगे। परिवार का आरोप है कि अस्पताल की ओर से समय पर सही उपचार नहीं दिया गया। जब हालत बिगड़ गई, तब बच्चों को दूसरे अस्पतालों में रेफर किया गया। इलाज के दौरान एक बच्चे की मौत जबलपुर में और दूसरे की नागपुर में हो गई।घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच कराई थी। विभागीय रिपोर्ट में बच्चों की मौत का कारण 'ब्लड ग्रुप संबंधी जटिलता' बताया गया है। हालांकि, परिवार इस रिपोर्ट से सहमत नहीं है। उनका कहना है कि इलाज के दौरान उन्हें बच्चों की स्थिति के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। परिजनों का आरोप है कि यदि समय पर उचित उपचार मिलता, तो शायद बच्चों की जान बचाई जा सकती थी। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से दोबारा जांच कराई जाए। साथ ही, यदि किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अस्पताल प्रबंधन और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। फिलहाल परिवार न्याय की उम्मीद में अधिकारियों से कार्रवाई की मांग कर रहा है।



# होली में बेचने के लिए घर में कर रहा था शराब का स्टॉक

ज्योतिनगर में छापा : भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त

**जबलपुर।** गढ़ा पुलिस ने होली के लिए स्टॉक की जा रही अवैध शराब का जखीरा बरामद किया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर यहां रहने वाले ज्योतिनगर निवासी हर्षित नामदेव के घर पर दबिश देकर भारी मात्रा में शराब जब्त की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी त्यौहार के दिन संभावित प्रतिबंध के दौरान अधिक दाम पर बिक्री के लिए शराब घर में डंप कर रहा है।सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बुधवार को ज्योतिनगर स्थित मकान पर छापा मारा। मौके पर आरोपी की मां मीरा नामदेव मिलीं, पुलिस पूछताछ में उन्होंने बताया कि हर्षित घर पर नहीं है। तलाशी के दौरान छत पर 105 पाव देशी शराब, 11 बोतल मैकडॉवेल, 16 पाव बैगपाइपर, 44 पाव अंग्रेजी रम बरामद की गई।

### पुलिस को देख एक्टिवा छोड़ भागा आरोपी

इसी दौरान एक ग्रे रंग की एक्टिवा (एमपी 20 एसएच 5836) घर के सामने आकर रुकी। पुलिस को देखकर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। एक्टिवा की तलाशी लेने पर सामने रखे हरे थैले में 96 पाव देशी शराब मिली। कुल मिलाकर मौके से 201 पाव देशी शराब, 71 पाव व 11 बोतल अंग्रेजी शराब तथा एक्टिवा जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी हर्षित नामदेव के खिलाफ धारा 34(2) मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश जारी है।

# खिरियाकला में बिना अनुमति बेच दिए 59 प्लॉट

अवैध कलोनाईजरों पर एफआईआर की तैयारी

**जबलपुर।** जिले की पनागर तहसील के खिरिया कला गांव में अवैध रूप से प्लॉट बेचने का मामला सामने आया है। प्रशासन की जांच में पता चला है कि खसरा नंबर 208/2/2 की जमीन पर बिना अनुमति 59 प्लॉट बेचे गए हैं। इस मामले में मजहर उस्मानी सहित अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।जांच में सामने आया है कि संबंधित लोगों ने कॉलोनी विकसित करने के लिए जरूरी सरकारी अनुमति नहीं ली थी। न तो टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएनसीपी) से मंजूरी ली गई और न ही परियोजना का पंजीयन मध्य प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (रेरा) में कराया गया। कॉलोनाइजर लाइसेंस भी नहीं था।

बताया जा रहा है कि प्लॉट काटकर खुलेआम बिक्री की जा रही थी। कॉलोनी में सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी वैधानिक स्वीकृति नहीं थी। मामला सामने आने के बाद कॉलोनी सेल ने दस्तावेजों की जांच पूरी कर ली है और संबंधित थाना क्षेत्र में रिपोर्ट दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस मामले में मोहम्मद मजहर उस्मानी, विवेक सोनी, नीलेश पटेल और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि ये लोग आर्या ग्रुप प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स के नाम से प्लॉटिंग का काम कर रहे थे।प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि प्लॉट खरीदने से पहले यह जरूर जांच लें कि कॉलोनी को सभी जरूरी अनुमतियां मिली हैं या नहीं। अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने पर भविष्य में कई समस्याएं आ सकती हैं।

# कोटा-जबलपुर-कोटा के मध्य चलेगी 02-02 ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा आगामी होली त्यौहार में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर हुए यात्रियों को सुगम, संरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे पर देश के सभी महत्वपूर्ण स्थानों के लिए बड़ी संख्या में होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से गाड़ी संख्या 09806/09805 कोटा-जबलपुर-कोटा के मध्य 02-02 ट्रिप के लिए होली स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस गाड़ी का ठहराव अंता, बारां, अटरू, सालपुरा, छबड़ा गुगोर, रुठियाई, गुना, अशोकनगर, बीना मालखेड़ी जंक्शन, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, सिहोरा रोड स्टेशनों पर रहेगा। होली स्पेशल ट्रेन कि विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है :गाड़ी संख्या 09806 कोटा–जबलपुर होली स्पेशल ट्रेन का संचालन दिनांक 01.03.2026 एवं 03.03.2026 को कोटा स्टेशन से 18.30 बजे प्रस्थान कर 19.05 बजे अंता, 19.25 बजे बारां, 19.48 बजे अटरू, 20.03 बजे सालपुरा, 20.18 बजे छबड़ा गुगोर, 21.18 बजे रुठियाई, 21.50 बजे गुना, 22.40 बजे अशोकनगर, पहुँचकर अगले दिन मध्यरात्रि 00.20 बजे बीना मालखेड़ी जंक्शन, 01.20 बजे सागर, 03.00 बजे दमोह, 05.00 बजे कटनी मुड़वारा एवं 06.05 बजे सिहोरा रोड पहुँचकर और सुबह 06.55 बजे जबलपुर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09805 जबलपुर–कोटा होली स्पेशल ट्रेन का संचालन दिनांक 02.03.2026 एवं 04.03.2026 को जबलपुर स्टेशन से 09.10 बजे प्रस्थान कर 09.40 बजे सिहोरा रोड, 10.45 बजे कटनी मुड़वारा।

# भोपाल-धनबाद ट्रेन की नियमित सेवाएं आज से

## पशिचम मध्य रेल के सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा में होगा ठहराव

जबलपुर।

रेल मंत्रालय द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 11631/11632 भोपाल जंक्शन-धनबाद जंक्शन-भोपाल जंक्शन के मध्य त्रि-साप्ताहिक एक्सप्रेस नई ट्रेन सेवा की शुरुआत की गई थी। इस त्रि-साप्ताहिक एक्सप्रेस नई ट्रेन का नियमित संचालन सोमवार, गुरुवार एवं शुक्रवार को 27 फरवरी से भोपाल जंक्शन और बुधवार, शनिवार एवं रविवार को 01 मार्च 2026 से धनबाद जंक्शन स्टेशन से पहली सेवा प्रारम्भ हो रही है। यह नई ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के विदिशा, गंजबासौदा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, खन्ना बंजारी, ब्यौहारी, मड़वास ग्राम, सरईग्राम एवं बरगवां स्टेशनों से होकर गंतब्य को जाएगी, जिसकी विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है :-



गाड़ी संख्या 11631 भोपाल जंक्शन-धनबाद जंक्शन के मध्य त्रि-साप्ताहिक (सोमवार, गुरुवार एवं शुक्रवार) एक्सप्रेस ट्रेन भोपाल जंक्शन से रात 20:55 बजे प्रस्थान कर विदिशा 21:36 बजे, गंजबासौदा 22:05 बजे, बीना 23:00 बजे, पहुँचकर अगले दिन सागर मध्यरात्रि 00:08 बजे, दमोह 01:13 बजे, कटनी मुड़वारा 02:30 बजे, खन्ना बंजारी 03:48 बजे, ब्यौहारी 04:48 बजे, मड़वास ग्राम 05:28 बजे, सरईग्राम 06:09 बजे एवं बरगवां 07:08 बजे पहुँचकर और रात 20:20 बजे धनबाद जंक्शन स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 11632 धनबाद जंक्शन-भोपाल जंक्शन के मध्य त्रि-साप्ताहिक (बुधवार, शनिवार एवं रविवार) एक्सप्रेस ट्रेन धनबाद जंक्शन से सुबह 07:20 बजे प्रस्थान कर बरगवां 19:28 बजे, सरईग्राम 20:09 बजे, मड़वास ग्राम 20:48 बजे, ब्यौहारी 21:28 बजे, खन्ना बंजारी 22:28 बजे, कटनी मुड़वारा 23:55 बजे, पहुँचकर अगले दिन दमोह 01:28 बजे, सागर 02:28 बजे, बीना 04:30 बजे, गंजबासौदा 05:11 बजे, विदिशा 05:40 बजे पहुँचकर और सुबह 07:00 बजे भोपाल जंक्शन स्टेशन पहुंचेगी।

### नई ट्रेन के हाल्ट

विदिशा, गंजबासौदा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, खन्ना बंजारी, ब्यौहारी, मड़वास ग्राम, सरईग्राम, बरगवां, सिंगरौली, करैला रोड जंक्शन, मिर्चाधूरी, ओबरा डैम, चोपन, रेणुकूट, नगर उतारी, गढ़वा, गढ़वा रोड, डालटनगंज, बरवाडीह, लातेहार, टोरी जंक्शन, खलारी, पतरातू, राँची रोड, बोकारो थर्मल, चंद्रपुरा जंक्शन एवं कतरासगढ़।

### कोच संरचना

इस ट्रेन में 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 07 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 01 एसएलआरडी, 01 जनरेटरकार कोच सहित कुल 22 एलएचबी कोच होंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240